स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, मंगलवार
2 दिसंबर, 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 37, अंक - 105 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

गावस्कर बोले कोहली के शतकों का रिकार्ड उनके बेजोड़ कद को दिखाता है



## एसआईआर पर संसद में हंगामा



नई दिल्ली। 12 राज्यों में जारी चुनाव आयोग के एसआईआर पर आज संसद में खूब हंगामा हुआ। शोरगुल के बीच राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सुचारू

- राज्यसभा में जबर्दस्त शोरगुल, लोकसभा स्थगित

कार्यवाही चलने देने की अपील की। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार राज्यों में हो रही बीएलओ की मौत के बावजूद इस संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा कि सरकार की विश्वसनीयता कटघरे में है।विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल विपक्ष एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा पर अड़ा है। वहीं विपक्ष के हंगामे के बीच मणिपुर जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा से पारित हो गया। लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के बीच फिर से शुरू हुई। मणिपुर जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने एसआईआर के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के बाद राज्यसभा सदस्यों ने सभापति की अनुमति से प्रदूषण, राज्यों में घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखने की कार्रवाई जैसे मुद्दे उठाए। गुजरात से निर्वाचित भाजपा सांसद बाबूभाई देसाई ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और इसके लिए किए जाने वाले उपायों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा, विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता। विपक्ष ड्रामा करने वालों को रोकता है कि आपने घोषणा पत्र में जो बाते कहीं हैं, उनको पूरा करिए...चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वो सभी का वोट बनाए और यह काम हम कर रहे हैं हैं ताकि हमारे वोट ना कटे...हम अपनी वोट बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं...उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में जो दिखाई दे रहा है, वो यह है कि भाजपा की रणनीति है कि जिन बूथों पर विपक्ष जीता है, उन बूथों पर सबसे ज्यादा वोट काटे जाएं।

## सदन में ड्रामा नहीं डिलीवरी चाहिए : मोदी



नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की। उन्होंने कहा, विपक्ष हाल के चुनावों में पराजय की निराशा से बाहर निकले और सदन में मजबूत मुद्दे उठाए। अगर विपक्ष चाहे तो मैं उन्हें टिप्स देने के लिए तैयार हैं कि कैसे परफॉर्म किया जाए। उन्होंने कहा- यह सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। यहां जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं। पीएम ने इसके बाद राज्यसभा में नए सभापति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया और उनके अभिवादन में स्पीच दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का अभिवादन किया। खड़गे ने इस दौरान पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि सदन को पूर्व सभापति को फेयरवेल देने का मौका नहीं मिला। खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा- आपको बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र की हार ने काफी तकलीफ पहुंचाई है। आपको अपनी तकलीफ डॉक्टर को बताना चाहिए।

## प्रधानमंत्री सबसे बड़े ड्रामेबाज : खरगे



नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया। कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में ड्रामा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से पराजय की बौखलाहट को भुलाकर संसद में सार्थक चर्चा करने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लोगों के असल मुद्दों को सुलझाने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर ड्रामेबाजी की है।

- कहा- असल मुद्दों पर चर्चा करें

## लोगों के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं : प्रियंका



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना ड्रामा है। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मोदी के बयान पर जवाब देते हुए, प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

## संसद परिसर में कुत्ता लेकर पहुंचीं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी एक कुत्ता लेकर संसद परिसर में पहुंच गईं। इस घटना पर बीजेपी सांसदों ने कड़ा विरोध जताया है। रेणुका चौधरी से जब पूछा गया कि वे कुत्ते को संसद क्यों लाई हैं, तो उन्होंने कहा- सरकार को जानवर पसंद नहीं हैं। इसमें क्या हर्ज है? उन्होंने कहा, ये छोटा और बिल्कुल नुकसान न पहुंचाने वाला जानवर है। काटने वाले और डसने वाले संसद में, कुत्ते नहीं। उनके इस कदम पर बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने नाराजगी जताई। संसद की सिक्योरिटी कंसर्न को लेकर कांग्रेस सांसद ने कहा, कौन सा प्रोटोकाल। कहीं कोई कानून बना है क्या। मैं रास्ते में आ रही थी। वहां स्कूटर और कार वाले का टक्कर हुआ। उसके आगे ये छोटा पिल्ला निकलकर सामने आ गया। ये चारों तरफ सड़क पर घूम रहा था। मैंने सोचा ये पहिए के नीचे आ जाएगा।

## 'दिल्ली समेत अन्य हवाई अड्डों पर हुआ था साइबर हमला'

नई दिल्ली। नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी।

- संसद में सरकार ने जीपीएस स्पूफिंग की बात कबूल

दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर साइबर हमला हुआ था, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले



विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने संसद में एक आंकड़ा पेश किया था। सरकार ने लोकसभा में बताया था कि नवंबर 2023 से फरवरी 2025 के बीच 465 जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र (अमृतसर और जम्मू) में दर्ज की गईं। वहीं अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में 4.3 लाख जीपीएस जैमिंग और स्पूफिंग घटनाएं दर्ज की गईं, जो 2023 की तुलना में 62 प्रतिशत अधिक हैं।

### क्या है जीपीएस स्पूफिंग?

जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर हमला है, जिसमें नकली सिग्नल भेजकर किसी भी डिवाइस को गलत लोकेशन दिखाई जाती है। जैसे आपके फोन की लोकेशन अचानक चार किमी दूर दिखने लगे, वैसा ही विमानों के साथ होता है। जब यह विमान के साथ होता है, तो उसका नेविगेशन सिस्टम गलत दिशा में जा सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है।

## नवंबर में 1.70 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने आज नवंबर में हुए जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए हैं। नवंबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.70 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। सालाना आधार पर इसमें 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी नवंबर 2024 में सरकार ने 1.69 लाख करोड़ रुपए जीएसटी का संग्रह किया था। वहीं पिछले महीन अक्टूबर के मुकाबले नवंबर का कलेक्शन 26 हजार करोड़ रुपए घटा है।

अक्टूबर में सालाना 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1.96 लाख करोड़ रुपए जीएसटी वसूला गया था। इससे पहले अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में जुटाए गए थे।

## सीबीआई देशभर के डिजिटल अरेस्ट केस की जांच करेगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच

- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- राज्य सरकारें जांच एजेंसी की मदद करें
- कहा- ये तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम

की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट



मामलों में लगभग 3 हजार करोड़ की ठगी का पता चला है। अदालत ने इसे आयरन हैंड से निपटने लायक गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया था। दरअसल, हरियाणा के अंबाला जिले में बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी। दंपती को सुप्रीम कोर्ट के जजों के फर्जी साइन और जांच एजेंसियों के नकली आदेश दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया था। पीड़ित ने 21 सितंबर को सीजेआई बीआर गवई (पूर्व सीजेआई) को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में खुद से एक्शन लिया था।

## मुंबई में भी ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू

मुंबई। बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते देश की वित्तीय राजधानी मुंबई की भी सांसें फूल रही हैं। ऐसे में सरकार

- प्रदूषण वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्यों पर रोक

ने मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। इसके साथ ही मुंबई भी दिल्ली के साथ उन शहरों की सूची में शामिल हो गया है, जहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं। बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है। 50 से ज्यादा निर्माण स्थलों को काम रोकने के नोटिस जारी किए गए हैं। बेकरी और मार्बल कटिंग यूनिट्स समेत छोटे उद्योगों को साफ प्रक्रिया अपनाने या फिर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के तरीकों को लागू करने और उत्सर्जन पर नजर रखने के लिए हर वार्ड में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए हैं। इन स्क्वॉड में इंजीनियर, पुलिसकर्मी और जीपीएस- ट्रैक गाड़ियां शामिल हैं और ये प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

## दिल्ली विस्फोट : कश्मीर-लखनऊ में आठ जगहों पर एनआईए की रेड

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली/लखनऊ। दिल्ली आतंकी ब्लास्ट मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला। लखनऊ में दिल्ली ब्लास्ट की मास्टरमाइंड डॉ. शाहीन सईद के घर सोमवार सुबह हद्ब की टीम पहुंची। एनआईए टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। डॉ. शाहीन का घर लखनऊ के लालबाग में है। यहां उसके पिता सईद अंसारी रहते हैं। घर जांच के दौरान बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। उधर लोगों का आना-जाना लगभग बंद हो गया। एनआईए की टीम अंदर गई उसके पिता सईद अंसारी से काफी देर तक बातचीत की। बताया जा रहा था कि एनआईए की टीम अपने साथ डॉ. शाहीन को भी लेकर लखनऊ आई थी, लेकिन ऐसा नहीं है। शाहीन के पिता सईद अंसारी का कहना है कि उन्हें अब भी भरोसा नहीं होता कि उनकी बेटी किसी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल हो सकती है। दोबारा छापेमारी के बाद परिवार में तनाव और बढ़ गया है। गौरतलब है कि डॉ. शाहीन के परिवार से पूछताछ का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले यूपी एसटीएफ, दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस भी शाहीन के घर पर जानकारी जुटा चुकी हैं। मुख्य आरोपी मुज्जमिल से निकाह की बात सामने आने के बाद से ही एजेंसियां शाहीन की भूमिका को लेकर सतर्क हो गई थीं। एजेंसी के अनुसार, एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई।

- आतंकी शाहीन और ड्रोन हमलों की प्लानिंग करने वाले बिलाल के घर तलाशी की

### पुंछ में वीपीएन सेवाएं बंद

पुंछ जिले में सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से सभी वीपीएन सेवाएं दो महीने के लिए बंद कर दी हैं। आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में बढ़ी सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह फैसला जरूरी था। अधिकारियों के मुताबिक, वीपीएन के जरिए जानकारी बाहर जाने और संदिग्ध गतिविधियों के बढ़ने का खतरा था। इसलिए पूरे जिले में वीपीएन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दरअसल वीपीएन एक ऐसा एप या सर्विस होती है जो आपके मोबाइल/कंप्यूटर की इंटरनेट लोकेशन और पहचान छिपा देती है। जब आप वीपीएन ऑन करते हैं, तो आपका इंटरनेट किसी दूसरे देश या दूसरी जगह से चलता हुआ लगता है।

### अल फलाह के मालिक को 14 दिनों की हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की साकेत कोर्ट ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जावेद सिद्दीकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जावेद सिद्दीकी, जिन्हें अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक के रूप में जाना जाता है। हाल ही में दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद जांच एजेंसियों ने कुछ आरोपों के चलते जावेद को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद जावेद सिद्दीकी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि अब उन्हें जेल में रहना होगा और इस दौरान जांच एजेंसी पूछताछ करेगी।

अल फलाह यूनिवर्सिटी का मालिक जावेद अहमद सिद्दीकी (61) तीन वर्ष जेल में बंद रह चुका है। वह पहले चिट फंड का काम करता था। उसके बाद उसने लोगों को पैसे नहीं दिए थे। उसके खिलाफ 14 से 15 प्राथमिकी दर्ज हुई थीं। माना जा रहा है कि उसने इन पैसों से यूनिवर्सिटी को खड़ा करने में लगाया। हालांकि बाद में उसने सभी लोगों का पैसा लौटा दिया। वह सभी केसों से बरी हो गया था।

## कोलकाता में बीएलओ का जोरदार प्रदर्शन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी। चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

## सात समंदर पार से आए लाखों 'फ्लेमिंगो' पक्षी

कच्छ (गुजरात)। गुजरात के कच्छ के रण में ठंड की दस्तक के साथ ही सायबेरिया, ईरान और यूरोप से विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। ठंड की शुरुआत में ही यहां 1 लाख से अधिक

- गुजरात में कच्छ का रण हुआ गुलाबी
- इस बार रिकॉर्ड 3 लाख पहुंच सकती है इनकी संख्या

फ्लेमिंगो का जमावड़ा हो चुका है। गुलाबी पंखों वाले फ्लेमिंगों की इस भीड़ से कच्छ का रण का नजारा भी गुलाबी हो गया है।पूर्वी कच्छ वन विभाग के मुख्य अधिकारी आयुष वर्मा ने बताया कि अभी तो इन विदेशी मेहमानों के आगमन का सिलसिला शुरू ही हुई है। दिसंबर के अंत तक इनकी संख्या तीन लाख तक पहुंच सकती है, जो कि पूरे कच्छ का सबसे अनोखा नजारा होगा।



**कच्छ को कहा जाता है फ्लेमिंगो सिटी**

साइबेरिया, ईरान और यूरोप के ठंडे प्रदेशों से फ्लेमिंगो कच्छ के रण में हर साल सर्दियां बिताने आते हैं। इनके साथ पेंटास्टॉर्क, सफेद और गुलाबी रंग के लेसर व ग्रेटर सहित कई विदेशी पक्षी भी आते हैं। इन्हें देखने के लिए विदेशी मेहमान भी कच्छ आते हैं। गुजरात का रण ऑफ कच्छ खासतौर पर फ्लेमिंगो पक्षियों के प्रजनन स्थल के लिए मशहूर है। इसीलिए इसे फ्लेमिंगो सिटी भी कहा जाता है। सर्दियों के दौरान लाखों की संख्या में गुलाबी पंखों वालों फ्लेमिंगो इस दलदली क्षेत्र को गुलाबी रंग से भर देते हैं।

## अध्ययन : खून के अणुओं से कम होगी उम्र बढ़ने की रफ्तार

नई दिल्ली। वैज्ञानिकों ने खून में पाई जाने वाली एक कम-पहचानी बैक्टीरिया प्रजाति से बने नए एंटी-एजिंग यौगिक खोजे हैं। यह खोज

- अधिक जवां दिखेगी त्वचा

भविष्य में नई स्किन-रिजुवनेशन थेरेपी यानी त्वचा को फिर से जवां करने के तरीकों की राह दिखा सकती है। इन यौगिकों को इंडोल मेटाबोलाइट्स कहा जाता है। इन यौगिकों लैब में तैयार त्वचा कोशिकाओं में सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और कोलाजेन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि को कम किया। शोधकर्ताओं के मुताबिक यह भविष्य की स्किन थेरेपी का अप्रत्याशित स्रोत बन सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि शरीर खुद ऐसे अणु बनाता है जिनमें प्राकृतिक एंटी-एजिंग क्षमता होती है। खून में रहने वाले एक बैक्टीरिया के बनाए गए ये तीन शक्तिशाली अणु मानव त्वचा कोशिकाओं में सूजन और कोशिकाओं के नुकसान को कम करने में सक्षम पाए गए। यह शोध अध्ययन अमेरिकन केमिकल सोसायटी और अमेरिकन सोसायटी ऑफ फार्माकोग्नॉसी के जर्नल ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट्स में छपा है। इनमें से तीन इंडोल, जिनमें दो नए थे, ने तनावग्रस्त कोशिकाओं में प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों को कम किया, जबकि बगैर इलाज वाली कोशिकाओं में यह अधिक था। इन्हीं यौगिकों ने दो सूजन बढ़ाने वाले प्रोटीन और एक कोलाजेन तोड़ने वाले प्रोटीन के स्तर भी कम किए। इन शुरुआती परिणामों के आधार पर, वैज्ञानिकों का कहना है कि ये नए इंडोल मेटाबोलाइट भविष्य में ऐसे इलाज विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो त्वचा पर उम्र बढ़ने के प्रभावों को कम करें।

### खून में रहने वाले बैक्टीरिया खोल सकते हैं सेहत के राज

वैज्ञानिकों को अभी भी यह कम समझ है कि खून में घूमने वाले बैक्टीरिया के उप-उत्पाद (मेटाबोलाइट्स) इंसानी सेहत पर कैसे असर डालते हैं। इनमें से इंडोल यौगिक खास तौर से अहम हैं क्योंकि यह बुढ़ापा रोधी, सूजन रोधी और सूक्ष्मजीव रोधी प्रभाव वाले गुण रखता है। वैज्ञानिकों ने 2015 में ऐसा ही एक खून में रहने वाला बैक्टीरिया खोजा जो ये यौगिक बनाता है और उसका नाम पैराकोकस सैंगुइनिस रखा गया। इस विचार को समझने के लिए टीम ने पैराकोकस सैंगुइनिस को तीन दिन तक बड़ी मात्रा में उगाया और इसमें बने सभी मेटाबोलाइट्स (एक पदार्थ जो चयापचय में बनता है या उसके लिए जरूरी है) को निकाला।

## बुलेरो की बाइक से टक्कर, एक की मौत

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव- बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के नारायणखेड़ा निवासी अनिल अपने 14 वर्षीय बेटे संतोष और चचेरे भाई मंगे के साथ भांजे की बारात में शामिल होने हरदोई जिले के सिंधवल गांव गया था। जहां से लौटते समय बीती मध्यरात करीब बांगरमऊ संडीला मार्ग पर सई नदी पुल के निकट एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें हरदोई जिले के कासिमपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां बेटे संतोष को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया वहीं पिता अनिल और चाचा मंगे को रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर हरदोई पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चर्चा है कि टक्कर मारने वाली बुलेरो कार भी उसी बारात में गई थी।

## किसान यूनियन की बैठक, संगठन विस्तार पर लगी मुहर

स्वतंत्र भारत संवाददाता पुरवा उन्नाव- ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिपुरारपुर में बीते दिन भारतीय किसान यूनियन (बैसवारा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला ने की। उन्होंने क्षेत्र के किसानों द्वारा झेली जा रही प्रमुख समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की तथा समाधान के लिए संगठन की भूमिका को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक के दौरान संगठन विस्तार के तहत नई जिम्मेदारियाँ भी सौंपी गईं। डॉ. प्रभा शंकर शुक्ला को मंडल महासचिव लखनऊ, उमेश द्विवेदी को जिला उपाध्यक्ष, भूपेंद्र कुमार को पुरवा ब्लॉक प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष पवन शुक्ला ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों से किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने और उनके समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहने की अपील की। बैठक में जिलाध्यक्ष अनुराग सोनी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण का जनपद मे 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान अब तक कुल 99.67: गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इनमें से लगभग 75: प्रपत्र डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जनपद में कुल मतदाता 23 लाख 25 हजार 53 हैं। अब तक 23 लाख 14 हजार 873 मतदाताओं के प्रपत्र वितरित किए गए हैं। 15 लाख 76 हजार 978 मतदाताओं का सत्यापन हो चुका है। इस कार्य में जनपद के 2,501 बीएलओ और 7,210 बीएलए कार्यरत हैं, जिन्होंने घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि जनपद में 63406 मतदाता ऐसे हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है और उन्हें सूची से हटाया जा रहा है। इसके अलावा, लगभग 83 हजार 979 मतदाता ऐसे हैं जिनका पता नहीं चल सका या जो जिले के बाहर हैं। इस प्रक्रिया के तहत सभी मतदाताओं की सही पहचान सुनिश्चित करने और सूची को अद्यतन करने का कार्य जारी है। चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर फॉर्म जमा करने की तिथि 4 दिसंबर से बढ़ा कर 11 दिसंबर कर दी गयी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन व्यक्तियों ने एसआईआर फॉर्म न भरा हो वे बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म 11 दिसंबर तक भर कर जमा कर सकते है।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से, स्कूटी सवार की मौत

स्वतंत्र भारत संवाददाता नवाबगंज उन्नाव- बीती सुबह अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मिश्रीगंज गांव के पास एक दुखद सड़क हादसे में 50 वर्षीय कन्हैया लाल की मौत हो गई। कानपुर में अपने परिवार के साथ रहने वाले कन्हैया लाल पैतृक गांव सराय इंदल लौट रहे थे, तभी राजमार्ग पर गलत दिशा से आ रहे डंपर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कन्हैया लाल को तत्काल 108 एम्बुलेंस द्वारा नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मृतक के परिजनों को सूचना दी। जैसा कि यह हादसा दर्शाता है, सड़क पर सावधानी और यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है। इस दुर्घटना ने सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग की अहमियत को दोबारा सबके सामने रखा।

## जयमाल के बाद दुल्हन प्रेमी संग फरार, बिना दुल्हन लौटी बारात

स्वतंत्र भारत संवाददाता पुरवा उन्नाव- जिले के पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अजयपुर गांव में शनिवार रात वह हुआ जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। ओमप्रकाश की बेटी रेशमा की शादी क्षेत्र के ही भादिन गांव से आए दूल्हे से हो रही थी। डीजे, बैंडबाजे और रोशनी से सजा घर उत्सव में डूबा था। रस्में चलती रहीं और जयमाल की रौनक के बाद सब सामान्य लग रहा था। लेकिन भोर होते-होते खुशियों वाली यह रात सनसनी में बदल गई। भवरी की रस्म का समय आया तो दुल्हन को बुलाने के लिए परिजन कमरे में पहुँचे। कमरा खाली थाकुदुल्हन गायब! हड़कंप मच गया। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि रेशमा गांव के ही एक युवक के साथ घर छोड़कर चली गई है। पिता ओमप्रकाश ने युवक को फोन किया तो उसने रेशमा के साथ होने की बात कबूल की। खुद रेशमा ने भी फोन पर कहा कि वह अपने प्रेमी के साथ ही रहेगी और घर वापस नहीं लौटेगी। इस घटना के बाद पूरी बारात को बिना दुल्हन वापस लौटना पड़ा, जिससे दोनों परिवारों में सन्नाटा पसर गया। पीड़ित पिता ओमप्रकाश ने पुरवा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली अमरनाथ यादव ने बताया की मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# काम के बोझ और नए आदेशों से नाराज पंचायत सचिव उतरे सत्याग्रह पर




स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव- स्थानीय ब्लॉक कार्यालय परिसर में बीते दिन पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत की। इस सत्याग्रह का उद्देश्य शासन द्वारा लागू की गई एफआरएस प्रणाली पर दिन में तीन बार उपस्थिति देने के निर्देश और अतिरिक्त कार्यभार के सुधार की मांग करना है। सचिवों ने चेतावनी दी कि जब तक शासन उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता, तब तक क्रमिक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति की ब्लॉक इकाई द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि बिना अतिरिक्त संसाधन दिए सचिवों के निजी मोबाइल और सिम पर फेसियल रिकग्निशन बेस्ड अटेंडेंस सिस्टम लागू करना अनुचित है। इससे पूरे प्रदेश के सचिवों में रोष और भय व्याप्त है। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि शासन द्वारा सचिवों पर फार्मर रजिस्ट्री, एग्रो स्टैक सर्वे, गौशाला प्रबंधन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, फैमिली आईडी, पेंशन सत्यापन, ऑपरेशन कायाकल्प, पराली प्रबंधन जैसे अनेक गैर विभागीय कार्यों का अतिरिक्त दबाव डाला जा रहा है। लगातार बढ़ते काम के कारण अनेक सचिव बीमारियों और दुर्घटनाओं का शिकार भी हो रहे हैं। सचिवों ने आंदोलन की आगे की रूपरेखा भी स्पष्ट की है-÷5 दिसंबर से शासकीय व्हाट्सऐप ग्रुपों से अलग, 10 दिसंबर से सरकारी कार्यों में निजी वाहनो का प्रयोग बंद और 15 दिसंबर को सभी डोंगल ब्लॉक ऑफिस में जमा करा देंगे। सचिवों ने कहा कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक उनका शांतिपूर्ण और क्रमिक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में पंचम लाल, जंग बहादुर, सुभाष गौतम, आशीष सिंह पटेल, रोहित सिंह, रबीना और विमल आनंद जी सुमन सहित अनेक पंचायत सचिव मौजूद रहे।

इसी क्रम मे नवाबगंज विकासखंड कार्यालय में भी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वय समिति का गठन किया गया, जिसमें दिलीप कुमार मिश्र को अध्यक्ष और आशीष पटेल को मंत्री चुना गया। अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि सत्याग्रह के दौरान सरकारी सेवाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा और आमजन की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सत्याग्रह के दौरान अधिकारी कई सकारात्मक कदम भी उठा रहे हैं 1 से 4 दिसंबर तक काली पट्टी बांधकर कार्य, 5 दिसंबर को सांकेतिक धरना, 10 दिसंबर से क्षेत्र भ्रमण के लिए साइकिल या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और 15 दिसंबर से ई-ग्राम स्वराज पोर्टल डोंगल वापसी कर्मचारियों की मुख्य मांगें हैं कि उपस्थिति प्रणाली सरल और सभी के लिए समान हो, भुगतान प्रक्रिया सुगम हो, और फील्ड कार्य के लिए उचित भत्ता और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध हों। इस आंदोलन में अधिकारियों ने यह संदेश भी दिया कि वे जनता की सेवा के प्रति प्रतिबद्ध हैं और सरकारी कार्यों को बाधित किए बिना अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे हैं। इस दौरान आदित्य शुक्ला, आशीष पटेल, धीरज यादव, सुशील कुमार, राव विक्रम सिंह, शिव दत्त तिवारी, सर्वेश बाजपेई, राकेश यादव, सुब्रत और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह तथा सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार भी मौजूद रहे।



## गौशाला में पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए दिए महत्वपूर्ण निर्देश

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव- जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद उन्नाव की गौशाला का निरीक्षण कर वहां रहने वाले पशुओं के ठंड से सुरक्षित और स्वस्थ रहने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पशुओं के बेहतर पालन-पोषण और उनकी सुरक्षा के लिए विशेष निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के कारण किसी भी पशु को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने गौशाला को चारों ओर से तिरपाल से ढकने, भूसा, हरा चारा, खली चोकर और पशु आहार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बीमार पशुओं के समय पर इलाज पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। जिलाधिकारी ने गौवंश की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने और सभी पशुओं की ईयर टैगिंग कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उन्नाव सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी के सक्रिय निरीक्षण और स्पष्ट निर्देशों से गौशाला में पशुओं के बेहतर संरक्षण और स्वस्थ वातावरण की उम्मीद बढ़ गई है।

## बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सुपरवाइजर को डीएम एसपी ने किया सम्मानित




स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सुपरवाइजर को तहसील सभागार में जिला अधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार उपजिलाअधिकारी और राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। सुपरवाइजर के पद का दायित्व निभा रहे तहसील के लेखपाल की इस उपलब्धि से प्रदेश में तहसील और जनपद का नाम रोशन हुआ है। गौरतलब है कि बांगरमऊ तहसील में तैनात लेखपाल यज्ञ प्रकाश दीक्षित को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य में सुपरवाइजर का दायित्व सौपा गया है। श्री दीक्षित के अधीन 11 बीएलओ अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं। श्री दीक्षित के नेतृत्व में सभी बूथ लेवल अधिकारियों ने जिले में सबसे पहले अपना काम पूरा किया । उनके इस उपलब्धि से प्रदेश में जिला प्रशासन झंडा ऊंचा हुआ है। सुपरवाइजर श्री दीक्षित की इस उपलब्धि को लेकर बीते दिन तहसील सभागार में जिला अधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने सुपरवाइजर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अधिकारी ने सुपरवाइजर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों को निष्ठा, जिम्मेदारी और दक्षता के साथ निभाया है। एसआईआर से जुड़े कार्यों में समयबद्धता, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण परिणामों के लिए उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम बृजमोहन शुक्ला व विधायक श्री कटियार के अलावा अधिकारियों ने भी सुपरवाइजर के प्रयासों की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करते रहेंगे। सम्मान प्राप्त करते हुए सुपरवाइजर ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। मालूम हो कि लेखपाल श्री दीक्षित को पूर्व में 2017 के विधानसभा चुनाव में जॉइंट मजिस्ट्रेट मेधा रूपम, 2019 के लोकसभा चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. वेंकटेश्वर लू , 2024 के लोकसभा चुनाव में जॉइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता द्वारा निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है।

## 34 करोड़ की लागत से बनी दोस्तीनगर बाईपास की सड़क धंसी



स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव- दोस्तीनगर बाईपास, जिसकी लागत 34 करोड़ रुपये थी और जिसे कुछ दिन पहले ही ट्रायल के रूप में खोला गया था, सड़क कुछ हिस्सों में धंस गई थी। झंझरी क्रॉसिंग से टीकरगढ़ी तक करीब 1 किलोमीटर में तीन स्थानों पर सड़क में गड्ढे बन गए थे और बड़े गड्ढे में फंसे ट्रक को निकालने के लिए हाईड्रा का इस्तेमाल करना पड़ा। लेकिन अच्छी खबर यह है कि समस्या सामने आते ही पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। क्षतिग्रस्त हिस्सों की खुदाई कर बालू डालकर सड़क मजबूत की जा रही है। सड़क किनारे की साइड पटरी भी अब जल्द सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। एक्सईएन हरदयाल अहिरवार ने बताया कि बारिश का पानी और ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क में दरारें आईं। निर्माण के दौरान सभी मानकों का पालन किया गया था और अब कमजोर हिस्सों में अतिरिक्त मजबूती डालकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बाईपास भविष्य में 30-40 टन तक के वाहनों के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद बनी रहे। इस तरह, समस्या सामने आते ही त्वरित कार्रवाई की गई है, जिससे जल्द ही दोस्तीनगर बाईपास मजबूत, सुरक्षित और सभी वाहनों के लिए भरोसेमंद बनकर तैयार होगी। जिलाधिकारी ने फर्म पर कार्यवाही हेतु जांच टीम गठित करने हेतु फाइल शासन स्तर पर भेज दी है।

*बाईपास रोड के किनारे जो साइड पटरी बनाई गई है, वह भी खराब है। इसे बनाने में भी ठेकेदार ने खानापूर्ति की है। बारिश के दौरान पटरी कई जगहों पर कट गई है लेकिन इसकी अभी तक मरम्मत नहीं कराई गई है। ऐसे में वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। पीडब्ल्यूडी प्रांतीयखंड एक्सईएन हरदयाल अहिरवार ने बताया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स जितेंद्र सिंह मेरठ को नोटिस जारी की गई है। साथ ही क्षतिग्रस्त स्थानों की नए सिरे से मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए हैं।*

# कानपुर देहात समाचार

## वीर सेन ने कहा अपने प्रमुख अधिकार की सुरक्षा करना सभी का है नैतिक दायित्व



माती कानपुर देहात। एसआईआर को लेकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा पार्टी जनों को दिए गए निर्देशों के अनुपालन में प्रान्तीय नेता पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सेन यादव पूरी तरह समर्पित दिखाई दे रहे हैं रसूलाबाद विधानसभा के प्रभारी वीर सेन यादव द्वारा सोमवार को रसूलाबाद में बैठक करते हुए कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी ने एक ऐसी साजिश का जाल बुना है एसआईआर के ज़रिए जिससे सरकार के विरोध के स्वर को चुनाव में दबाया जा सके इसलिए आज प्रत्येक समाजवादी सिपाही की यह जिम्मेदारी है कि वह हर दशा में मतदाता फॉर्म जमा करें और बीएलओ से रिसीविंग प्राप्त करें उन्होंने कहा कि शौर्य और वीर गाथाओं से समाजवादियों का इतिहास भरा पड़ा है अब वह समय आ गया है जब जुल्म और जालिमों की इस हुकूमत को यह संदेश देना है कि जनता पर किसी भी प्रकार की विपत्ति समाजवादी पार्टी के रहते नहीं आने दी जाएगी। बताते चलें कि देश में इस समय एस आई आर का काम तेजी से चल रहा है समाजवादी पार्टी द्वारा सरकार के उपरोक्त निर्णय का विरोध करते हुए साफ तौर से कहा गया था कि इस प्रकार के कार्य की देश और प्रदेश में कोई आवश्यकता नहीं थी सपा प्रमुख ने तो सरकार पर सीधा आरोप लगा दिया था कि इस अभियान के तहत सरकार लंबा खेल करने की साजिश कर रही है सोमवार को रसूलाबाद में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए प्रांतीय नेता चौधरी वीर सेन यादव द्वारा कहा गया कि सरकार तो हर साजिश को अंजाम देने में लगी है लेकिन जनता सरकार के कारनामों से दुखी है छात्र नौजवान किसान मजदूर व्यापारी सब सरकार को कोस रहे हैं क्योंकि सरकार की गलत नीतियों ने देश और प्रदेश को विकास से कोसों दूर कर दिया है उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है जब समाजवादी पार्टी के समर्पित सिपाहियों को अपने घरों से निकलकर कुछ और नहीं केवल अपने प्रमुख अधिकार की सुरक्षा करनी होगी उन्होंने 11 दिसंबर के पूर्व मतदाता फॉर्म हर हाल में जमा किए जाने का आवाहन करते हुए कहा कि 6 दिसंबर को वह खुद सेक्टरों में जाकर समीक्षा करेंगे बैठक के दौरान वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र सिंह यादव नीलम कठेरिया नीति सचान वीरू कुशवाहा अरविंद यादव प्रदीप राजपूत कप्तान सिंह रोहित विश्वकर्मा राम शंकर शिवम डॉक्टर आर पी पाल आदि मौजूद रहे।

## सिल्ट की चपेट में आए बाइक सवार एक की मौत एक गंभीर

**शिवली.कानपुर देहात।** शिवली थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन माइनर में गिरने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई।वहीं भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के सांड थाना क्षेत्र के चैस्या निवासी 45 वर्षीय बालेंद्र यादव अपने भतीजे आकाश यादव के साथ बाइक से रसूलाबाद के पलिया बांसखेड़ा अपनी भांजी ज्योति की शादी में जा रहे थे।भोला निवादा गांव के सामने रामगंगा नहर से निकली मवैया माइनर पर पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है।वहां से गुजरते समय उनकी बाइक अचानक माइनर की खुदाई से निकली सिल्ट से टकरा गई।

## महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले अधिकारी का फूंका पुतला पीएम को भेजा ज्ञापन



**माती कानपुर देहात।** मध्य प्रदेश में एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से माहौल में ख़ासी गर्माहट आ गई है भार्गव परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार को उपरोक्त अधिकारी के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया कार्यकताओं ने हाइवे ब्रिज अंडरपास पर एकत्र होकर पुतला फूंक कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से भेजकर कारवाई किए जाने की मांग की गई। बीते दिनों भोपाल मध्यप्रदेश के एक आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हुए आपत्तिजनक शब्द प्रयोग किए गए थे जिससे ब्राम्हण समाज में ख़ासी नाराजगी जाहिर की गई थी जगह जगह विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे सोमवार को भार्गव परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में पंडित ब्रह्म कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में हाइवे ब्रिज अंडरपास पर एकत्र होकर पुतला दहन किया गया इस अवसर पर ब्रह्म कुमार द्विवेदी द्वारा कहा गया कि बड़े शर्म की बात है कि एक उच्च पदस्थ अधिकारी द्वारा कितने अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है जबकि उपरोक्त भ्रष्ट अधिकारी को इस बात तक का ज्ञान नहीं है कि जिस सरकार के नेतृत्व में वह कार्य कर रहा है वह सरकार भी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की है जहां महिलाओं को सम्मान दिए जाने की परंपरा का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ किया जाता है उन्होंने तत्काल प्रभाव से ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग की है कि ऐसे अधिकारी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जाए साथ ही उन्होंने भविष्य में इस प्रकार की गलती कोई अधिकारी ना करें इस और विशेष ध्यान दिए जाने की भी मांग की है अपने संबोधन में वरिष्ठ समाजसेवी दादा लक्ष्मीकांत दीक्षित द्वारा कहा गया कि इतनी उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त करने के बाद एक बड़े अधिकारी के मुंह से इतने गंदे शब्दों का प्रयोग उसकी गंदी मानसिकता दर्शाते हैं उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी पर इतनी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए कि भविष्य में इस बात का ध्यान हर कोई रखे की ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि किसी भी समाज की है मातृ शक्ति पर कोई इतनी घटिया टिप्पणी न कर सके उन्होंने केंद्र सरकार से सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है इस दौरान दादा लक्ष्मीकांत दीक्षित प्रभात बाजपेई संजय अवस्थी देवनारायण मिश्रा आयुष त्रिवेदी राहुल त्रिपाठी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## असालतगंज जिला पंचायत सीट पर संभावित उम्मीदवारों की संख्या बढ़ी, आरक्षण की गुत्थी बनी पहेली

**पुनीत यादव ने हमारा परिवार हमेशा कमजोर वर्गों के हितों के लिए समर्पित रहा है**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता रसूलाबाद कानपुर देहात।** असालतगंज जिला पंचायत सीट पर चुनावी उथल.पुथल तेज हो गई है। दावेदारों की संख्या अब आधा दर्जन से भी अधिक हो गई है जिससे माहौल में सियासी रौनक बढ़ गई है। लेकिन आरक्षण को लेकर मतभेद और उलझन अभी भी बरकरार हैं। सरकार ने अभी पंचायतीराज चुनाव समय पर कराने की बात ही कही है। कहते हैं कि आशा और विश्वास पर ही सब कुछ टिका होता है इसलिए लोगों में चुनावी उत्साह तेजी से बढ़ रहा है। पिछड़े वर्ग के कई मजबूत उम्मीदवार सवर्ण और पिछड़ी वर्ग की सीटों पर भी अपनी पकड़ मजबूत करने में लगे हैं। इनमें दमदार दावेदार पुनीत यादव ने स्वतंत्र भारत से बातचीत में कहा कि हमारा परिवार क्षेत्र के कमजोर वर्गों के हितों के लिए हमेशा समर्पित रहा है। पुनीत यादव ने बताया कि उनके पिता वीरेंद्र सिंह यादव दो बार ग्रामप्रधान रह चुके हैं जबकि उनकी माता सुंदरी यादव वर्तमान में बर्रा ठर्रा ग्राम पंचायत के ग्रामप्रधान के पद पर कार्यरत हैं। हमारे परिवार ने हमेशा कमजोर वर्गों के विकास का बीड़ा उठाया है। पुनीत यादव की दावेदारी ने अन्य उम्मीदवारों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। फिर भी सभी उम्मीदवार आगामी चुनावी आरक्षण के फैसले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। असालतगंज की इस सीट पर चुनौतियों के बीच उम्मीदें भी बुलंद हैं जहां हर उम्मीदवार अपनी ताकत पर विश्वास रखते हुए गांव.गली में जाकर जनता के दुख.दर्द में शामिल होता दिखाई दे रहा है ।

## सड़क किनारे बेहोश मिली छात्रा ने उपचार के दौरान तोड़ा दम परिजनों में कोहराम

**माती कानपुर देहात।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के हवासपुर के पास सड़क के किनारे एसएससी जीडी की तैयारी कर रही एक छात्रा बेहोशी हालत में पड़ी मिली।जिसे इलाज के लिए ग्रामीणों ने सीएचसी हवासपुर में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । वहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने करवाई शुरू की है । मंगलपुर थाना क्षेत्र के तल्हुआपुर निवासी मृतिका के बड़े भाई कपिल कुमार ने बताया कि उसकी बहिन शालिनी 17 वर्ष एसएससी जीडी की तैयारी कर रही थी।वह संदलपुर में स्थित एक कोचिंग सेंटर पर पढ़ने जाती थी।वह सोमवार की सुबह नौ बजे नित की तरह घर से कोचिंग पढ़ने गई थी। सुबह करीब साढ़े दस बजे वह हवासपुर के पास सड़क के किनारे बेहोशी हालत में पड़ी थी।उसे देखकर सड़क पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस ने किशोरी को इलाज के लिए सीएचसी हवासपुर में पहुंचाया जहां डाक्टर अमित निरंजन ने उसकी हालत गंभीर बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वहा इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मां कोमलश्री बदहवास हो गई।पिता रामशरणए बहिन भारती एसलोनी आदि का रो रोकर बुरा हाल था।मौत की वजह साफ नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर मंगलपुर महेश कुमार ने बताया कि अस्पताल की सूचना पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## और लो पुलिस हुई पस्त फिर रूपये से भरी गुल्लक ले उड़े बाइक सवार

**माती कानपुर देहात।** रूरा मिंडा कुआं मुख्य मार्ग पर जगनपुर गांव में सड़क किनारे एक गल्ला व्यापारी के गोदाम के बाहर रखी रुपयों से भरी गोलक अज्ञात बाइक सवार चोरों ने पार कर दी।घटना की जानकारी होने पर व्यापारी सन्न रह गयाएपुलिस ने घटना की छानबीन व संदिग्ध चोरों की तलाश शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगनपुर गांव के निवासी अनुरुद्ध तिवारी गांव के बाहर रूरा मिंडा कुआं मुख्य मार्ग पर अपने मकान में ही गल्ला का गोदाम बनाए है।यहां वो फुटकर व थोक गल्ला खरीदते और बेचते है।रविवार की सुबह करीब 11 बजे वो घर के अंदर पानी लेने गएएइशी दौरान दो बाइक सवार युवक आए और बाहर रखी गोलक उठा कर फरार हो गए।ऊपर छत पर खड़ी उनकी बहू ने जैसे ही बाइक सवारों को गोलक लेकर जाते देखा तो उसने शोर मचाना शुरू किया लेकिन तब तक चोर गोलक लेकर बाइक से रूरा की तरफ भगा गए।दुकानदार अनुरुद्ध तिवारी ने बताया कि गोलक में करीब 50 हजार से अधिक की नगदी थीएसूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है। *माह भीतर तीन वारदातों से भयभीत हो गए हैं लोग*

*माती कानपुर देहात। थाना क्षेत्र में बीते 6 नवंबर को गुटैया में गल्ला व्यापारी सतेंद्र सिंह के यहां से बाइक सवार चोरों ने दिन दहाड़े गोलक पार कर दीएजबकि ब बीती 26 तारीख को बनीपारा स्थित परचून दुकानदार ऋषभ त्रिवेदी के यहां गोलक पार कर दी अब जगनपुर में गल्ला व्यापारी अनुरुद्ध तिवारी की गोलक चोरों ने पार कर दी है।एक माह में लगातार तीन गोलक चोरी हुई है। फेल हुआ पुलिस का सिस्टम नहीं पकड़े जा रहें चोर*

*रूरारूएक माह में तीन गोलक चोरी की घटनाएं होने के बाद पुलिस अभी एक भी गोलक चोर को चिन्हित नहीं कर सकी है।इससे रूरा पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान लग रहे है। थानाध्यक्ष रूरा अमित शुक्ला ने बताया कि पुलिस की तीन टीम चोरों की तलाश में लगी हुई है।जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।*

## अवैध रूप से बने गद्दे की दुकान में लगी आग



-चकेरी थाना क्षेत्र के जेके कालोनी के पास की है घटना

कानपुर। चकेरी जेके कॉलोनी के सामने फ्लाईओवर के नीचे अवैध रूप से बने गद्दे की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग से निकले काले धुंआ से गुजरने वाले वाहन सवार रुक गए। करीब आधा घंटे की मशक्कत से इलाके के लोगों ने खुद ही आग पर काबू पा लिया।

चकेरी जेके कॉलोनी के सामने कानपुर लखनऊ हाईवे पर मो शमीम की गद्दे की दुकान है। मोहम्मद शमीम ने दुकान के सामने से गुजरे नेशनल हाईवे के फ्लाईओवर के नीचे अवैध रूप से गद्दे को गोदाम और दुकान बना रखी है। सोमवार दोपहर को जनरेटर की चिंगारी से गद्दे और रुई में आग लग गई। आग ने चंद मिनट में पूरी गद्दे और रुई को अपनी चपेट में ले लिया। इससे आग की लपटें फ्लाईओवर के ऊपर तक पहुंचने लगी और काले धुएं का गुबार देख हाईवे से गुजर रहे वाहन सवार रुक गए। करीब 30 मिनट बाद आग पर दुकानदार शमीम और इलाके के लोगों ने खुद ही समर्सिबल के पानी से आग पर काबू पा लिया। तब जाकर हाईवे से गुजर रहे वाहन सवारों ने राहत की सांस ली। करीब आधे घंटे बाद चकेरी थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, लेकिन तब तक आग बुझ चुकी थी। एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय ने बताया कि फ्लाईओवर के नीचे अवैध रूप से दुकानें लगाने वालों को हिदायत दी गई है।

## एड्स दिवस पर हस्ताक्षर अभियान चला किया लोगों को जागरूक

कानपुर। विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली, गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एचआईवी एड्स आज भी समाज के सामने एक चुनौती है, लेकिन यह चुनौती डर से नहीं, जागरूकता से जीती जा सकती है। समय पर जांच, सही उपचार और सकारात्मक सोच से व्यक्ति स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से जुड़े भेदभाव को समाप्त करना सबसे बड़ी जरूरत है। एचआईवी से संबंधित किसी भी जानकारी, जांच और परामर्श के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 पर संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित सभी लक्षित हस्तक्षेप परियोजनाओं के कार्यक्रम प्रबंधकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और आमजन को एचआईवी एवं एड्स के प्रति लगातार जागरूक करने के निर्देश दिए। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम बाधाएं दरकिनार, एचआईवी पर सशक्त प्रहार रही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला क्षयरोग अधिकारी ने कार्यक्रम की अद्यतन प्रगति आख्या पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ सुबोध प्रकाश, आईसीटीसी, पीपीटीसीटी, एआरटी, एसएसके के काउंसलर प्रभारी डॉ रिचा बाजपेयी, टीआई एनजीओ के प्रतिनिधि अनिल कुमार मिश्रा, सुमित्रा, मनोज सिंह कार्तिक, पंकज पाल, चित्रांशू, तौकीर अहमद वारसी, संजय कुमारी, श्रमिक भारती के साथ-साथ क्राइस्ट चर्च एवं डीएवी कॉलेज के एनएसएस व एनसीसी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रूचि यादव सह प्रभारी एचआईवी कार्यक्रम द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी नीरज शुक्ला, सुधीर कुमार यादव, शमसुद्दीन शेख, प्रेम शंकर एवं नियाज अहमद का योगदान सराहनीय रहा।

# शहर में टॉप किए हाईस्कूल के छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान



**-सुबह परीक्षा देने के लिए बाइक से निकला था छात्र**

**-पुलिस मोबाइल व दोस्तों से बातचीत कर कारणों का लगा रही पता**

**स्वतंत्र भारत सं.**

**कानपुर।** जूही यार्ड के पास सोमवार सुबह इंटर के छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। छात्र काफी देर तक छात्र घर नहीं लौटा तो पिता ढूंढने निकले। इसके बाद पूछते-पूछते वह रेलवे लाइन के किनारे पहुंचे। वहां झाड़ी किनारे बाइक खड़ी देख उन्होंने ट्रैक पर काम करने वाले रेलवे कर्मचारियों से पूछा तो सुसाइड की जानकारी मिली। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

साकेत नगर निवासी आलोक पाठक प्रावइेट नौकरी करते हैं। परिवार में मां ललिता और बड़ी बहन मिनी भी हैं। उनका बेटा रौनक पाठक ब्रजकिशोरी देवी मेमोरियल कॉलेज में इंटर का छात्र था। परिजनों ने बताया कि रौनक ने अपने स्कूल में हाई स्कूल की परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और पूरे शहर में टॉप किया था। रौनक पढ़ाई में काफी अव्वल रहता था और शिक्षकों ने उसकी मेहनत को देखते हुए कोचिंग की फीस तक माफ कर दी थी। पिता ने बताया कि सोमवार को रौनक की फिजिक्स की प्री-बोर्ड परीक्षा थी। हमेशा की तरह उसने सुबह बाइक निकली और चला गया। काफी देर तक वापस नहीं आया तो पिता और बहन ने कई बार कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। परिजन घबराकर आसपास खोजने निकले। जब वे रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा तो देखा कि रौनक की बाइक किनारे खड़ी थी। कुछ कदम आगे बढ़े तो उनका दिल दहलगया। पटरियों के पास रौनक का शव खून से लथपथ पड़ा था।

परिजनों ने बताया कि उससे ऐसा कदम उठाने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। वह पढ़ाई में तेज था और भविष्य को लेकर बेहद उत्साहित रहता था। किसी भी तरह का दबाव या परेशानी उसके चेहरे पर कभी नहीं देखी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस रौनक के मोबाइल और दोस्तों से बातचीत कर कारणों की जांच कर रही है। वहीं रौनक के पिता बार-बार यही कह रहे हैं कि सुबह बाइक से निकला था बेटा पता नहीं कब क्या सोच लिया। मां ललिता बेहोशी की हालत में बार-बार यही सवाल पूछती रहीं कि ऐसी क्या मजबूरी थी जो रौनक ने अपनी जान दे दीं।

# चार साल के बच्चे का अपहरण व खरीदने वाले दम्पत्ति गिरफ्तार

- चोरी करने के बाद पांच लाख में बेचा गया था बच्चा

-सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने किया खुलासा



कानपुर। पनकी मंदिर के पास से बच्चे का अपहरण करने वाले ऑटो सवार पति-पत्नी व पांच लाख रूपए में बच्चा खरीदने वाले दम्पत्ति को पनकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों को सौंप दिया। इसके साथ ही चारों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

एडीसीपी वेस्ट ने बताया कि रावतपुर के थाना क्षेत्र के बस्ती में रहने वाले विनोद व उसकी पत्नी सोनी मंदिरों के बाहर भीख मांगकर अपना गुजर-बसर करते हैं। रोज की तरह वह बीते 28 नवंबर को भी पनकी मंदिर के बाहर थी, इस दौरान उसकी 10 साल की बेटी शिवानी अपने चार महीने के बेटे को लेकर लोगों से भीख मांग रही थी। इस दौरान पनकी मंदिर के निकासी द्वार के पास बाइक से खड़े दंपती उनके पास आए। महिला चार महीने के बच्चे को गोद में लेकर दुलारने लगी और मंदिर के गेट नंबर चार की ओर पैदल लेकर बढ़ी। इसके बाद बच्चे को लेकर वहां पहले से तैयार खड़े ऑटो से भाग निकली। मामले की जानकारी मिलने के बाद पनकी पुलिस ने मामले में मां सोनी की तहरीर पर चार महीने के बच्चे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान सीसीटीवी में दंपती की बाइक और ऑटो का नंबर सामने आया। इसके बाद पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर बच्चे का अपहरण करने वाले दंपती तक पहुंची। बच्चे का अपहरण करने वाले दंपती शास्त्रीनगर निवासी गीता सिंह और उसके पति जितेंद्र सिंह को दबोच लिया। दंपती पहले तो स्वीकार करने तो तैयार नहीं हुए, लेकिन सीसीटीवी दिखाया तो दंग रह गए। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो सामने आया कि सेन पश्चिमपारा के एक दंपती से 5 लाख रुपए में बच्चे का सौदा तय था और कई बार में रुपए भी लिए जा चुके थे। इस वजह से बच्चे को 5 लाख में उन्हें बेच दिया है। पुलिस ने दंपती से 66,500 रुपए भी बरामद कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने बच्चा खरीदने वाले दंपती पनकी नहर के पास गोपाल नगर निवासी सचिन सक्सेना और उसकी पत्नी गरिमा श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद बच्चे को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने बच्चे को परिवार के सुपुर्द करने के बाद चारों को जेल भेज दिया।

## खबर एक नजर

### नगर निगम में श्रीप्रकाश जयसवाल को दी गई श्रद्धांजलि




-श्रीप्रकाश के नाम होगा पार्क व चौराहा

-नगर निगम व जलकल में आज रहेगा अवकाश

कानपुर। नगर निगम मुख्यालय में महापौर प्रमिला पाण्डेय, पार्षदों व अधिकारियों ने पूर्व मेयर श्रीप्रकाश जायसवाल के चित्र का माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि श्रीप्रकाश जायसवाल राजनीतिक रूप से भले ही अलग हो, किन्तु वह मुझे अपनी बहन के रूप में मानते थे। श्रीप्रकाश जायसवाल के पोखरपुर स्थित आवास के सामने एक पार्क व चौराहे का नामकरण उनके नाम से कराया जायेगा। महापौर के कहा घंटाघर के पास कैनाल पटरी में श्रीप्रकाश जायसवाल का पैतृक आवास था, यदि केनाल पटरी का पूर्व से कोई नामकरण नहीं है, तो उसे भी उनके नाम से नामकरण कराये जाने की कार्यवाही करायी जायेगी। इस दौरान महापौर ने घोषणा की कि श्रीप्रकाश जायसवाल, नगर निगम के पूर्व मेयर थे, इसके चलते मंगलवार को नगर निगम एवं जलकल में अवकाश रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में पार्षद नवीन पंडित, पवन पांडेय, जितेन्द्र चौरसिया, राम नरायन, अमित जायसवाल, मनीष मिश्रा, सुधीर यादव, कमलेश त्रिवेदी, सुहैल अहमद, राशिद महमूद, पूर्व पार्षद अर्पित यादव, कर्मचारी नेता रमाकान्त मिश्रा, मुन्ना हजारिया, विनोद इत्यादि उपस्थित रहे।

### बेटे के बर्थडे के दिन टेनरी कर्मी की मौत

-घर से थोड़ी दूरी पर मिला युवक का शव



कानपुर। जाजमऊ में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह लोगों ने देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही उनके बीच कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान बृजेश गुप्ता उर्फ सोनू के रूप में हुई है। बृजेश घाऊखेड़ा, चकेरी में रहते थे। वह टेनरी में काम करते थे। परिवार में मां डोरीन गुप्ता, पत्नी, तीन बच्चे कृष्णा, कान्हा और सन्नी हैं। परिजनों ने बताया कि रविवार को बृजेश के छोटे बेटे सन्नी का जन्मदिन था। शाम को केक कटाने के बाद वह साइकिल लेकर घर से निकला। रास्ते में उसका दोस्त राजेश मिला और दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। राजेश का कहना है कि उसने बृजेश को शाम करीब 7 बजे जेके फर्स्ट चकेरी के पास छोड़ा था। रात तक बृजेश के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार सुबह पड़ोसियों ने पुलिस अधिकारियों द्वारा दिखाई गई तस्वीरों के आधार पर बृजेश की पहचान की। पुलिस ने बताया कि शव घर के पास ही संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला था। जाजमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। वहीं, परिवार में बेटे के जन्मदिन वाले दिन बृजेश की मौत से कोहराम मचा हुआ है और पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटकता मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

कानपुर। सचेंडी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। वहीं परिवार के लोगों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। बिठूर के तिवारीपुर निवासी गौरव तिवारी चकरपुर में प्राइवेट नौकरी करता था। तीन बहनों और दो भाइयों में गौरव तीसरे नंबर पर था। परिजनों ने बताया कि रोहित शुक्ला, विजय शुक्ला, सुमित शुक्ला और टोनी तिवारी रविवार शाम गौरव को घर से लेकर गए थे। सभी लोग टोनी के सचेंडी स्थित खेत पर पहुंचे, जहां पहले शराब पी गई। इसी दौरान आरोपियों ने गौरव के साथ मारपीट शुरू कर दी। गौरव के शरीर में 10 से ज्यादा चोट के निशान हैं। चेहरे, गले, कान और सीने में मारपीट के निशान हैं। शाम करीब 6 बजे गौरव ने अपने बुआ के बेटे अंकित पांडेय को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। अंकित ने तुरंत गौरव के छोटे भाई सौरभ को फोन करके मामले की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि सोमवार सुबह रोहित शुक्ला उनके घर पहुंचा और बताया कि गौरव ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही सौरभ परिवार के साथ मौके पर पहुंचा। सौरभ का आरोप है कि घटनास्थल से आने के बाद जब मैं रोहित के घर गया तो उसने विजय के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। परिजनों का कहना है कि गौरव खुदकुशी नहीं कर सकता। उसे साजिशन मारकर फांसी का रूप दिया गया है। परिवार ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं घटना के बाद से गौरव के चारों दोस्त फरार हैं।

# दिव्यांगजनों को योजनाओं से जोड़ने के लिए दो ब्लॉकों में लगेंगे विशेष शिविर

**-नेशनल ट्रस्ट पोर्टल पर नौ आवेदनों में से सात मिले अनुमोदन**



कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को जिला दिव्यांगता समिति, यूडीआईडी कार्ड अनुश्रवण समिति एवं लोकल लेबल कमेटी की संयुक्त बैठक की। बैठक में डीएम ने स्वावलंबन पोर्टल पर यूडीआईडी कार्ड के लंबित आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण के लिए ब्लॉक स्तर पर विशेष कैंप आयोजित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। इन विशेष कैंपों के माध्यम से दिव्यांगजन विभाग की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जााए, जिससे जनपद के दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन, शादी पुरस्कार, दुकान संचालन, सहायक उपकरण जैसी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में डीएम ने लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि विशेष कैंपों में इंडिया पोस्ट से समन्वय स्थापित करते हुए दिव्यांग पेंशनर्स की एनपीसीआई मैपिंग प्राथमिकता पर कराई जाए। दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए एनएचएफडीसी योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य रोजगारपरक योजनाओं के लिए चिन्हांकन भी इन्हीं कैंपों में किया जाएगा। बताया गया कि 15 दिसंबर के बाद से इन कैंपों का आयोजन शुरू किया जाएगा। प्रत्येक माह दो ब्लॉकों में कैंप लगाए जाएंगे। संबंधित खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं एमओआईसी को नोडल अधिकारी तथा संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी और एसीएमओ को पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक के लिए 200 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वैधानिक संरक्षकता के लिए नेशनल ट्रस्ट पोर्टल पर प्राप्त नौ आवेदनों पर विचार किया गया। इनमें से सात आवेदनों को समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया, जबकि दो आवेदनों को अन्य स्तर से पुनः जांच कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिदत्त, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीआईओएस, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि डॉ रामकिशन गुप्ता, हिरदेश, अब्दुल वाहिद, शिवकरण सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## गोवंश के अवशेष मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**-अरमापुर नहर के पास मिले अवशेष**

**-रिपोर्ट दर्ज करने कर अवशेष डीकंपोज करने की मांग**

**स्वतंत्र भारत सं.**

**कानपुर।** अरमापुर नहर किनारे जंगल में गोकशी की सूचना पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। मौके और आस पास करीब एक दर्जन गोवंश के अवशेष पड़े मिले। सूचना मिलते ही एसीपी पनकी शिखर थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। थोड़ी देर में जेसीबी आने पर कार्यकर्ताओं ने फिर भड़क गए। कार्यकर्ताओं ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अवशेष डीकंपोज करने की मांग की। बजरंगदल के कार्यकर्ता अनूप कुमार, आयुष शुक्ला, अम्बर दुबे, रामजी और छोटू पंडित ने बताया कि कई दिनों से अरमापुर नहर किनारे कच्चे रास्ते से आगे जंगल में गोकशी की सूचना मिल रही थी। जिस पर सोमवार को मौके पर कार्यकर्ता पहुंचे तो एक दर्जन से ज्यादा गोवंश के अवशेष पड़े मिले। जिसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि एक व्यक्ति अपाचे बाइक से पहले रेकी करता है फिर लोडर से गोवंश को लाकर गोकशी की जाती है। मामले की जानकारी पाकर एसीपी पनकी शिखर पनकी थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित कार्यकर्ताओं को कार्रवाई का आश्वाशन देकर शांत कराया और मौके पर मिले अवशेषों की जांच पड़ताल की। मौके पर पशु चिकित्सक को बुला कर जांच कराई गई। बुल्डोजर से गोवंश के अवशेष को डी कंपोज कराने के प्रयास पर पुनः कार्यकर्ता भड़क गए और मुकदमा दर्ज होने, सैंपलिंग और पोस्टमार्टम समेत पूर्णतया जांच के बाद शव के अवशेष को डी कंपोज कराने की मांग की। पशु चिकित्सक के मुताबिक शव करीब दो माह पुराने प्रतीत हो रहे है। एसीपी पनकी शिखर ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनसहभागिता व जागरूकता अभियान ही एड्स नियंत्रण की है सबसे मजबूत कड़ी




कानपुर। जागरूकता, समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार, उपचार की निरंतरता तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना ही विश्व एड्स दिवस का मुख्य उद्देश्य है। जनसहभागिता और जागरूकता अभियान ही एचआईवी/एड्स नियंत्रण की सबसे मजबूत कड़ी हैं। यह जानकारी विश्व एड्स दिवस के मौके पर प्रेसवार्ता के दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ अनुराग मेहरात्रा ने प्रेसवार्ता के दौरान दी। आईएम सचिव डॉ शालिनी मोहन ने कहा कि विश्व एड्स दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज में एड्स से जुड़े भय और भ्रम को दूर कर जागरूकता बढ़ाना है। आज भी कई लोग समय पर जांच नहीं कराते, जिससे रोग नियंत्रण में देरी होती है। एचआईवी एक प्रबंधनीय रोग है, बशर्ते उपचार समय पर शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित दवाओं और परामर्श से संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। डॉ ए.सी अग्रवाल ने बताया कि रोकथाम ही एड्स नियंत्रण की सबसे प्रभावी रणनीति है। सुरक्षित व्यवहार, ब्लड स्क्रीनिंग और जागरूकता अभियान इसकी मुख्य कड़ियाँ हैं। डॉ अग्रवाल ने कहा कि एचआईवी के फैलने के मुख्य कारणों में संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाना, सुई या सिरिंज का उपयोग करना, रक्त या रक्त अवयव चढ़ाना तथा संक्रमित गर्भवती मां से शिशु में संक्रमण का प्रसार शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने एचआईवी से बचाव के महत्वपूर्ण उपायों पर भी प्रकाश डाला, जिनमें संयम, वफादारी और कंडोम का नियमित उपयोग, हमेशा नई व स्वच्छ सुई-सिरिंज का प्रयोग, केवल लाइसेंसधारक ब्लड बैंक से जांचे-परखे रक्त का उपयोग तथा गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच करवाने एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने जैसे कदम शामिल हैं। प्रेसवार्ता में को आईएमए उपाध्यक्ष डॉ प्रीति आहूजा, वित्त सचिव डा विशाल सिंह, साइंटिफिक सचिव डॉ दीपक श्रीवास्तव, तथा डॉ कुश पाठक मौजूद रहे।

## डा कटियार को मिला डॉ ज्ञान पी लाल एण्ड सुमन एकेडमिक एचीवमेंट अवार्ड



कानपुर। आईएमए उत्तर प्रदेश ने 90 वीं वार्षिक स्टेट कॉन्फ्रेंस आईएमए यूपी कॉन 2025, जो कि बरेली में सम्पन्न हुई। इस दौरान डॉ प्रवीन कटियार के महत्वपूर्ण योगदान एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों हेतु उन्हें डा ज्ञान पी लाल एण्ड सुमन एकेडमिक अवार्ड प्रदान किया। यह अवार्ड उन्हें आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शरद कुमार अग्रवाल, आईएमए उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ पीके अग्रवाल, प्रेसीडेन्ट इलेक्ट डॉ राजीव गोयल तथा सचिव डा आशीष अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। इससे पूर्व भी डॉ प्रवीन कटियार को आईएमए हेडक्वार्टर, आईएमए यूपी स्टेट एवं विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संस्थाओं एवं संस्थानों द्वारा विभिन्न अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका हैं। डॉ कटियार वर्तमान में आईएमए हेडक्वार्टर में सेन्ट्रल वर्किंग कमेटी के सदस्य हैं। वह छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के आईक्यूएसी के एसोसिएट निदेशक एवं स्कूल ऑफ़हेल्थ साइंसेस मे एसोसिएट प्रोफेसर हैं। वह पूर्व में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा के अध्यक्ष रह चुकें हैं तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उप्र एवं हेड क्वार्टर में विभिन्न पदों पर कर कार्य कर चुके हैं। वह सामाजिक संस्था प्रयत्न के सचिव एवं चंद्रमुखी मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। डॉ प्रवीन कटियार को अवार्ड मिलने पर आईएमए कानपुर के सदस्यों तथा विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियो ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबर एक नजर




### सभासद के जन्म दिन पर रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन

घाटमपुर। सोमवार को मड पम्प में कूष्मांडा नगर वार्ड के सभासद सत्यम चौहान का जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर केक काटे जाने के साथ रक्त दान शिविर का भी आयोजन गया। इस मौके पर पहुंचने वालों में विधायक सरोज कुरील के अलावा ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंहएएम एलसी अविनाश सिंहएविधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी के अलावा समर्थकों की भीड़ भी रही। इस मौके पर स्वैक्षिक रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान करने वालों को शिविर के आयोजकों के लिए विधायक सरोज कुरील ने प्रमाण पत्र भी दिए। वहीं सभासद सत्यम चौहान ने इस मौके पहुंची विधायक सरोज कुरील व ब्लॉक प्रमुख इन्द्र जीत सिंह तथा अन्य लोगों के प्रति आभार जताया।

### पुराने विवाद को लेकर आधा दर्जन लोगों ने बुजुर्ग से की मारपीट

भीतरगांव चौकी के पासीखेड़ा गांव का मामला पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। बीते दिन साढ़ थाना क्षेत्र की भीतरगांव चौकी के पासीखेड़ा गांव में दुकान में बैठे बुजुर्ग के साथ पुराने विवाद को लेकर करीब आधा दर्जन लोगों ने जानलेवा हमला बोल दिया जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया प्राथमिक उपचार के बाद सोमवार थाने पहुंचे बुजुर्ग ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की पुलिस द्वारा जांचकर कार्यवाही करने की बात कही जा रही। पासीखेड़ा निवासी प्रेमनारायण मिश्रा पुत्र स्व बदली प्रसाद ने तहरीर देते हुए बताया कि बीते दिन वह गांव की एक दुकान में बैठा था तभी पुराने विवाद को लेकर पहुंचे लल्लू यादव श्याम जी उर्फ जितेंद्र सुमित यादव राजू यादव अपने चार पांच अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और गाली गलौज करने लगे विरोध पर मारपीट करने लगे किसी तरह बचकर वह घर में घुस गया तभी पीछे से पहुंचे उपरोक्त लोगों ने मारपीट कर उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए भीतरगांव चौकी पुलिस द्वारा सीएचसी भीतरगांव में उपचार कराया गया।चौकी इंचार्ज गगन मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है जांचकर कार्यवाही की जा रही

### चोरी के विरोध पर बुजुर्ग महिला की चोर ने की पिटाई

घाटमपुर। कस्बा सजेती की रहने वाली बुजुर्ग विधवा महिला के घर चोरी के इरादे से घुसे नशेबाज चोर से महिला भिड़ गई। मार पीट से महिला घायल हो गई। महिला के शोर मचाने पर बचाने पहुंचे महिला के बेटे को देख आरोपी धमकाते हुए भाग गए। पौत्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ उसकी तलाश शुरू कर दी है। सजे ती निवासी नरेश कुमार पुत्र दयाशंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि रविवार की देर शाम मेरी दादी रामश्री पत्नी स्व0 मनगौरी लाल अपने घर मे सो रही थी। जिनकी उम्र लगभग 90 वर्ष है। तभी गांव के ही चिनका पुत्र मुराद बक्स घर के बरामदे में पहुंचा। दादी ने कुछ आहट पाकर आवाज लगाई तो चिनका घर मे घुसकर मारपीट करने लगा। मार पीट से वह बुरी तरह घायल हो गयी। शोर सुनकर मेरे पिता पहुंचे तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच के साथ आरोपी की तलाश की जा रही है।

### पिता ने बेटी की हत्या कर शव फांसी पर टांगने की लिखाई रिपोर्ट

**घाटमपुर।** पतारा क्षेत्र के चातुरीपुर गांव मे संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर एक महिला का शव झूलता मिलने पर पिता ने हत्या कर शव फांसी लटकाने का लगाया आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।बेटी ने मां की हत्या का राज खोला तो पुलिस भी हरकत में आई।प्रतिपाल सिंह पुत्र स्व0 श्रीपाल निवासी ग्राम गुगुरा थाना साढ ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि उसने अपनी पुत्री मेनिका की शादी दिनांक 09 मार्च 2018 को अपने सामर्थ के अनुसार समानए गृह ग्रहस्थी एवं नगद देकर क्षितिज कुमार उर्फ चौधरी पुत्र जयकरन निवासी चतुरीपुर थाना घाटमपुर के साथ की थी। शादी के बाद से ही सास रानी पत्नी जयकरन व पति क्षितिज कुमार कम दहेज का ताना देकर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित व मार पीट करते थे।कई बार समझोता हुआ फिर भी हम लोगों नें सोचा कि बेटी का जीवन ससुराल में ही बीतेगा। हम लोग समझा बुझाकर भेज देते थे। उस की पुत्री के साथ मार पीट की सूचना पर वह 22 नवम्बर 2025 दिन को 11 बजे पुत्री की ससुराल चतुरीपुर पहुंचे।तो उस के सामने दमाद नें उस की पुत्री को मारा पीटा। विरोध करने पर उसके साथ भी गाली गलौज की।उस के द्वारा बेटी को समझाया गया। समझा बुझा कर वह अपने घर आ गया। 23 नवम्बर को सुबह लगभग 3 बजे सूचना मिली की उस की पुत्री की मृत्यु हो गयी है। जब उसकी बेटी की ससुराल गया।तो उसकी पुत्री मृत अवस्था में पड़ी हुयी थी।उस की पुत्री की हत्या दमाद क्षितिज व सास रानी नें मिलकर कर दी। मौके पर जाने पर देखा तो शरीर पर चोटों के निशान है। मृतक मेनका की पुत्री अन्यन्या उम्र लगभग 6 वर्ष ने बताया कि पापा व दादी ने मिलकर मम्मी को जान से मारकर टांग दिया है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

### रंजिश में घर में घुसे हमलावरों ने पति का न मिलने पर पत्नी को पीटा

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर लाठी डंडों के साथ एक युवक की तलाश में घुसे हमलावरों को उसके न मिलने पर उन्होंने पत्नी को पीट दिया। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए जसवन्त पुत्र स्व0 बनवारी ने पुलिस को बताया कि वह गांव में ही रहने वाले मंझिल पुत्र मिट्ठू के यहां मजदूरी करने गया हुआ था।घर में उस की पत्नी अनीता थी। जो खाना बना रही थी। उसी समय गांव के ही रहने वाले राजकुमार पुत्र बदलूए सुभाष पुत्र शिवकरन व रितेश पुत्र शिवबरन जो कि निहायत ही दबंग एवं शेरेपुस्त किस्म के व्यक्ति है।अपने.अपने हाथों में लाठी डण्डा लेकर घर के अन्दर घुस आये।उस की पत्नी को बुरी तरह मां बहन की भद्दी.भद्दी गालियां देते हुए लात घूसों व डण्डों से मारने पीटने लगे तथा कह रहे थे तेरा पति कहा है। आज उसका दिमाग ठीक कर देगें।उस की पत्नी ने बचाव.बचाव का शोर मचाया तो शोर सुनकर वह दौडकर आया।अपनी पत्नी को बचाने लगा तभी उपरोक्त सभी ने उसको भी बुरी तरह से लात घूसों व डण्डों से मारा पीटा।किसी तरह वह पत्नी के साथ पतारा चौकी पहुंचा।पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही है।

## रानी लक्ष्मी बाई केसरिया माधव संस्थान की बैठक आयोजित



रानी लक्ष्मी बाई केसरिया माधव संस्थान के द्वारा पदाधिकारियों संग बैठक कार्यालय पर की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद द्विवेदी ने सर बेनेगल नरसिंह राव को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की गई। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद द्विवेदी ने कहा कि सभी जातीय आधार से आरक्षण खत्म कर आर्थिक आधार पर सभी वर्गों को शामिल करने की जरूरत है तथा राजकीय सामाजिक एवं सरकारी नौकरी में आर्थिक आधार से 50 प्रतिशत पुरुष एवं महिलाओं की नियुक्ति अनिवार्य होनी चाहिए। श्री त्रिवेदी ने कहा कि राजकीय समस्त पदों पर पंचायत से लेकर संसद तक महिला एवं पुरुषों को 50 प्रतिशत आर्थिक परिस्थित के ऊपर आरक्षण अनिवार्य होना चाहिए। आरक्षण का लाभ जिसके 2 बच्चे हो उन्हें तथा जिन्होंने पहली शादी की हो उन्हें मिलना चाहिए। बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार तथा संगठन में महिला पदाधिकारियों की बराबर भागीदारी पर बल दिया। स्वागत सम्मान में पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ दीप कुमार शुक्ला महेंद्र कुमार सिंह मधुकर विकास त्रिपाठी हरिओम भदौरिया शिवकुमार त्रिपाठी प्रेम नारायण दीक्षित दिनेश शुक्ला सुनील तिवारी समीर तिवारी कुलदीपानंद महाराज अवधेश कुमार सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सोनी समाज विवाह परिचय समिति के द्वारा 11वा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित



सोनी समाज विवाह परिचय समिति के द्वारा 11 वा सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। इस मौके पर संयोजक संदीप सोनी ने बताया कि प्रतिवर्ष निर्धन स्वजातीय कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जाता है यह ग्यारहवां वैवाहिक समारोह का आयोजन एस डी ग्रेस गार्डेन सनिगवां में 21 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ वर वधुओं को समिति की ओर से अलमारीए बेडए सिलाई मशीनए गद्दाए कूलरए सोने की नथए चांदी की पायलए चांदी की बिछिया के जेवर इत्यादि 37 गृहस्थी के सामान पुरस्कार स्वरूप में दिया गया दिन में परिचय सम्मेलन के पश्चात शाम को 21 जोड़ो ने अपने अपने जीवनसाथी के साथ सात फेरे लेकर अपना दाम्पत्य जीवन प्रारम्भ किया। मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा जो कि शोहरतगढ़ उत्तर प्रदेश से आए तथा समिति के द्वारा कराए जा रहे विवाह समारोह की प्रशंसा की। इस दौरान मुख्य रूप से समिति के संस्थापक पुरुषोत्तम वर्मा अध्यक्ष अरविंद सोनी विवाह संयोजक विवेक सोनी संदीप सोनी रामचंद्र सोनी कृष्ण कांत सोनी अतुल सोनी बड़े वर्मा उत्तम सिंह जितेंद्र वर्मा महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका वर्मा ने नवसृजित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। वर वधुओं जिसमें मानसी संग पवन नीलम संग चन्दन अंजली संग बिंद्रा प्रसाद महक संग विशाल साक्षी संग ब्रजेश गौरी संग सुमित दीपांशी संग विपिन पायल संग कृष्ण कांत स्वाती संग राजकुमार संजना संग ऋषभ जया संग अमन सपना संग अमन अनुराधा संग दीपक पायल संग शिवशंकर जनसेवा संग विनीत सहित अन्य वर वधू ने नए जीवन में प्रवेश किया।

## मेधावियों ने एमडीबीएल कालेज का प्रदेश में किया नाम रौशन-राकेश सचान




**कॉलेज के संस्थापक दिवस व वार्षिकोत्सव के मौके पर बोलते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने आगे कहा कि देश, प्रदेश व जनपद तथा तहसील स्तर में एमडीबीएल स्कूल का आज भी कोई जोड़ नहीं**

घाटमपुर। उमरी के महर्षि दयानंद बब्बू लाल इन्टर कालेज व महर्षि दयानंद बब्बू लाल पब्लिक जूनियर हाईस्कूल द्वारा आयोजित संस्थापक दिवस व वार्षिकोत्सव पर बोलते हुए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि महर्षि दयानन्द बब्बूलाल इण्टर कालेज के मेघावियों ने जनपद में ही नहीं बल्कि प्रदेश में कॉलेज का नाम रौशन किया है।उन्होंने आगे कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि निदेशक राजकुमार सचान के जीवन का लक्ष्य शिक्षा की अलख जगाना ही है।जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार राय ने कहा किने कहा कि मैने आज तक इतना अनुशासित व सुन्दर आयोजन नहीं देखा। आज देखकर खुद को गौरांवित महसूस कर रहा हूं।उन्होंने कॉलेज के निदेशक आर के सचान व प्रधानाचार्य सुमित सचान तथा प्रबन्धन समिति द्वारा कालेज में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य को बुलंदियों को पंख देने पर भी खुशी जताते हुए कहा कि आगे भी आप इसी तरह राष्ट्र का गौरव बने। इस मौके पर देशएप्रदेश व जनपद तथा तहसील स्तर में एमडीबीएल कालेज का डंका बजाने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को छात्र वृत्तिएमेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गयाए तो वह खुशी से झूम उठे। इससे पहले विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए माव शिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमराज सिंह गौरए जिलाध्यक्ष राकेश कुमार तिवारीएपूर्व विधायक राम कुमारए हिन्दू चैरिटेबल ट्रस्ट लखनऊ से आए डॉव आमोद कुमार सचानए मोहित तिवारीए एन पी सिंह आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में महर्षि दयानंद बब्बू लाल इन्टर कालेज कॉलेज के प्रधानाचार्य व कई कॉलेजों के डायरेक्टर आर के सचान ने शिक्षा को जो बुलंदियों को पंख दिए हैंए वह सराहनीय है।उन्होंने समारोह में छात्र छात्राओं के बीच अनुशासन पर भी खुशी जताते हुए कहा कि यही बच्चों को बुलंदियों तक ले जायेगा। एमडीबीएल को बुलंदियों के पंख देने व 17 शिक्षण संस्थाओं के निदेशक राज कुमार सचान ने समरोह का संचालन करने के साथ कहा कि उनका सदैव प्रयास रहा है कि वह अभिभावकों के भरोसे को कायम रखें। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा को मैंने कभी व्यवसाय नहीं समझा बल्कि ऐसी शिक्षा देने का सदैव प्रयास किया है जो छात्र छात्राओं को स्वाव लम्बी बनाने के साथ राष्ट्र को मजबूत करती हो। प्रबंधक अमित आर्य ने इस मौके पर पहुंचे विशिष्ट अथितियों व जनपद कानपुर नगर व देहात के अलावा फतेहपुर आदि के कॉलेजों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों को प्रतीक चिन्ह देने के साथ शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।वही छात्र छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम मे जमकर धमाल मचाया। इस मौके पर कई कॉलेजों के प्रधानाचार्यो के अलावा शिक्षक व अभिभावक भी मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त शिक्षा निदेशक राजेश कुमार वर्मा ने की। **सम्मान पाकर खुशी से झूमे मेघावी छात्र.छात्राएं** घाटमपुर।उमरी के महर्षि दयानंद बब्बू लाल इन्टर कालेज का देशएप्रदेश व जनपद में परचम लहराने वाले इंटर मीडिएट के छात्र छात्राओं को कॉलेज के प्रबन्धक अमित आर्य ने निदेशक राज कुमार सचान व प्रधानाचार्य सुमित सचान के साथ छात्र वृत्ति व मेडल तथा प्रशस्थि पत्र देकर सम्मानित किया गया



### पार्षद ने किया साइड पटरी सहित अन्य कार्यों का भूमि पूजन

नौबस्ता पश्चिम वार्ड 65 पार्षद योगेन्द्र शर्मा के द्वारा दामोदर नगर स्थित लक्ष्मी आनंद इलेक्ट्रॉनिक के बगल वाली साइड पटरी एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि नगर महापौर एवं नगर निगम के सहयोग से निरन्तर वार्ड के सम्पूर्ण कार्यों का कार्य तेजी से हो रहा है। इस दौरान पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने क्षेत्रीय महिलाओं एवं माताओं से हालचाल लेते हुए समस्याओं के बारे में जानकारी ली। क्षेत्रीय सुमित सचान ने कहा कि मौजूदा पार्षद के द्वारा निरन्तर क्षेत्र की समस्याओं का निस्तारण कराया जा रहा हैं।भूमि पूजन के उपरांत क्षेत्रीय वरिष्ठ जनो का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से पार्षद योगेंद्र शर्मा विकास सविता टिंकू राजपूत अमित तिवारी अवधेश बाजपेयी राजू तिवारी विनोद तिवारी विजय वर्मा अनुज बाजपेयी भानू ठाकुर राजेश शुक्ला ऋतिक शर्मा पप्पू मिश्रा सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

### शमशान घाट निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध अन्य जगह बनाए जाने की लगाई गुहार

**आधा सैकड़ा लोगों ने उप जिलाधिकारी नर्वल को हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना पत्र देते हुए अन्य जगह निर्माण कराने की लगाई गुहार**

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। विकासखंड के दौलतपुर नर्वल गांव में प्रस्तावित शमशान घाट के निर्माण कार्य शुरू होने के पहले ही ग्रामीणों का विरोध शुरू हो गया ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी नर्वल को देते हुए गुहार लगाई कि शमशान घाट गांव के बहुत नजदीक है जहां खेतो में महिलाओं सहित घर के बच्चे कार्य करते है ऐसे में दूसरी जगह शमशान घाट बनाए जाने की मांग की। दौलतपुर नर्वल निवासी जितेंद्र कुमार शिवनारायण विजय कुमार कल्लू पाल सुजीत कुमार वंश लाल इंद्रराज अनूप आदि ने लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि आबादी के नजदीक ही शमशान घाट हेतु जमीन प्रस्तावित जिसके नजदीक ही चेरिटेबल अस्पताल सहित खेत आदि है जहां घरों की महिलाएं बच्चों सहित काम करती है ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित जगह पर शमशान घाट बनने से लोगों को असुविधा होगी इससे उपरोक्त शमशान घाट आबादी से दूर बनाया जाना आवश्यक है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई निर्माण मण्डल, महोबा**

**ई–निविदा सूचना सं0–03/अधी0अभि0/2025–26**

महामहिम श्री राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 के निम्नलिखित पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिसमें इच्छुक निविदादाताओं द्वारा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा प्रपत्र, निम्नानुसार निर्धारित तिथि तक आनलाइन डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेगें, जो दिनांक 12–12–2025 को अपरान्ह 16.00 बजे मुख्य अभियंता(परि0/बे0) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, झांसी द्वारा गठित समिति के समक्ष अधीक्षण अभियंता, सिंचाई निर्माण मण्डल, महोबा के कार्यालय कक्ष में आनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अपलोड करने से पहले निविदादाता निविदा सूचना में उल्लिखित शर्तो का भली भांति अध्ययन कर लें:–

| लाट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 एवं स्टेशनरी चार्ज सहित)रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | विभाग में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महोबा | क्योलारी फीडर नहर पर किमी0 3.100, किमी0 5.200 एवं किमी0 5.800 पर वी0आर0बी0 निर्माण कार्य | 226.70 | 4.54 | 5390.00 | 06 माह | ए अथवा उच्च |

नोटः– कार्य की लागत में जी0एस0टी0 सम्मिलित नही है।

निविदा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ

| Sr.No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Pre Bid meeting date | - | - |
| 2 | Bid Submission Start date | 04-12-2025 | 11.00 A.M. |
| 3 | Bid Submission End date | 12-12-2025 | 15.30 P.M. |
| 4 | Technical Bid Opening | 12-12-2025 | 16.00 P.M. |
| 5 | Financial Bid Opening | Date, time and place will be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line at e-portal and notice board. | -- |

निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी उ0प्र0 सरकार की ई–टेण्डर की वेबसाईट (http://etender.up.nic.in) सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की वेबसाईट (http://information.up.nic.in) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http://irrigation.up.nic.in) पर भी उपलब्ध है।

(सी0 के0 मंगलम)
अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई निर्माण मण्डल, महोबा

उ0प्र0 241750 दिनांक– 01.12.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता कन्नौज–फर्रुखाबाद वृत्त, लो0नि0वि0, कन्नौज**

पत्रांक : 4050एम/39M-K.F.V./2025/. दिनांक : 19.11.2025

**ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 ए. एवं बी श्रेणी (सेतु कार्य) में पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | धरोहर धनराषि (लाख रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जीएसटी सहित (रु0) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., कन्नौज | एस0एन0टी0टी0एम0 मार्ग से जनखत औसेर सम्पर्क मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 7 में गंगनहर पर लघु सेतु एवं पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य। | 276.00 | 15.80 | 12 माह | 2714.00 |
| 2 | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., कन्नौज | जनपद कन्नौज में संयोगिता मार्ग सराय चौराहे से गंगाघाट वाया जलेश्वर सम्पर्क मार्ग पर पुल/पुलिया का निर्माण कार्य। | 115.00 | 7.75 | 12 माह | 2714.00 |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक : 06.12.2025 से 15.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध है जो दिनांक 15.12.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 15.12.2025 को दोपहर 12:30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाए प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, को साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के पोर्टल चाणक्य के प्रहरी सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी अपलोड करना होगा।

(दीपेश अस्थाना)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., कन्नौज

(सनत गुप्तरिशी)
अधीक्षण अभियन्ता
कन्नौज–फर्रुखाबाद वृत्त, लो.नि.वि., कन्नौज

उ0प्र0 241549 दिनांक– 27.11.2025 Web.: www.upidadv.gov.in



**कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद–फतेहगढ़**

पत्रांक 961/1–30/2025–26 दिनांक– 29.11.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद में राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि में उपलब्ध धनराशि से कान्हा गौशाला सकवई में गौवंशों के स्वास्थ्य/सुरक्षा के दृष्टिगत ठंड से बचाव हेतु त्रिपाल आपूर्ति में शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अधीन निम्न सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/एजेंसी/कम्पनी/ठेकेदार दिनांक 10.12.25 समय 4.00 बजे तक सील बन्द निविदा दे सकते है। निविदा पत्र, निविदा आमंत्रण तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 10.12.25 सायंकाल 4.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ लागत की 5 प्रतिशत जमानत राशि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद के नाम बन्धक होगी, जो एन०एस०सी०/ एफ०डी०आर०/ नगद जमा रसीद फार्म–5/टी०डी०आर० के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। बिना जमानत राशि व सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। नियम व शर्ते कार्यालय कार्य दिवस में अवलोकन कर सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन राशि | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | धरोहर राशि 5 प्रतिशत | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कान्हा गौशाला सकवई में गौवंशों के स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत ठंड से बचाव हेतु त्रिपाल आपूर्ति हेतु (लम्बाई लगभग 390 मी० एवं चौड़ाई 3.60 मी०) कुल क्षेत्रफल 1404 वर्गमीटर | 350750.00 | 472.00 | 17538.00 | 15 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
फर्रुखाबाद।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद,
फर्रुखाबाद।

## प्राइवेट बस ने वृद्ध को रौंदा, मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के उधन्नापुर में रविवार की शाम रोड किनारे अलाव ताप रहे 68 वर्षीय वृद्ध को प्राइवेट बस ने रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उधन्नापुर गांव निवासी रामआसरे का पुत्र मोहनलाल रविवार की शाम रोड किनारे अलाव ताप रहा था। तभी हुसैनगंज से शहर आ रही प्राइवेट बस ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

# विधानसभाओं में तेजी लाने को प्रतिदिन करें समीक्षा बैठक : रामकिशोर



फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री व एसआईआर के क्षेत्रीय संयोजक रामकिशोर साहू ने जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सोमवार को डाक-बंगले में बैठक की। जिसमें क्षेत्रीय संयोजक ने एसआईआर कार्यक्रम में तेजी लाने की बात दोहराई। क्षेत्रीय महामंत्री श्री साहू ने उपस्थित लोगों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रतिदिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से बूथवार जानकारी लेकर समीक्षा करें व काम में पिछड़े बूथों पर पार्टी के नेताओं को भेजकर कार्य में रफ्तार बढवायें। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बूथ प्रमुख के साथ ही शक्ति केंद्र, मंडल व जिला पदाधिकारी सहभागिता स्वयं से सुनिश्चित करें। बैठक में अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उदय लोधी, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, कुलदीप भदौरिया, पुष्पा पासवान, मनोज मिश्रा, पंकज त्रिपाठी ज्योति प्रवीण, राजेश सिंह जनसेवक सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। उधर जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शहर के पक्का तालाब बूथ पर एसआईआर व हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई गई जिसमें जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह, सदर विधानसभा संयोजक एसआईआर बच्चा तिवारी, पंकज त्रिवेदी, विवेक श्रीवास्तव सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इशाईन पुरवा में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को शत प्रतिशत पूरा करने में जुटे बीएलओ



फतेहपुर। शहर के इशाईनपुरवा वार्ड में एसआईआर (संक्षिप्त पुनरीक्षण) मतदाता पुनरीक्षण कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कराने के लिए बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) टीम पूरी लगन और तन्मयता के साथ जुटी हुई है। इस महत्वपूर्ण कार्य में समाजसेवी सभासद सुनील गुप्ता का सहयोग टीम के लिए संजीवनी का काम कर रहा है। बीएलओ टीम घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन और सूची में संशोधन कर रही है। इसके साथ ही, सभासद सुनील गुप्ता के कैंप कार्यालय में भी विशेष कैंप लगाकर कार्य को तेजी से निपटाया जा रहा है। सभासद गुप्ता ने खुद अपनी टीम को इस काम में लगाया है और वे लोगों को घर से बुला-बुलाकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूरा करवा रहे हैं। इस कार्य में मुख्य रूप से बीएलओ अलका आनंद गौरव, अरुणा वर्मा, सत्येंद्र कुमार, अमित सिंह, बुधराज, और उमाशंकर पांडेय शामिल हैं। सिर्फ 52 से 53 फ़ीसदी ही हो पाया काम- सभासद सुनील गुप्ता ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि मतदान केंद्र श्रीमती रामग्री बालिका इंटर कॉलेज में अभी तक मतदाता पुनरीक्षण का कार्य केवल 52 से 53 प्रतिशत तक ही हो पाया है। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा कि मतदाताओं में उत्साह की कमी और जागरूकता का अभाव पूरी तरह से दिखाई दे रहा है। मतदाताओं की उदासीनता के कारण कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने में बड़ी कठिनाई सामने आ रही है। इसके बावजूद, बीएलओ टीम और सभासद सुनील गुप्ता ने शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने और मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए।

# विश्व एड्स दिवस पर निकली जागरूकता रैली, किया गया जागरूक




फतेहपुर। जीटी रोड स्थित मां रामरति मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। कॉलेज के अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली हॉस्पिटल के सामने से शुरू होकर जिला चिकित्सालय तक गई। इस दौरान छात्र-छात्राएं एड्स से संबंधित जानकारी और बचाव के संदेश लिखित तक्तियां लिए हुए थे और जागरूकता बढ़ाने वाले नारे लगा रहे थे। रैली का मुख्य उद्देश्य आम जनता को एचआईवी एड्स के बारे में शिक्षित करना और संक्रमित लोगों के प्रति भेदभाव को समाप्त करना था। रैली में कॉलेज प्रशासिका श्रीमती प्रियंका सिंह व कॉलेज के शिक्षक एवं कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।

रैली समापन के बाद कॉलेज परिसर में छात्राओं द्वारा पोस्टर, रंगोली, प्रहसन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने एड्स की रोकथाम पर अपनी रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित किया।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई झण्डी

फतेहपुर। विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को एचआईवी व एड्स जागरूकता रैली का आयोजन जिला चिकित्सालय एवं लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जन कल्याण महासमिति के सहयोग से जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें आम जनमानस को एचआईवी व एड्स के प्रति जागरुक किया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव नयन गिरि, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 राजेश कुमार, जिला क्षयरोग अधिकारी डा0 निशात शहाबुद्दीन, डा0 डीके वर्मा, टीबी व एचआईवी जिला समन्वयक मो0 नसीम, लेखाकार प्रशांत चतुर्वेदी एवं समस्त आईसीटीसी एवं पीपीटीसीटी एवं एआरटी स्टाफ उपस्थित रहा। परियोजना प्रबन्धक अजय सिंह चौहान, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी/लेखाकार आदर्श मिश्रा के अलावा समस्त स्टाफ व पियर एजूकेटर उपस्थित रहे।

**- बैंकर्स जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ाए- डीएम**

# केन्द्र/राज्य सरकार की ऋण से सम्बंधित योजनाओं का कराया जाये व्यापक प्रचार-प्रसार

फतेहपुर। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वितीय त्रैमास में दिनांक विगत तीस सितंबर को जनपद फतेहपुर का ऋण जमानुपात 50.06 रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ाए। बैठक मे वार्षिक ऋण योजना (2025-26), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार सृजन योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की प्रगति वित्तीय समावेशन, साक्षरता एवं जागरूकता अभियान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना की प्रगति, पशुपालन एवं मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड विशेष कैंप की प्रगति, आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र के क्रियाकलापों का अनुश्रवण आदि की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन आवेदको के ऋण स्वीकृत हो गए है उनको तत्काल वितरित करें, साथ ही जो आवेदन लंबित है, का नियमानुसार निस्तारण ससमय कराया जाय एवं जितने भी आवेदन एक माह से लंबित है, का कारण सहित रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि जिन बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण का वितरण कम हुआ है को कैसे बढ़ाया जाय, के लिए उप कृषि निदेशक, जिला समन्वयक बैंक ऑफ बड़ौदा, भारती स्टेट बैंक के साथ बैठक कर रिपोर्ट से अवगत कराए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत जिन बैंकों के आवेदन लंबित है, के साथ जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराकर लंबित आवेदनों की प्रगति की रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के दावे जो स्वीकृत हो गए है उनको तत्काल वितरण कराए और जितने आवेदन लंबित का का कारण स्पष्ट करे।

वित्तीय समावेशन, साक्षरता एवं जागरूकता अभियान से संबंधित एजेंसी जागरूकता अभियान को ग्रामों में होने वाली चौपालों में सम्मिलित किया जाय साथ ही बैंक की जो तत्काल सेवाएं देने योग्य है, को लाभार्थियों को उपलब्ध कराए। उन्होंने उपायुक्त स्वतः रोजगार, सहायक निदेशक मत्स्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया की अपने विभाग मे संचालित योजनाओ के पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराएं। केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित ऋण से सम्बंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय, ताकि जनपदवासी स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सके। उन्होंने आरसेटी द्वारा स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किए गए प्रशिक्षुओं को संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए बैंक क्रेडिट लिंकेज कराया जाय।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, आरबीआई प्रतिनिधि, एलडीएम गोपाल कृष्णा, उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, समस्त डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# गीता जयंती पर भदबा में कवि सम्मेलन का आयोजन

- साहित्यकार डॉ. गया प्रसाद सनेही का हुआ सारस्वत अभिनंदन
- पुण्य भूमि देवों की धरती, तन मन धन सब पावन करती...

फतेहपुर। साहित्य भारती भदबा के तत्वावधान में अवसर पर 67वां वार्षिकोत्सव एवं डॉ. हरिप्रसाद शुक्ल अकिंचन का 8वां स्मृति दिवस आचार्य सत्यानंद शुक्ल की अध्यक्षता में मनाया गया। गीता जयंती के मौके पर प्रातः हवन पूजन के बाद साहित्यकार डॉ. गया प्रसाद सनेही का सारस्वत अभिनंदन हुआ। अतिथियों का माल्यार्पण एवं बैज अलंकरण संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ल प्रणव संरक्षक डॉ. अवनीश शुक्ल, प्रभात शुक्ल व आलोक शुक्ल ने किया। बाद में हुए कवि सम्मेलन में कवियों ने काव्य पाठ कर मौजूद श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कवि मधुसूदन दीक्षित ने पढ़ा- अंतर में बैठे ईश्वर का मैं अभिमानी हूं, उसका ही आलोक चतुर्दिक अवदानी हूं। महेश चंद्र त्रिपाठी ने डॉ. सनेही के सम्मान में पढ़ा- बोते कविता के बीज बहुत, कवि गया प्रसाद सनेही। के.पी. सिंह कछवाह ने पढ़ा पुण्य भूमि देवों की धरती तन मन धन सब पावन करती। कवि नवीन शुक्ल ने पढ़ा ग्रंथ लघु खंड हो गया होता। संचालन करते हुए शिवशरण सिंह चौहान अंशुमाली ने पढ़ा देश के तिरंगे तुमको सलाम है। डॉ. अश्वनी कुमार शुक्ल ने पढ़ा राम से द्वेष तक तुष्टि से अन्वेष तक।

रामकृपाल मिश्र उज्ज्वल ने पढ़ा मूंछ मर्द की शान है होती, मूंछ बड़ी हो या हो छोटी। इसके अलावा कवि श्रवण कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश शुक्ल, धीरेंद्र पाल, राम अवतार गुप्त, चंद्रमती चतुर्वेदी, गणेश तिवारी, दीप चंद्र गुप्त, गौरव सिंह, आकाश महाराज, रामकुमार गुप्त ने भी अपनी रचनाएं सुना मौजूद श्रोताओं की तालियां बटोरी। इस दौरान राम किशोर मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, अवधेश अवस्थी, नीरज मिश्र, चंद्रकांत अवस्थी, राजबहादुर यादव, रामशंकर पटेल, अजय द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# अपना दल एस की महिला विंग मुखिया का हुआ जोरदार स्वागत



**- समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं से हुई रूबरू**

**फतेहपुर।** अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंच वाराणसी से आज आगमन हुआ। फतेहपुर शहर की सीमा पर पार्टी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल एवं चिकित्सा मंच के उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनपद सीमा हाईवे पर फूल माला पहनकर स्वागत किया। तत्पश्चात शहर की तमाम चौराहा पर लगी हुई महान क्रांतिकारियों की मूर्तियों पर जाकर के माल्यार्पण किया। उसके बाद डाक बंगला पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चिकित्सा मंच के उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंच सुश्री दीप माला कुशवाहा का बुके देकर सम्मान किया। तत्पश्चाप सभी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपमाला कुशवाहा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक समीक्षा बैठक भी की गई, जिसमें सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए महिलाओं को आगे आने का आवाहन किया। पार्टी से ज्यादा से ज्यादा महिलाएं जोड़ने की बात कही। उन्होंने बताया कि आने वाले पंचायत चुनाव में हमारी पार्टी सभी पदों पर पंचायत चुनाव लड़ेगी जिसके लिए बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। पार्टी की योजनाएं और नीतियों के बारे में जन-जन तक बताया जा रहा है। पार्टी के चिकित्सा मंच के उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी ने पार्टी के लिए गांव-गांव जाकर के पार्टी को मजबूत करने और आने वाले पंचायत चुनाव की तैयारी के बारे में लोगों को जागरूक किया और शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में भी लोगों से चर्चा की और हर संभव मदद देने का भरोसा दिया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल ने समीक्षा बैठक में आए हुए सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की की ज्यादा से ज्यादा लोग गांव-गांव जाकर के आने वाले पंचायत चुनाव की तैयारी में जुट जाए। इस मौके पर महिला मंच की अध्यक्ष श्रीमती कांति कुशवाहा, महिला मंच महासचिव सुमन मौर्य, सुनीता बौद्ध, राजेश कुमार पटेल, पदम सिंह पटेल, अभय पटेल, पप्पू पटेल, सुरेश सिंह पटेल, सर्वेश कुमार कुशवाहा, गौरव तिवारी, बाबी पटेल, सोनू पटेल, करण पटेल सहित सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ता मौजूद है।

## खबर एक नज़र

### स्वामी मूलानंद महाराज का मनाया निर्वाण दिवस

फतेहपुर। शहर के जीटी रोड राधा वाटिका में सोमवार को ब्रम्हलीन परमपूज्य श्रीश्री 1008 श्री मूलानंद जी महाराज सरस्वती के 29वें निर्वाण दिवस पर प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में साधू संतों ने हिस्सा लिया। पूर्व मंत्री समेत विधायक ने साधू संतों को अंग वस्त्र भेंटकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजक पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्त, अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने सर्वप्रथम स्वामी मूलानंद जी महाराज सरस्वती की पूजा-अर्चना विधि-विधानपूर्वक की तत्पश्चात वहां उपस्थित साधू संतों को अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सभी साधू संतों को पंक्ति में बैठाकर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। साधू संतों ने आयोजकों को अपना आशीर्वाद भी दिया। इस मौके पर तमाम भाजपाई व समर्थक मौजूद रहे।

### सीडीओ ने किया निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण

फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज परिसर में निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण किया। स्टेडियम का कार्य कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा मे. नन्द किशोर सिंह के माध्यम से कराया जा रहा है। मौके पर कार्य की गुणवत्ता ठीक नहीं पाई गई। कार्यस्थल पर पीले गुणवत्ताहीन ईट पाए गए, जिन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। कार्यदायी संस्था एवं फर्म को नोटिस जारी करते हुए जांच के निर्देश दिए गए। ईट व अन्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए मानक के अनुरूप सामग्री प्रयोग कर कार्य पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या श्रीमती अल्का गौड़ व अन्य मौजूद रहे।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने सीवर लाइन परियोजना का देखा कार्य

फतेहपुर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने स्वीकृत हुए सीवर लाइन परियोजना के प्रारंभ होने जा रहे कार्य को देखने मदारीपुर कला पहुंची। साध्वी के इस निरीक्षण में जल निगम शहरी के सहायक अभियंता सुरेंद्र कुमार, जेई अभियंता आरके ठाकुर और जेई अभियंता पीसी पटेल मौजूद रहे, जिन्होंने सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए आरक्षित जमीन को देखा। कहा कि अभी इस जमीन की लेबलिंग व बाउंड्रीवाल कराया जा रहा है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री साध्वी ने कार्य पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना सन 1990 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व0 विश्वनाथ प्रताप सिंह ने रखी थी। जो भाजपा सरकार में सन 2023 में स्वीकृत हुई। साध्वी ने यह भी बताया कि यह कार्य मेरा इस जनपद के विकास के लिए सपना था, जो पूर्ण हुआ। यह कार्य शहर के लिए वरदान साबित होगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, शिव प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह, रघुवीर लोधी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### देश में आतंकी घटनाओं पर हिंदू महासभा ने किया प्रदर्शन

फतेहपुर। पिछले दिनों दिल्ली के लाल किला के पास हुए आतंकी हमले के विरोध में सोमवार को अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को पांच सूत्रीय ज्ञापन भेजकर मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी की अगुवई में कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम के माध्यम से पीएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि दिल्ली के लाल किले के निकट दस लोगों की जान लेने वाली कार धमाका/आतंकी घटना में पकड़े गए आतंकवादियों को शीघ्र जांच पूरी करके फांसी के फंदे पर लटकाया जाए। जान गंवाने वाले परिजनों को एक करोड़ रूपए की सहायता राशि प्रदान की जाए। श्रीनगर में जैस-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाने वाले जिहादी इस्लामिक कट्टर मौलवियों को चिन्हित करके गिरफ्तार किया जाए। आतंकवादियों का केन्द्र व विस्फोटक सामग्री मिलने वाले अल्फलाह मेडिकल कालेज व विश्वविद्यालय को मिले सारे साक्ष्यों के आधार पर ध्वस्त किया जाए, आपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ इस आधार पर इन आतंकी घटनाओं के जनक व षड़यंत्रकारी पाकिस्तान के ऊपर आक्रमण किया जाए तथा पिछले दिनों समाज में विद्वेष व घृणा फैलाने वाले मध्य प्रदेश भोपाल के कृषि विभाग के उप सचिव आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को शीघ्र निलंबित करके जेल भेजा जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र, स्वामी रामआसरे आर्य, राजेन्द्र मौर्य, दीपक यादव, राज शर्मा, शिवाकांत तिवारी, श्रवण कुमार राजपूत, ओमलता, अशोक कुमार मौर्य, करन सिंह पटेल, अर्जुन प्रसाद, राम सिंह मौर्य, राहुल गुप्ता, संतोष कुमार, मूलचन्द्र गुप्ता भी मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर के चबूतरे से टकराई बाइक, दो की मौत

- दुर्घटना में एक घायल, दोस्त की बहन की शादी में आए थे तीनों

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बे में रविवार की मध्य रात तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक रोड किनारे ट्रांसफार्मर के पक्के चबूतरे से टकरा गई जिसके चलते बाइक सवार जहां दो युवकों की मौत हो गई वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार एटा जनपद के ग्राम बकालपुर निवासी अमित कुमार 22 वर्ष पुत्र गोपीचंद, शिवम कनौजिया 24 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामकिशन कनौजिया निवासी कस्बा अमौली थाना चांदपुर एवं पुनीत तिवारी 23 वर्ष पुत्र सुजीत तिवारी निवासी हरईया थाना पिहानी जनपद हरदोई एक ही बाइक पर सवार होकर कानपुर से बिंदकी कस्बा दोस्त की बहन की शादी में आए थे। वापस लौटते समय उनकी बाइक ट्रांसफार्मर के पक्के चबूतरे से टकरा गई, जिससे सभी गंभीर घायल हो गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में एंबुलेंस ने भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक ने अमित कुमार व शिवम कनौजिया को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर घायल पुनीत तिवारी को प्राथमिक उपचार बाद हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों लोग हैलट अस्पताल कानपुर में एक्स-रे टेक्निशियन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। तीनों लोग कानपुर में साथ में ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अर्पित कुमार पुत्र बच्छराज निवासी जद्दूपुर बसंत खेड़ा की बहन की शादी में शामिल होने रविवार की रात को बिंदकी कस्बे के फरीदपुर मोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आए थे और शादी कार्यक्रम के बाद वापस बकेवर की ओर जा रहे थे। तभी खजुहा कस्बे में अनियंत्रित बाइक रोड किनारे ट्रांसफार्मर लगे एक पक्की चबूतरे से टकरा गई जिससे दुर्घटना हो गई। पुलिस ने मृतक दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तेरहवीं संस्कार के पंडाल में घुसा अनियंत्रित वाहन, एक की मौत

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गनपतपुर में रविवार की शाम तेरहवीं संस्कार में खाना खा रहे लोगों के ऊपर अनियंत्रित होकर चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं सात वर्षीय बालक समेत 04 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जिसमें बालक की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार गनपतपुर गांव निवासी दिवंगत उमेश के तेरहवीं संस्कार में गांव के ही ननका सिंह का पुत्र विष्णु उर्फमिठाईलाल, अनमोल पुत्र दिनेश, मोहित पुत्र दिनेश गौतम 13 वर्ष निवासी मोहद्दीपुर, राजू पुत्र शिवशंकर 35 वर्ष, सोनू पुत्र चन्द्रसेन 25 वर्ष शाम लगभग सात बजे खाना खा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार चार पहिया अनियंत्रित होकर पंडाल में घुस गई, जिससे सभी लोग वाहन की चपेट में आ गए। मौके पर ही विष्णु उर्फमिठाईलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बालक अनमोल सहित 04 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां अनमोल की हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चित्ता का पुरवा के समीप पैदल जा रहे 58 वर्षीय अधेड़ को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान हरदों सीएचसी में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भोगलपुर गांव निवासी मंगलवा का पुत्र रमेश चन्द्र खेत से पैदल घर आ रहा था। जब वह चित्ता का पुरवा के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए हरदों अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## गंभीर समस्या

इस समय नई पीढ़ी की बुनियाद में सबसे बड़ी दरार बनकर मोबाइल और उसमें इंटरनेट की व्यापक दुनिया खड़ी हो गई है। इसका बड़ा कारण यह है कि किशोर या नाबालिगों सहित नेट की सुविधा रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति इसके अलग-अलग प्लेटफार्म पर मौजूद अराजक, आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री तक अपनी पहुंच बड़ी आसानी से बना लेता है। यह रुझान इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि कई देशों ने सोशल मीडिया और इस तरह के अन्य इंटरनेट प्लेटफार्म को अवयस्कों एवं किशोरों के लिए प्रतिबंधित भी कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और डेनमार्क जैसे देशों ने तो बाकायदा इसके लिए कानून भी बना दिए। हमारे देश में भी इस समस्या को लेकर आवाज उठाई जा रही है कि इसके लिए कारगर और ठोस नियमन निर्धारित किया जाए। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि एक स्वायत्त नियामक संस्था बनाई जाए जो उसे पर रोक लगा सके। उसका सुझाव है कि इंटरनेट पर मौजूद अश्लील या वयस्क प्रकृति की सामग्री को बच्चों से दूर रखने के लिए आधार की संख्या से आयु की पुष्टि करने की व्यवस्था बनाने पर भी सोचा जाना चाहिए। दरअसल इंटरनेट के उपयोग को लेकर दो पहलू हैं। पहला तो यह कि पढ़ाई-लिखाई से लेकर रोजगार तक और मनोरंजन आदि के लिए नेट से काफी हद तक मदद मिलती है। इसलिए इस पर निर्भरता का क्षेत्र काफी विस्तृत हुआ है। लेकिन दूसरा पक्ष यह है कि जिस साइबर तकनीकी ने इतनी सुविधा दे रखी है, उसी में ऐसी सामग्री भी बहुतायत में है जो उतने ही विस्तृत रूप से बेहद नुकसानदायक है। समस्या इस लक्ष्य के समस्या इस लक्ष्य के मद्देनजर भी जटिल हो जाती है कि नई तकनीक और प्रौद्योगिकी के तेजी के साथ होते जा रहे विस्तार के वर्तमान समय में समाज तथा इसका व्यवस्थागत ढांचा भी बड़े पैमाने पर बदल रहा है। ऐसे में नियमन का प्रारूप और प्रक्रिया निर्धारित करते समय यह सावधानी भी बरतनी बहुत आवश्यक होगी कि इसके नाम पर लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के अधिकार का हनन होने पाए। वर्तमान पढ़े-लिखे समाज की बौद्धिक गतिविधियां जिस तरह हर क्षेत्र में बढ़ रही हैं, उसमें ऐसे टकरावों-विवादों का उभरना अब कई बार सामने आया है। इसलिए एक अत्यंत व्यापक दायरे के परिप्रेक्ष्य में इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव से निपटने के लिए कदम उठाना जरूरी होता जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य देशों की तरह भारत सरकार भी इस बारे में प्रभावी पहल शीघ्र करेगी।

## उचित निर्देश

सरकारी और निजी बसों के दिल दहला देने वाले हादसे हाथ से अब नहीं बात नहीं रह गए हैं देश भर के किसी न किसी हिस्से से ऐसी दुर्घटनाओं की खबरें बराबर आती रहती हैं उत्तर प्रदेश में भी ऐसे मामले हुए हैं हादसे हुए ऐसे भी हुए जिनमें चलती बस में आग लग गई और कई यात्रियों की जलकर मौत हो गई यह साधारण घटनाएं नहीं है लेकिन खेत जनक बात यह कि इन्हें उसे गंभीरता से नहीं लिया गया जिसमें कोई प्रभावी कदम उठाया जाता जांच और कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई हालांकि इसे लेकर सरकारी तौर पर अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया लेकिन एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जरूर कदम बढ़ा दिए हैं आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली स्लीपर कोच बसों को हटाने का निर्देश दिया है मुद्दा यह था कि कुछ बसों में ड्राइवर का केबिन यात्री डिब्बे से पूरी तरह अलग होता है जिससे किसी आपात स्थिति में आज का समय पर पता लगा पाना और सूचना देना मुश्किल हो जाता है आयोग से भी यह कहा गया कि सार्वजनिक परिणाम बेसन की डिजाइन में गंभीर खामियां यात्रियों के जीवन को खतरे में डाल रही हैं यह कोई बहुत रहस्य की बातें नहीं है जो एकाएक सामने लगी गई हो हर ऐसे हादसे के बाद उन्हें उठाया जाता रहा है लेकिन केवल खाना पूरी करने के परंपरा निभाते हुए उनकी पूरी तरह उपेक्षा कर दी जाती है रही या ना तो जिम्मेदारी निभाने वाली बात है और ना ही इसमें मानवी संवेदना का ही कोई क्वेश्चन है यह कुछ ऐसा है कि बस मालिकों और परिवहन विभागों को केवल भारी भरकम किराया चाहिए वह तो हो गया बाकी बात खत्म आगे जिसका जैसा मुकद्दर हो किसी सार्वजनिक या निजी सेवा के लिए ऐसा गद्य में धारा खानी रवैया कतई उचित नहीं हो सकता वह भी तब जब सेवा के बदले में मनमाना पैसा लिया जा रहा हो व्यवसाय तो व्यवसाय ही है लेकिन उसमें नैतिकता का लोप तो नहीं होना चाहिए। एनएचआरसी की शक्ति से यह स्थिति सुधर जाए तो उसे बहुत बड़ी उपलब्धि माना जाएगा वैसे यह कोई अच्छा चलन नहीं है कि जब तक आधार से या आयोग आदेश निर्देश न दें तब तक कोई सरकारी काम सही ढंग से नहीं होगा।

## कांव-कांव

◆◆◆

तीन राज्यों से तीन आतंकी गिरफ्तार
**खोजते रहिए अभी और मिलेंगे!**
पाकिस्तान गाजा में सेना भेजने को तैयार
**इसी बहाने हमास की मदद तो हो जाएगी!**
बलिया में मंत्री के विवादास्पद बोल
**कह देंगे बयान तोड़ा-मरोड़ा गया!**
देश में 10.66 प्रतिशत वयस्क किसी मानसिक विकार से पीड़ित
**खुराफात करते रहेंगे तो और क्या होगा!**
पुलिस बनकर 80000 की ठगी
**यह है 'एडवांटेज खाकी'!**
तेंदुलकर से 'विराट' हुए कोहली
**लोग तो आपकी चली-चला की सोच रहे थे!**

◆◆◆

# मजदूरों की मुश्किलें

**– अजीत द्विवेदी**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का एक स्थायी दावा होता है कि वह जो भी काम कर रही है वह सबसे बड़ा काम है या ऐसा काम पहले कभी नहीं हुआ। तभी छह साल पहले 2019 में भारतीय संसद से पास चार श्रम कानूनों को लागू करते हुए ऐसा ही दावा किया गया है। हैरानी की बात है कि अनेक मीडिया समूह भी अपने संपादकीय में इन कानूनों को इसी रूप में पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में किसी भी केंद्र सरकार द्वारा किया गया सबसे बड़ा आर्थिक सुधार है। ध्यान रहे अब तक 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की ओर से लागू किए गए उदारीकरण के फैसले को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार माना जाता रहा है। अब उसकी जगह श्रम कानूनों को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या यह सबसे बड़ा कथित आर्थिक सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को वैसे ही बदल पाएगा, जैसे 1991 के आर्थिक सुधारों ने बदला था? और क्या इससे श्रमिकों की हालत में कोई गुणात्मक परिवर्तन आएगा? इसकी संभावना कम है।

बुनियादी रूप से ये चारों कानून कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। इनकी जो एकमात्र बड़ी खासियत दिखाई दे रही है वह ये है कि पहले से मौजूद 29 केंद्रीय कानूनों को इन चार कानूनों में समेटा गया है। इस आधार पर दावा किया जा रहा है कि पहले इन 29 कानूनों की वजह से उद्योग व कारोबारी समूहों को इनके अनुपालन में समस्या आती थी तो दूसरी ओर श्रमिकों के लिए जरूरी लाभ उपलब्ध कराना मुश्किल होता था। लेकिन असली सवाल तो यह है कि इससे मजदूरों को कैसे फायदा होगा? इस सवाल पर विचार से पहले चारों कानूनों के बारे में संक्षेप में जानना जरूरी है। ये चार कानून वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता है। पहला कानून यानी वेतन संहिता यह सुनिश्चित करेगा कि सभी मजदूरों को एक निश्चित वेतन मिले, वेतन समय पर मिले और वह उचित हो। पहले वेतन, भत्ता, पेंशन, बोनस आदि के लिए अलग अलग कानून थे, जिससे परेशानी होती थी। इसमें एक खास बात यह है कि महिलाओं को पुरुषों के समान काम के लिए समान वेतन का प्रावधान किया गया है। हालांकि उचित और समय पर वेतन मिलना कैसे सुनिश्चित होगा यह कानून लागू होने के बाद पता चलेगा। दूसरा कानून औद्योगिक संबंध संहिता है, जिसके तहत कर्मचारी और कंपनी के संबंधों की व्याख्या की गई है और साथ ही दोनों के बीच विवाद के त्वरित निपटान की व्यवस्था भी बनाई गई है। इसमें हड़ताल और विरोध प्रदर्शन के नियम भी शामिल किए गए हैं और सबसे ज्यादा विरोध इसी नियम का हो रहा है।


तीसरा कानून सामाजिक सुरक्षा संहिता का है, जिसमें असंगठित मजदूरों, ऐप आधारित सेवाओं में काम करने वाले लोग, जिन्हें गिग वर्कर्स कहा जा रहा है उनके लिए जरूरी प्रावधान किए गए हैं। इस कानून में कहा गया है कि कंपनियां इनके लिए सामाजिक सुरक्षा फंड बनाएंगी। इस कानून के जरिए स्वास्थ्य, बीमा और मातृत्व सुविधा जैसे लाभों को हासिल करना आसान बनाया जाएगा। चौथा और अंतिम कानून व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता है, जिसमें कर्मचारियों, मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रावधान है साथ ही कार्यस्थल पर होने वाली परेशानियों को दूर करके उसे बेहतर बनाने के उपाय भी किए गए हैं। पहले से मौजूद 13 कानूनों मिला कर इसे बनाया गया है। इसमें महिलाओं के रात में काम करने का प्रावधान भी किया गया है।

दावा किया जा रहा है कि यह अद्भुत संतुलन वाला कानून है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों को भी फायदा होगा तो उद्योग समूहों को भी लाभ होगा। सवाल है कि जब दोनों के लिए फायदे वाला कानून है तो इसे लागू करने में सरकार को छह साल क्यों लग गए? दूसरा सवाल यह है कि अगर ये कानून मजदूरों के हित में हैं तो देश के ज्यादातर बड़े मजदूर संगठन इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? असल में संसद में पास करने से लेकर इनके नियम बना कर इसे लागू करने तक जब भी इन कानूनों की बात होती है तो दावा किया जाता है कि इनसे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी, समय पर व उचित वेतन मिलेगा तो दूसरी ओर कंपनियों को एक ऐसा सरल ढांचा मिलेगा, जिसके अनुपालन में उनको कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन यह सिर्फ सदिच्छा है। वास्तव में इससे कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा।परंतु उससे पहले इस कानून के कई प्रावधान ऐसे हैं, जिनको मजदूर फेंडली कतई नहीं माना जा सकता है। उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि मजदूरों को नियमों में बांधने, उनके विरोध करने की क्षमता को कम करने और उनकी नौकरी को असुरक्षित बनाने के प्रावधान इन कानूनों में निहित हैं। मिसाल के तौर पर औद्योगिक संबंध संहिता में प्रावधान किया गया है कि तीन सौ तक मजदूर और कर्मचारी वाला उद्योग सरकार की अनुमति के बगैर छंटनी कर सकता है। पहले एक सौ मजदूरों तक की कंपनियों को यह छूट मिली थी। यह दायरा बढ़ाने का मतलब है कि देश की ज्यादातर कंपनियां और उद्योग अपने यहां पहले से ज्यादा आसानी से छंटनी कर पाएंगे। इसमें लगभग पूरा एमएसएमई सेक्टर आ जाता है। ध्यान रहे भारत में ज्यादातर कंपनियां इतने की मजदूरों या कर्मचारियों वाली हैं। इसका मतलब है कि सरकार ने ज्यादातर मजदूरों को कंपनियों की मर्जी के हवाले कर दिया है। इतना ही नहीं मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को भी सीमित कर दिया गया है। नए कानून में प्रावधान है कि हड़ताल से 60 दिन पहले दो महीने पहले नोटिस देना होगा। सोचें, अगर कर्मचारी या मजदूर अपनी किसी समस्या के लिए तत्काल विरोध प्रदर्शन या हड़ताल नहीं कर पाएंगे तो उनकी समस्या को निराकरण कैसे होगा? आवश्यक सेवाओं पर लागू होने वाले कानून को हर तरह के मजदूरों और कर्मचारियों पर लागू कर दिया गया है। इससे उनके विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करना आसान हो जाएगा। इतना ही नहीं कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि यूनियन की मान्यता पाने के लिए कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या के 10 फीसदी या एक सौ मजदूरों का, जो भी ज्यादा हो, उसमें शामिल होना जरूरी है। इससे छोटी यूनियन के समाप्त होने का खतरा है।



सामाजिक सुरक्षा वाले तीसरे कानून में गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सोशल सिक्योरिटी फंड की बात कही गई है। लेकिन यह फंड कैसे बनेगा? कंपनियां कितना योगदान करेंगी और मजदूरों को उसका लाभ कैसे मिलेगा इस बारे में बहुत स्पष्टता नहीं है। इसी तरह व्यावसायिक सुरक्षा वाले चौथे कानून में रोज के काम के घंटे का विस्तार 12 घंटे तक कर दिया गया है। कंपनियां आठ से 12 घंटे काम करा सकेंगी। हालांकि एक हफ्ते में काम की अधिकतम सीमा 48 घंटे निर्धारित है लेकिन सबको पता है कि इस सीमा का पालन कहीं नहीं होता है। नया कानून लागू होने के बाद कंपनियां लंबे कार्य दिवस लागू कर सकती हैं, जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा।असल में नए श्रम कानून जैसा कि हमेशा होता है उद्योग समूहों और निवेशकों के हितों को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। इनका मकसद ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करना और उद्योग समूहों का विस्तार करना है। सभी सरकारें मानती रही हैं कि उद्योगों का विकास होगा, निवेश बढ़ेगा तो रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और संपन्नता आएगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि हर कानून शोषण और गैर बराबरी को बढ़ाता है। ये कानून भी अपवाद नहीं हैं। इनमें भी फिक्स्ड टर्म नौकरी पर जोर दिया गया है, जिसका मतलब है कि स्थायी नौकरियां कम होंगी और ठेके पर काम ज्यादा उपलब्ध होगा। इससे सामाजिक सुरक्षा बढ़ेगी नहीं कम होगी। इसी तरह कंपनियां नियमों का कैसे अनुपालन करती हैं उसकी जांच और निगरानी की व्यवस्था कमजोर कर दी गई है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### तृतीय अध्याय

**(गतांक से आगे)**

(15/7) - मनसहित इन्द्रियों से जो कार्य इस जन्म में होता है, उनके संस्कार लेकर जीवात्मा पुराने शरीर को त्यागकर नवीन शरीर में प्रवेश कर जाता है। इसमें जन्मदाताओं का क्या लगा? उनके विकास में कोई अन्तर नहीं आया। अतः स्त्रियों के दूषित होने से वर्णसंकर नहीं होता। स्त्रियों के दूषित होने और वर्णसंकर से कोई सम्बन्ध नहीं है। शुद्ध स्वरूप की ओर अग्रसर न होकर प्रकृति में बिखर जाना ही वर्णसंकरता है। यदि महापुरुष सावधान होकर क्रिया (नियत कर्म) में बरतते हुए लोगों से क्रिया न कराये तो वह उस सारी प्रजा का हनन करनेवाला, मारनेवाला बने। साधना-क्रम में चलकर उस मूल अविनाशी की प्राप्ति ही जीवन है और प्रकृति में बिखरे रहना, भटक जाना ही मृत्यु है। किन्तु वह महापुरुष इस सारी प्रजा को यदि क्रिया-पथ पर नहीं चलाता, इस सारी प्रजा को बिखराव से रोककर सत्पथ पर नहीं चलाता तो वह सारी प्रजा का हनन करनेवाला हत्यारा है, हिंसक है और क्रमशः चलते हुए जो चला लेता है वह शुद्ध अहिंसक है। गीता के अनुसार शरीरों का निधन, नश्वर कलेवरों का निधन मात्र परिवर्तन है, हिंसा नहीं।

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसङ्ग्रहम् ।।25।।

हे भारत ! कर्म में आसक्त हुए अज्ञानीजन जैसे कर्म करते हैं, वैसे ही अनासक्त हुआ विद्वान, पूर्णज्ञाता भी लोक-हृदय में प्रेरणा और कल्याण-संग्रह चाहता हुआ कर्म करे। यज्ञ की विधि जानते और करते हुए भी हम अज्ञानी हैं। ज्ञान का अर्थ है प्रत्यक्ष जानकारी। जब तक लेशमात्र भी हम अलग हैं, आराध्य अलग है तब तक अज्ञान विद्यमान है। जब तक अज्ञान है, तब तक कर्म में आसक्ति रहती है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।
प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं। किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।

◆◆◆

# जिहाद की बौद्धिक जड़ों पर सभ्य समाज प्रायः चुप

**– बलबीर पुंज**

जिहाद की बौद्धिक जड़ों पर सभ्य समाज प्रायः चुप रहता है, जबकि जिहाद से निर्णायक संघर्ष तभी संभव है, जब उसके मूल विचारों पर सीधी बहस की जाए। क्या मौजूदा दौर में ऐसा संभव है? कश्मीरी डॉक्टर उमर नबी, अनंतनाग अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद राठर, फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई और लखनऊ निवासी महिला डॉक्टर शाहीन सईद जैसे शिक्षित, संपन्न और समाज में मान-सम्मान पाने वाले मुस्लिमों ने यह मार्ग क्यों अपनाया? 10 नवंबर की शाम राजधानी दिल्ली एक फिदायीन आतंकी हमले से दहल उठी। लालकिला मेट्रो स्टेशन के बाहर चलती कार में हुए भीषण विस्फोट से कई निर्दोष हताहत हो गए। यह हमला एक बार फिर से जिहाद पर बनी पुरानी धारणाओं को चुनौती दे रहा है। साथ ही यह भी सोचने पर मजबूर कर रहा है कि आखिर सभ्य समाज इसपर आजतक निर्णायक विजय क्यों नहीं पा सका है?

पिछले कुछ दशकों में भारत जब भी आतंकवाद का शिकार हुआ, तब इसे वामपंथी मुस्लिम समाज में व्याप्त 'अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी' से जोड़ देते है। यदि ऐसा ही है, तो कश्मीरी डॉक्टर उमर नबी, अनंतनाग अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद राठर, फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई और लखनऊ निवासी महिला डॉक्टर शाहीन सईद जैसे शिक्षित, संपन्न और समाज में मान-सम्मान पाने वाले मुस्लिमों ने जिहाद का मार्ग क्यों अपनाया? दरअसल, इस्लाम में जिहादी सोच को मजबूती देने में मदरसा शिक्षा पद्धति की बड़ी भूमिका है। अधिकतर मुस्लिम परिवारों के बच्चे प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा यहीं ग्रहण करते है, जिसका माहौल कट्टरपंथी इस्लामी पहचान तक सीमित– अर्थात् 'काफिर-कुफ्र-शिर्क' अवधारणा से युक्त और सह-अस्तित्व प्रेरित बहुलतावाद से मुक्त रहता है। अक्सर आधुनिकीकरण के नाम पर मदरसों में छात्रों को गणित, विज्ञान और कंप्यूटर आदि विषयों को भी पढ़ाया जाता है। वास्तव में, यह विषय केवल माध्यम हैं– इनका उपयोग या दुरुपयोग लोगों की मानसिकता पर निर्भर करता है। यही कारण है कि डॉ.उमर, डॉ.आदिल, डॉ.मुजम्मिल और डॉ.शाहीन आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी जिहाद का रास्ता नहीं छोड़ पाए। भारत सहित शेष विश्व में इस तरह के उच्च-शिक्षित (डॉक्टर-प्रोफेसर सहित) जिहादियों की एक लंबी फेहरिस्त है। न्यूयॉर्क के भीषण 9/11 आतंकी हमले के गुनहगार (लादेन सहित) आधुनिक शिक्षा में दक्ष थे। कड़वा सच यह है कि जब जिहादी मानसिकता का मेल विज्ञान-गणित-कंप्यूटर से होता है, तो वह और भी अधिक खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हालिया जिहादी हमले की कड़ियां कश्मीर से लेकर हरियाणा और उत्तरप्रदेश तक जुड़ी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ.आदिल को श्रीनगर की दीवारों पर आतंकी संगठन 'जैश-ए-मोहम्मद' के पर्चे चिपकाने के आरोप में 6 नवंबर को उत्तरप्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया था। जब पुलिस ने अस्पताल स्थित उसके लॉकर की तलाशी ली, तो वहां से एके-47 सहित कई हथियार बरामद हुए।पूछताछ में डॉ.मुजम्मिल का नाम सामने आया, जिसके फरीदाबाद स्थित किराए के मकान से 2,900 किलोग्राम विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और बम बनाने के उपकरणों को जब्त



किया गया। इसी कार्रवाई में पुलिस ने डॉ.शाहीन को भी घातक हथियारों के साथ धरदबोचा। हालिया जिहादी वारदात में जिस कार का इस्तेमाल हुआ, उसे बकौल जांचकर्ता डॉ.उमर चला रहा था।

यह जिहादी मानसिकता केवल फिदायीन हमले तक सीमित नहीं है। गुजरात पुलिस ने हाल ही में डॉ.अहमद मोहिउद्दीन सैयद को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था। सैयद अरंडी के बीजों से घातक राइसिन जहर बना रहा था, जिसे पानी-भोजन में मिलाकर बड़े नरसंहार को अंजाम देने की योजना थी।

क्या धन-दौलत के लिए मुस्लिम समाज का एक वर्ग जिहाद का रास्ता अपनाता है? सच तो यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में एक बड़ा मुस्लिम वर्ग उन्हीं इस्लामी आक्रांताओं– गजनवी, गोरी, बाबर, औरंगजेब, अब्दाली, टीपू सुल्तान आदि को अपना 'नायक' या फिर स्वयं को उनका 'वैचारिक-उत्तराधिकारी' मानता है, जिन्होंने 'काफिर-कुफ्र' चिंतन से प्रेरित होकर भारत में असंख्य हिंदुओं का कत्लेआम किया, उनकी महिलाओं से बलात्कार किया, उनके हजारों मंदिरों को तोड़ा और सांस्कृतिक प्रतीकों-मानबिंदुओं को रौंदा। इस वर्ग की धारणा है कि भारतीय उपमहाद्वीप के अधूरे 'गजवा-ए-हिंद' का मजहबी दायित्व उसपर है।

वास्तव में, बीते दशकों में हुए अनेकों जिहादी हमलों (26/11 सहित) की प्रेरणा और शताब्दियों पूर्व भारत में इस्लामी आक्रांताओं का चिंतन– एक ही है। इसका एक विवरण वर्ष 1908 में जी.रस-केपेल और काजी अब्दुल गनी खान द्वारा अनुवादित 'तारीख-ए-सुल्तान महमूद-ए-गजनवी' पुस्तक में मिलता है। इसके अनुसार, जब महमूद गजनवी (971-1030) को एक पराजित हिंदू राजा ने मंदिर नष्ट नहीं करने के बदले अपार धन देने की पेशकश की, तो उसने कहा– हमारे मजहब में जो कोई मूर्तिपूजकों के पूजास्थल को नष्ट करेगा, वह कयामत के दिन बहुत इनाम पाएगा और मेरा इरादा हिंदुस्तान के हर नगर से मूर्तियों को पूरी तरह से हटाना है। इसी प्रकार वर्ष 1398 में भारत पर आक्रमण कर लाखों निर्दोष हिंदुओं का नरसंहार करने वाले तैमूर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुक-ए-तैमूरी' में लिखा था– हिंदुस्तान आने का मेरा एक उद्देश्य काफिरों से जिहाद और सबाब अर्जित करना है। यहां तक, बाबर ने जिहाद की बुनियाद पर 'काफिर' हिंदू राजा राणा सांगा को पराजित करके मुगल साम्राज्य की स्थापना की और खुद को 'गाजी' घोषित किया था। बीते कुछ समय से एक और विषाक्त नैरेटिव बनाया जा रहा है, जिसमें मुस्लिम समाज में व्याप्त 'असहिष्णुता', 'कट्टरता' और 'आक्रमकता' को मोदी सरकार की नीतियों से जोड़ दिया जाता है।

## प्रेरक प्रसंग

### वचन का प्रभाव

परम विरक्त संत स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज गढ़मुक्तेश्वर तीर्थ क्षेत्र में गंगा के किनारे पैदल भ्रमण करते हुए एक गांव में पहुंच गए। वह गांव के बाहर गंगा तट पर एक मंदिर में रुक गए। वहां सुबह-शाम गंगा स्नान करते और दिन भर साधना में लगे रहते। गांव के बुजुर्गों को पता चला कि मंदिर में एक संत आया हुआ है और वह तीन दिनों से निराहार है। एक बुजुर्ग स्वामी जी के पास पहुंचा और उसने कहा, 'महाराज जी, आज आप हमारे यहां भोजन करने की कृपा करें।'

स्वामी जी ने उत्तर दिया, 'हम उसी के घर में भोजन ग्रहण करते हैं, जिस घर का एक भी सदस्य तंबाकू, शराब तथा मांस का सेवन न करता हो।' ज्यादातर परिवार मांस-मदिरा का सेवन नहीं करते थे, लेकिन हुक्का-बीड़ी का चलन तो घर-घर था। गांव का एक भी घर ऐसा नहीं निकला जिसके यहां बना भोजन स्वामी जी ग्रहण कर पाते।

स्वामी जी हफ्ताभर बिना भोजन के रहे। 8वें दिन गांव के बुजुर्गों ने बैठक की। उनके मुखिया ने कहा कि कितने दुर्भाग्य की बात है कि हमारे गांव में एक भी घर ऐसा नहीं है, जिसका एक भी सदस्य नशा न करता हो। कितनी शर्म की बात है कि एक संत कई दिनों से भूखा है। इसके बाद एक-एक करके कुछ बुजुर्ग उठे और उन्होंने संकल्प लिया कि आज से वे हुक्का-बीड़ी नहीं पिएंगे। कुछ ने शराब और मांस छोड़ने का संकल्प लिया। उसी दिन शाम को कुछ लोग स्वामी जी के पास पहुंचे। वे हुक्के और शराब की बोतलें भी अपने साथ ले गए। इन सभी ने हाथ में गंगाजल लेकर मांस-मदिरा और तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। तब स्वामी जी ने आशीर्वाद देते हुए एक घर की भिक्षा ग्रहण की। स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज ने बिना दुराग्रह के भोजन ग्रहण करने के नियम की शर्त पर सैकड़ों गांवों को व्यसनों से मुक्ति दिलाई।

## आपका पत्र मिला

### अभी और उभरेगी सियासत की गर्मी

दिल्ली की ठिठुरन भले ही इस समय बढ़ रही हो, लेकिन भारतीय राजनीति का तापमान अब शीतकालीन सत्र के साथ और भी तेजी से उभरने वाला है। एक दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलने वाला यह सत्र कागजों में भले ही पंद्रह दिनों का हो, पर भीतर छिपे संकेत कहीं अधिक गहरे और असहज करने वाले हैं। लोकतंत्र की सेहत के लिहाज से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में संसद के सत्र इतने संकुचित होने चाहिए कि सांसदों को बोलने के लिए समय ही न बचे?भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहां 780 से अधिक सांसद जनता की नब्ज लेकर संसद तक पहुंचते हैं, वहां पंद्रह दिन का सत्र किसी औपचारिकता जैसा लगता है। यह चौंकाने वाली गणित है कि हर सांसद को यदि पांच मिनट का समय भी दिया जाए तो बहस-संचालन के लिए पैंसठ घंटे से अधिक समय चाहिए। जबकि पूरे सत्र की वास्तविक कार्यवाही लगभग नब्बे घंटों के आसपास होती है। इस समय में प्रश्नकाल, विधेयक, सरकारी एजेंडा और शून्यकाल की अनिवार्यता जोड़ लेने के बाद प्रभावी बहस के लिए बचा समय लोकतंत्र की सिरिकिंग स्पेस को उजागर करता है। संसद, जिसे संवाद का मंदिर कहा जाता है, वहां संवाद अब रस्म की तरह रह गया है–संक्षिप्त भाषण, जल्दबाजी में पारित विधेयक और विपक्ष की सीमित बात। यह प्रवृत्ति केवल समय की कमी नहीं बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे में आ रही संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाती है। इसलिए आवश्यकता केवल लंबे सत्रों की नहीं, बल्कि सार्थक सत्रों की भी है। जरूरत बहस की पुनर्स्थापना की है, जहां सत्ता और विपक्ष दोनों अपनी जिम्मेदारी को समझें। संसद का समय जनता का समय है, और उसकी कीमत हर मिनट करोड़ों में है। इसे शोरगुल में गंवाना लोकतंत्र को धीरे-धीरे मौन की ओर धकेलना है, और मौन लोकतंत्र का सबसे बड़ा शत्रु है।

**– विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। संपादक,
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
**E-mail : swatantrabharat77@gmail.com**

# जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में छिपे हैं बड़े गहरे तत्व

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई दिव्य गीता, केवल एक ही पूजनीय भगवान हैं श्रीकृष्ण, केवल एक ही मंत्र है उनका पवित्र नाम तथा केवल एक ही कर्तव्य है- परम पूजनीय श्रीकृष्ण की भक्तिमय सेवा। कृष्ण लीला पुरुषोत्तम हैं। उनका प्रत्येक कार्य लीला ही है। लीलाओं में बड़े गहरे तत्व छिपे हैं। जैसे जन्म लीला ही का दर्शन करें तो सबसे पहले प्रश्न है कि भगवान ने जन्म के लिए रोहिणी नक्षत्र क्यों चुना।

एकम् शास्त्रम् देवकी-पुत्र-गीतम् एको देवो देवकी-पुत्र एव।

एको मंत्र तस्य नामानि अर्थात कर्मप्य एकम् तस्य देवस्य सेवा।

इस श्लोक का भावार्थ यह है कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई दिव्य गीता ही पवित्र शास्त्र है।

अजन्मत नारायण जन्म यस्य असौ अजनजन्मा ब्रह्मा।

तस्य ऋक्षं रोहिणीम प्रजापतिदैवस्याम। प्रजापति (ब्रह्मा) का नक्षत्र रोहिणी है। उस समय रोहिणी का गर्भ खाली था, देवकी का भरा हुआ। भगवान रोहिणी के गर्भ में चले जाते, पर भगवान ने वहां बलराम जी को भेजा और स्वयं देवकी के गर्भ में गए। ऐसे में रोहिणी के साथ अन्याय न हो, इसलिए उन्होंने जन्म नक्षत्र के रूप में रोहिणी को चुना। यह भगवान की सदाशयता है। जैसे मालिक के आने से सेवक शांत हो जाते हैं, वैसे ही सारे ग्रह नक्षत्र शांत हो गए। दिशाएं प्रसन्न हो गईं। गगन ने अपने हीरे बिखेर दिए और पृथ्वी ने कहा हमारे स्वामी आ रहे हैं। धरती ने अपने पुत्र मंगल को गोद में ले लिया। नदियों का जल निर्मल हो गया कि कालिंदी से विवाह कर भगवान हमारे बहनोई बनेंगे। गोविंद का जन्म हुआ तो स्वर्ग में दुंदुभियां अपने आप बजने लगीं। नगाड़ों ने कहा हम आज भी पीटकर बजे तो धिक्कार है हम पर। वे भी अपने आप बजने लगे। नेदुर्दुन्द्भयो दिवि। सिद्ध और चारण स्तुति करने लगे। मुनि और देवता सब बृज की ओर दौड़ पड़े, यह कहकर कि प्रकट हो जाइए, प्रकट हो जाइए। जैसे पूर्व दिशा में चंद्रमा का उदय होता है, ऐसे ही सबकी हृदय गुहा में रहने वाले परमब्रह्म परमात्मा प्रकट हो गए। ब्रह्मा जी जिसके पुत्र हैं, ऐसा बालक पैदा हुआ। ऐसा मंगल पैदा हुआ। तमद्भुतं बालकमम्बुजेक्षणं चतुर्भुजं शंखगदार्युदायुधम्। चार हाथ - धर्म, अर्थ, काम मोक्ष। जैसे यह कहना चाहते हों कि मेरे प्यारे भक्तो, ये हमारे चार रूप हैं - वासुदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध और संकर्षण। यही इनकी चार भुजाएं हैं, इनके द्वारा भगवान सारा काम करते हैं। चार आयुध हैं- चक्र, शंख, गदा, कमल। शत्रु यदि दूर हो तो चक्र से मारें, पास हो तो गदा से और जब जीत हो जाए तो शंख बजाएं और अपना हृदय कमल उनको दे दें। अपने हृदय कमल को भगवान हाथ में ले लेते हैं कि कब कोई भक्त मिल जाए, तो उसे सौंप दें।

श्रीवत्सलक्ष्मं गलशोभि कौस्तुभंपीताम्बरं सान्द्रपयोदसौभगम्। आओ ना, दर्शन करो श्रीवत्सलक्ष्मं। गले में कौस्तुभमणि है, बिना किसी छिद्र के बिना किसी बंधन के। प्रेम हो और उसको बांधकर रखना पड़े? यह तो प्रेम का अपमान हुआ? अरे हमारा बड़ा प्रेम है, हम तुमको बांध कर रखेंगे तो क्या यह प्रेम होगा। कौस्तुभ मणि की परछाई भगवान की छाती पर जाती है। उस भौंरी पर जो छाया पड़ती है उसको श्रीवत्स कहते हैं। वह लक्ष्मी जी को बहुत प्यारा है, क्योंकि वह सुनहरा है ना।

पीतांबर धारण किए है वह बालक। वेद रूप पीतांबर ढक देता है भगवान को। भगवान राधा रानी के अंग के रंग को धारण करके आए हैं। भगवान का सौंदर्य रसवर्षी है, जिसे देखकर भक्तों का मन तृप्त हो जाता है।



## बजरंगबली क्यों कहलाए हनुमान?

पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान हनुमान छोटे थे, तब उन्हें एक दिन भूख लगी। उस दौरान उनके समक्ष कोई नहीं था। तभी उन्होंने आकाश की ओर देखा और उन्हें सूर्य देव नजर आएं। सूर्य देव को सुंदर फल समझकर हनुमान जी आकाश की ओर उड़कर पहुंच गए और उन्होंने उन्हें फल समझकर अपने मुख के अंदर कर लिया, जिससे पूरे जगत में अंधेरा छा गया। देवी -देवताओं के लाख समझाने पर भी उन्होंने सूर्य देव को मुख से नहीं निकाला। अंत में इंद्र देव उनके पास पहुंचे और उन्होंने गुस्से में आकर उनपर वज्र से प्रहार कर दिया। इससे उनकी ठुड्डी यानी कि हनु पर चोट लग गई और उनका मुंह खुल गया, जिससे भगवान सूर्य बाहर आ गए, लेकिन इस वजह से उनकी ठुड्डी टूट गई और तब से उन्हें हनुमान कहा जाने लगा। हालांकि बाद में वायु देव के कुपित होने पर देवताओं ने उनसे माफी मांगी और उन्हें कई सारे दिव्य वरदान और आशीर्वाद प्रदान किए।

**ऐसे करें संकटमोचन की पूजा**

बजरंगबली की पूजा करने के लिए शाम का समय ज्यादा अच्छा माना जाता है। ऐसे में पवित्र स्नान के बाद उनके किसी मंदिर जाकर उन्हें लाल सिंदूर चढ़ाएं। इसके बाद उन्हें लाल रंग का चोला और लाल लंगोट अर्पित करें। वीर हनुमान को तुलसी की माला अति प्रिय है, इसलिए तुलसी पत्र की माला अवश्य चढ़ाएं। लड्डू का भोग लगाएं। फिर चमेली के तेल का दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें। अंत में आरती से पूजा को समाप्त करें। साथ ही पवनपुत्र का आशीर्वाद लें। सनातन धर्म में सप्ताह के सभी दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित है। इसी कड़ी में मंगलवार के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही इस दिन संकटों को दूर करने के लिए व्रत भी किया जाता है। व्रत के दौरान खानपान के नियम का पालन जरूर करना चाहिए। मंगलवार का दिन भक्त हनुमान जी को अति प्रिय है। धार्मिक मान्यता है कि मंगलवार के दिन बजरंगबली की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही जीवन में आने वाले संकटों से छुटकारा मिलता है। सच्चे मन से मंगलवार का व्रत करने से जातक पर हनुमान जी की कृपा सदैव बनी रहती है और सम्मान, बल, और साहस में वृद्धि होती है। अगर आप भी मंगलवार व्रत को कर रहे हैं, तो खानपान के नियम का पालन जरूर करें।



# महादेव के मंत्र जप से मिलती है ऊर्जा

***जीवन की बहुत गहन समझ से ही हम उस ध्वनि पर पहुंचे हैं, जिसे हम शिव कहते हैं। हम जानते हैं कि 'शि-व' ध्वनियां आपके लिए चमत्कारी चीजें घटित कर सकती हैं। अगर आप पर्याप्त ग्रहणशील हैं, तो यह ध्वनि विस्फोटक हो सकता है। सिर्फ एक उच्चारण आपके अंदर बहुत शक्तिशाली रूप में विस्फोट कर सकता है।***

इसमें इतनी शक्ति है। यह ऐसा विज्ञान है, जिसे अपने भीतर बहुत गहन अनुभव से समझा गया है। हमने बहुत गहराई से इसे देखा है। 'शिव' में 'शि' का मूल अर्थ है 'शक्ति या ऊर्जा'। भारतीय जीवनशैली में हमने हमेशा स्त्रीत्व को शक्ति का प्रतीक माना है। अंग्रेजी भाषा में भी स्त्रीत्व के लिए यही शब्द 'शी' मिलता है। शि का मूल अर्थ शक्ति या ऊर्जा है। लेकिन अगर आप बहुत ज्यादा शि करेंगे, तो यह आपको असंतुलित कर देगा। इसलिए उसे मंद करने और संतुलन बनाए रखने के लिए इस मंत्र में 'व' जोड़ा गया है। व, वाम से आया है, जिसका मतलब है, प्रवीणता या अधिकार।

**शिव मंत्र से मिलती है विशेष दिशा**

'शि-व' मंत्र के रूप में, एक ऊर्जा देता है और दूसरा उसे संतुलित करता है या उस पर नियंत्रण करता है। दिशाहीन ऊर्जा किसी काम की नहीं होती, वह विनाशकारी हो सकती है।

इसलिए जब हम 'शिव' कहते हैं, तो हम उस ऊर्जा को एक विशेष रूप में, एक विशेष दिशा में प्रेरित करने की बात करते हैं। जब आप 'शिव' कहते हैं, तो इसका किसी पंथ से लेना-देना नहीं है। आज दुनिया पंथ के आधार पर बंटी हुई है। इसकी वजह से, जब आप कुछ बोलते हैं, तो ऐसा लगता है कि आप किसी 'संप्रदाय' से जुड़े हैं। शिव पंथ का नहीं, आंतरिक विकास का विज्ञान है। आपको शिव की पूजा करने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं करता। जब मैं 'शिव' कहता हूं, तो वह मेरे लिए सब कुछ है। आपको उस ध्वनि की शक्ति पता होनी चाहिए। अपने तार्किक मन में न उलझें। यह आपको आपकी मौजूदा स्थिति से परे ले जाने का तरीका है। यह उन सीमाओं से परे जाने का तरीका है, जिनमें व्यक्ति बंधा हुआ है।

**1. पॉवर ऑफ यूनिटी**

भगवान शिव ने जिस तरह से अपनी शिखा पर गंगा को धारण किया है, उससे एकजुट होने की सीख मिलती है। बिखरे हुए केशों को एकत्र करके शिव ने गंगा के विकराल रूप को शांत स्वरूप में परिवर्तित कर दिया।

**2. ब्रॉड विजन**

शिव त्रिनेत्र हैं। मष्तक पर स्थित उनका तीसरा नेत्र बताता है कि दूरगामी परिस्थियों को नियंत्रित करने के लिए सिर्फ बाहरी नेत्रों का प्रयोग न करें, बल्कि सोच-समझकर निर्णय लें। सदैव दूरगामी परिणामों पर अपनी नजर रखें।

**3. पेशंस**

शिव, शशि शेखर हैं, जिन्होंने अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण कर रखा है। चंद्रमा शीतलता और शांति का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में शिव भगवान से सीख मिलती है कि कैसी भी परिस्थिति हो अपना धीरज बिलकुल ना खोएं और मन पर नियंत्रण बनाए रखें।

**4. एक्सप्रेशन**

शिव का एक रूप नीलकंठ भी है, जो कि क्रोध को सहने की सीख देता है। क्रोध सदैव बुद्धि को भ्रमित कर स्वयं और अन्य को परेशानी में डालने वाला माना गया है। ऐसे में क्रोध को पीकर अपने धैर्य से खत्म करें।



# बुधवार के दिन ये पांच चीजें चढ़ाने से मिलता है गणेश जी का आशीर्वाद

हिंदू धर्म में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, सिद्धि-बुद्धि के दाता और मंगलकर्ता माना गया है। शास्त्रों में बताया गया है कि गणेश पूजा में कुछ विशेष वस्तुओं का अत्यंत महत्व होता है। इन्हें अर्पित करने से भगवान गणेश शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्त के जीवन से विघ्न-बाधाएँ दूर होती हैं। यहाँ पाँच ऐसी वस्तुओं का उल्लेख किया जा रहा है जिन्हें धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गणेश जी को चढ़ाना अत्यंत शुभ माना गया है।

**1. दूर्वा घास - गणेश जी की सबसे प्रिय भेंट**

दूर्वा को गणेश जी का हृदय-प्रिय माना गया है। गणेश पुराण में वर्णित कथा के अनुसार अनलासुर दैत्य को निगलने के बाद गणेश जी का शरीर अत्यधिक गर्म हो गया था। तब देवी-देवताओं ने उन्हें दूर्वा अर्पित की, जिससे उनके शरीर की तपन शांत हुई। तभी से दूर्वा को उन्हें चढ़ाने का विशेष महत्व माना गया। पूजा में 21 दूर्वाओं का एक गुच्छा चढ़ाने से मन की शांति, ग्रहदोषों का नाश, विद्या में वृद्धि और पारिवारिक सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।



**2. मोदक - आनंद, बुद्धि और सम्पन्नता का प्रतीक**

भगवान गणेश को मोदक अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें मोदकप्रिय भी कहा गया है। पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि देवताओं ने अनेक दिव्य व्यंजन अर्पित किए, पर मोदक उन्हें सबसे अधिक पसंद आया। मोदक ज्ञान, आनंद और सिद्धि का प्रतीक है। भक्त 21 मोदक चढ़ाकर गणेश जी की विशेष कृपा प्राप्त करते हैं। मोदक अर्पण से घर में लक्ष्मी का आगमन, कार्यों में सफलता और परिवार में सौहार्द बढ़ता है।

**3. सिंदूर - सौभाग्य और शक्ति का पवित्र स्वरूप**

गणेश जी पर सिंदूर चढ़ाने की परंपरा प्राचीनकाल से चली आ रही है। माना जाता है कि सिंदूर चढ़ाने से नकारात्मक शक्तियाँ दूर होती हैं, साहस बढ़ता है और जीवन की बाधाएँ शांत होती हैं। मंगलवार या चतुर्थी के दिन सिंदूर अर्पण अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**4. लाल फूल - सकारात्मक ऊर्जा और मंगल का प्रतीक**

गणेश जी की पूजा में लाल रंग के फूल विशेष रूप से शुभ माने जाते हैं, खासकर लाल गुड़हल। लाल रंग उत्साह, साहस और ऊर्जा का प्रतीक है। पौराणिक विश्वास है कि लाल फूल चढ़ाने से मनोबल बढ़ता है, बाधाएँ दूर होती हैं और सभी कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है। ÷? गं गणपतये नमः÷ मंत्र जपते हुए लाल फूल अर्पित करने से मनोकामनाएँ शीघ्र पूरी होती हैं।

**5. शमी पत्र - पौराणिक मान्यता में अत्यंत शुभ**

शमी पत्र को भगवान गणेश के साथ-साथ भगवान शिव और देवी दुर्गा का भी प्रिय माना गया है। शमी का वृक्ष पवित्र, सात्त्विक और रक्षा देने वाला माना गया है। गणेश जी को शमी पत्र अर्पित करने से शत्रु बाधाएँ शांत होती हैं, व्यापार में उन्नति मिलती है और कठिन समस्याओं का समाधान मिलता है। धर्मग्रंथों में शमी पत्र को 'विजय का प्रतीक' बताया गया है। विशेष रूप से गणेश चतुर्थी, संकष्टी चतुर्थी या बुधवार के दिन शमी पत्र अर्पित करने से अत्यंत शुभ फल मिलता है।

## प्रमोशन और कार्यस्थल की सफलता पाने के लिए इन मंत्रों का करें जाप

हर व्यक्ति अपने करियर में सफलता पाने की ख्वाहिश रखता है। कभी-कभी मेहनत के बावजूद भी सफलता नहीं मिलती और काम में बाधाएं आती हैं। शास्त्रों में ऐसे कई मंत्रों का उल्लेख है, जिनका नियमित जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और नौकरी में सफलता और प्रमोशन के मार्ग खुलते हैं।

**सफलता के लिए मुख्य मंत्र और उनका महत्व**

**ॐ गणपतये नमः**

इस मंत्र का जाप करने से भाग्य के बंद दरवाजे खुलते हैं। यह मंत्र भगवान गणेश को समर्पित है, जो बाधाओं को दूर करने, शिक्षा और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले देवता माने जाते हैं। इसे नियमित रूप से जप करने से नौकरी और करियर में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

**ॐ ह्रीं नमः**

इस मंत्र से ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तनाव कम करने, मन को शांत रखने और सकारात्मकता बनाए रखने में मदद करता है। नौकरी में सफलता पाने के लिए यह मंत्र बहुत लाभकारी है।

**ॐ श्रीं क्लीं क्लीं क्लीं गं गणपतये वाघश्य वामनाय क्लीं क्लीं क्लीं स्वाहा-** यह मंत्र गणपति बप्पा को समर्पित है और करियर में सफलता और प्रमोशन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। नियमित जाप करने से कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा बढ़ती है और काम की गति में सुधार होता है।

**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिवाय नमः**

यह मंत्र हर क्षेत्र में सफलता दिलाने वाला माना जाता है। इंटरव्यू या महत्वपूर्ण कामों से पहले इस मंत्र का जाप करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में तेजी आती है।

## गीता के इन उपदेशों से खुलते हैं सफलता के मार्ग

हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। इस भागदौड़ भरे दौर में हम सभी किसी न किसी रूप में तनाव, बेचैनी और गुस्से का सामना करते हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने मनुष्य को सफलता के सूत्र बताए हैं।

**गीता के सफलता मंत्र**

**हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम् जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्।**
**तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय।**

इसका श्लोक का अर्थ है कि, यदि तुम युद्ध में मारे जाओगे, तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा। यदि तुम जीत जाओगे, तो तुम पृथ्वी का राज्य और उसके सुख का भोग करोगे। इसलिए, हे कौन्तेय (अर्जुन), उठो और दृढ़ निश्चय के साथ युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।

# वास्तु के अनुसार निद्रा की सही दिशा क्या होनी चाहिए



- राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

घर में शयन कक्ष और शयन की दिशा यदि वास्तुशास्त्र के अनुसार नही है तो उस घर में पॉजिटिव एनर्जी में तेजी से कमी आएगी और नकारात्मक प्रभाव बढ़ेगा। जिसका प्रभाव उस घर में निवास करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य, सुख समृद्धि, आपसी तालमेल और मन पर पड़ता है। शयन कक्ष एक ऐसा स्थान है जो वहां रहने वाले व्यक्तियों को न सिर्फ नींद बल्कि स्वप्नों, आचार व्यवहार, स्वास्थ्य, सुख समृद्धि, पति पत्नी के आपसी प्रेम को भी प्रभावित करता है। निद्रा की दिशा वास्तु के अनुसार होनी चाहिए जिससे घर में निवास करने वाले व्यक्तियों के भीतर पॉजिटिव एनर्जी का विकास हो। घर में सुख समृद्धि, शांति, प्रेम, आपसी सद्भाव, मेल मिलाप रहे। निद्रा की दिशा उतनी ही ज्यादा महत्वपूर्ण है जितनी कि शयन कक्ष की दिशा और स्थान। यदि शयन कक्ष सही दिशा में है परंतु निद्रा की दिशा वास्तु सम्मत नही है तो भी अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अनिद्रा, स्वास्थ्य लगातार खराब रहना, बनते हुए कार्य बिगड़ जाना, मानसिक अशांति आदि गलत दिशा में निद्रा के परिणाम हो सकते हैं। सोने की दिशा के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-

1- वास्तु के अनुसार सोने की सबसे उत्तम दिशा दक्षिण से उत्तर की ओर है। अर्थात दक्षिण दिशा में सिर रखकर पैर उत्तर दिशा की ओर करके सोने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है, अच्छी नींद और मन में शांति रहती है। उत्तर दिशा में धन के देवता कुबेर का स्थान माना जाता है। सुबह उठते समय व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा में रहने से सुख समृद्धि, धन धान्य की प्राप्ति होती है। घर के स्वामी, नवदम्पत्ति के लिए, तथा संतान सुख के लिए यह दिशा वास्तु के अनुसार सर्वोत्तम मानी गई है।

2 - सोने की दूसरी उत्तम दिशा पूर्व से पश्चिम की ओर है। पूर्व दिशा में सूर्य का आधिपत्य है। यह दिशा भी वास्तु के अनुसार उचित है। इस दिशा में सोने से स्मरण शक्ति, चित्त में एकाग्रता, सात्विकता रहती है साथ ही स्वास्थ्य भी अनुकूल रहता है। विधार्थियो, प्रोफेसर, रिसर्चर, अविवाहित संतानों के लिए यह दिशा अतिउत्तम है।

3 - पश्चिम दिशा में सिर रखकर पूर्व दिशा में पैर रखकर सोना बहुत उचित नहीं है।

इस दिशा में सोने से आर्थिक उन्नति रुकती है और मानसिक तनाव रहता है। इस दिशा में पति पत्नी के सोने से उनके आपसी रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है। पश्चिम दिशा का स्वामी शनि को माना जाता है। इस दिशा में सोने से कार्यों में असफलता, पैरो में समस्या विशेषकर घुटनों की समस्या, मन में अशांति होने की संभावना रहती है। इस दिशा में सोने से बचना चाहिए।

4 - उत्तर दिशा में सिर रखकर पैर दक्षिण दिशा में रखना सोने की सबसे अनुचित दिशा मानी जाती है। इस दिशा में सोने से नेगेटिव एनर्जी का विस्तार होता है, स्वास्थ्य में कठिनाई, मानसिक तनाव, अवसाद जैसी बीमारियां हो सकती हैं। दक्षिण दिशा में मृत्यु के देवता यम का स्थान माना जाता है। हिंदू धर्म में मृतक को दक्षिण दिशा में पैर कर रखा जाता है। नवदम्पत्ति के इस दिशा में सोने से संतान सुख में कमी, गर्भपात, जैसी समस्याएं हो सकती है। यह दिशा वास्तु सम्मत नही मानी गई है।

5- वास्तु के अनुसार पौधे नेगेटिव एनर्जी को दूर करते है और पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाते हैं। शयन कक्ष में बांस का पौधा, मनी प्लांट, आरिका पाम, स्नेक प्लांट, लेवेंडर प्लांट जैसे पौधे को रखने से मन की शांति और सुख समृद्धि में वृद्धि होती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

### दैनिक पंचांग लखनऊ
### मंगलवार, 2 दिसंबर 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते हेमंत ऋतौ मार्गशीर्ष मासोत्तमे शुक्ल पक्षे 12 तिथौ मंगल वासरे 15/18/ अश्विनी नक्षत्रे 20/52/ वरियान योग 21/09/ बालव करणे 15/58/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** यौम प्रदोष व्रत। अनंग त्रयोदशी व्रत। सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में घं. 25 मि. 14 पर।

| | |
|---|---|
| **मेष :** स्वास्थ्या संबंधी समस्या का निराकरण होगा।धन की बचत करें। हनुमान जी की पूजा करें। संयम से कार्य करें। | **तुला :** खर्चे पर नियंत्रण रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचें। यात्रा का योग है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आ सकती हैं। |
| **वृष :** सम्मान का लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। यात्रा से लाभ होगा। शासन सत्ता का सहयोग प्राप्त होगा। | **वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। |
| **मिथुन :** जीवन का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। णन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ होगा। धन सम्मान के क्षेत्र में लाभ होगा। | **धनु :** परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। |
| **कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा भागदौड़ रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति रहेगी। यात्रा से बचें। | **मकर :** यश कीर्ति में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों का सहयोग एंव प्रेम मिलेगा। पारिवारिक कष्ट रहेगा। खर्च बढ़ेगा। |
| **सिंह :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त रहेगा। | **कुंभ :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। खर्च पर नियंत्रण रखें। सम्मान का लाभ मिलेगा। धन और यश की प्राप्ति होगी। यात्रा का योग है। |
| **कन्या :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा की स्थिति सुखद एंव लाभकारी रहेगी। | **मीन :** जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। धन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ होगा। |

स्वतंत्र भारत
कानपुर, मंगलवार, 2 दिसम्बर 2025 | 8

# जालौन ललितपुर, झांसी

### ट्रक और सफारी कार की भिड़ंत में पूर्व विधायक के पुत्र बाल बाल बचे

कालपी (जालौन) । बीती रात को पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन के बड़े पुत्र राघवेंद्र सिंह जादौन एडवोकेट एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने अपनी टाटा सफारी कार से जा रहे थे। तभी कालपी नगर हाइवे में स्थित बुंदेलखंड पार्क के पास होंडा एजेंसी सामने तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में टाटा सफारी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। गनीमत रही कि राघवेंद्र सिंह जादौन बाल-बाल बच गये।

## खबर एक नज़र

### 'पुलिस कप्तान डॉ. दुर्गेश कुमार ने चौकी का किया निरीक्षण दिये निर्देश



'कोंच'(जालौन)। जिले से अचानक पहुंचे पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने दिन सोमवार को समय करीब दोपहर करीब 3रू30 बजे मुहल्ला पटेल नगर नगर स्थित सागर चौकी में पहुंचकर पुलिस अधीक्षक ने चौकी का बारीकी से निरीक्षण करते हुए पेंडिंग पड़े केसों की चौकी प्रभारी एवं कोतवाली प्रभारी से समीक्षा करते हुए कड़े दिशा निर्देश दिए हैं।

वही जानकारी के अनुसार अचानक सागर चौकी पहुंचे पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार को देखकर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुछ पुराने केस पेंडिंग पड़े थे उनकी समीक्षा और सागर चौकी का निरीक्षण उन्होंने किया है एवं निरीक्षण करते हुए चौकी प्रभारी और कोतवाली प्रभारी को कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं कि पुरानी पड़े केसों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए।

वही निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ प्रभारी अजीत कुमार सिंह एस एस आई मिथिलेश कुमार सागर चौकी इंचार्ज दिलीप मिश्रा समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### विकास योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सचिवों व तकनीकी सहायको निर्देश दिये बीडीओ ने



उरई : खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ।

**रामपुरा,(जालौन)।** आज खण्ड विकास अधिकारी गजेन्द्र प्रताप सिंह ने सचिवों व तकनीकी साहयको एवं संबन्धित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से बीएलओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में जिन लोगों के दस्तावेज या विवरण छूट गए हैं, उन्हें जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड कर जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि किसी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ लेने में देरी न हो। इसी के साथ खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने एसआईआर (सर्वे इन रूरल एरिया) संबंधी लंबित कार्यों को भी तत्काल पूर्ण करने को कहा। फैमिली आईडी तथा जिन लाभार्थियों के मुख्यमंत्री आवास अधूरे पड़े है उन्हें एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करबाने को निर्देशित किया।खण्ड विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए गौशालाओं में चारे, पानी, अलाओ के लिए लकड़ी, टीन तिरपाल,बिछावन और पशुओं की सुरक्षा के सभी पुख्ता इंतजाम पूरे किए जाएं।जिससे अधिक सर्दी होने पर मबेशीओ को किसी प्रकार कि कोई दिक्क़त न हो। तथा मनरेगा कार्यों की एमएमएस जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर भी खण्ड विकास अधिकारी ने गंभीरता दिखाई। उन्होंने कहा कि जहां भी अनियमितता मिली है, वहां तकनीकी सहायक (टीए) और रोजगार सेवक व मेट के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता की कोई भी कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।खण्ड विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने अंत में सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं को समय पर, सही तरीके से और ईमानदारी के साथ पूरा किया जाए, ताकि आमजन को सीधा लाभ मिल सके।

### कवि पंडित विश्वनाथ दुबे की मनाई गई पांचवीं पुण्यतिथि



ललितपुर। कलेक्ट्रेट से सेवानिवृत्त और कवि पंडित विश्वनाथ दुबे की पांचवी पुण्यतिथि उनके निवास रामनाथ पर सादगीपूर्ण मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय विश्वनाथ दुबे को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गयां। पुण्यतिथि पर उनके बड़े पुत्र व सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी सुधाकर दुबे ने कहा कि उनके पिता सादगी से परिपूर्ण थे और उन्होंने करीब 38 साल तक एक सरकारी कर्मचारी के रूप में कई पटलों पर अपनी सेवायें देने के बाद 1989 में सेवानिवृत्त हुये थे व इस दौरान उनकी कविताएं विभिन्न अखबारों में प्रकाशित होती रहीं व उनके छोटे पुत्र एडवोकेट वेद प्रकाश दुबे ने कहा कि उनके पिता पठन पाठन के पक्षधर रहे और उन्होंने अपने बच्चों को सही शिक्षा देकर समाज में अच्छा नागरिक बनाने का कार्य किया व उनके आर्शीवाद से आज उनके परिवार के सदस्य अपने अपने क्षेत्र में अच्छे मुकाम पर हैं। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्क्ष प्रीतम मिश्रा, अधिवक्ता सुनील श्रीवास्तव, सतेन्द्र सिंह, प्रेम नारायन मणि, संदीप मिश्रा, बार के पूर्व अध्यक्ष बृज बांके तिवारी, उमेश मिश्रा, अजय यादव, हरिलाल यादव के साथ परिवार के संदीप दुबे, प्रणव द्विवेदी, शशांक द्विवेदी, निशांक द्विवेदी, गिरीजेश मिश्रा, अश्वनी द्विवेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु आयोग द्वारा निर्धारित संशोधित कार्यक्रम



ललितपुर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचनन आयोग नई दिल्ली द्वारा सम्प्रति चल रहे अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित कार्यक्रम की संशोधित तिथियों की घोषणा की जा चुकी है व प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु आयोग द्वारा निर्धारित संशोधित कार्यक्रम गणना अवधि 11 दिसम्बर तक, मतदान केन्द्रों का सम्भाजन, पुनर्व्यवस्थापन 11 दिसम्बर, कंन्ट्रोल टेबिल का अद्यतनीकरण और ड्राफ्ट रोल की तैयारी 12 से 15 दिसम्बर, मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 16 दिसम्बर, दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 16 दिसम्बर से 15 जनवरी, नोटिस चरण गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों और आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा एक साथ किया जायेगा 16 दिसम्बर से 7 फरवरी व मतदाता सूची के स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच करना तथा अंतिम प्रकाशन के लिये आयोग की अनुमति प्राप्त करना 10 फरवरी तक व मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी व आयोग द्वारा निर्गत पुनरीक्षण की अवधि के दौरान विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाहियों से सम्बद्ध अधिकारियों का स्थानांतरण भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा व उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की उपरोक्तानुसार तिथियों में संशोधन करते हुये नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को नियत किया गया है।

## जिलाधिकारी ने किया महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, मरीजों से लिया फीडबैक

**- मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधा संवाद कर उपचार सुविधाओं की जानी जानकारी।**
**- जननी सुरक्षा योजना के 1500 लंबित प्रपत्र एक सप्ताह में निस्तारित करने के आदेश।**
**- लैब, पैथोलॉजी, पंजीकरण कक्ष सहित सभी इकाइयों का किया निरीक्षण।**
**- स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और संवेदनशील बनाने का दिया आह्वान, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी।**



उरई : महिला अस्पताल में नवजात बच्चियों के परिजनों को बधाई देते व जानकारी लेते डीएम ।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद कर उपचार सुविधाओं के बारे में प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने पूछा कि क्या इलाज के नाम पर किसी प्रकार की अवैध वसूली की गई या बाहर की दवाइयाँ लिखी गई हैं। उन्होंने बताया किसी भी प्रकार का पैसा नहीं दिया गया और ना ही बाहर से दवाइयां लिखी गई है मरीज का उपचार पर कर के अंदर से ही किया गया है। जच्चा-बच्चा वार्ड पहुँचकर जिलाधिकारी ने बीते 24 घंटे में जन्मी 12 बच्चियों के परिजनों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि सभी नवजात कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का लाभ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना से संबंधित फॉर्म तुरंत भरवाकर लाभ समय से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा भी की, जिसमें लगभग 1500 आवेदन लंबित पाए गए। इस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को कड़े शब्दों में निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रपत्रों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने लैब, पैथोलॉजी, पर्चा काउंटर, पंजीकरण कक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण इकाइयों का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी, प्रभावी और मरीजों के प्रति संवेदनशील बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 'सड़क निर्माण में लापरवाही पर डीएम सख्त, बेस सही न मिलने पर निर्माण कार्य पर रोक



उरई : सड़क का निरीक्षण करते डीएम ।

**उरई(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज वार्ड नंबर 22 स्थित गांधी महाविद्यालय के पास बन रही 150 मीटर लंबाई एवं 5.28 लाख रुपये लागत की सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएँ पाई।जिलाधिकारी ने देखा कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। बेस को ठीक से साफकिए बिना ही मिट्टी के ऊपर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरंत निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना मजबूत और साफ बेस तैयार किए सड़क निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बेस को पूरी तरह मानक के अनुरूप दुरुस्त कराने के बाद ही आगे का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सार्वजनिक निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पालिका द्वारा निर्मित मॉडल शौचालय का विधायक व पालिकाध्यक्ष ने किया लोकार्पण



उरई : शौचालय का लोकार्पण विधायक व पालिकाध्यक्ष ।

**कोंच(जालौन)।** नगर में स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में नगर पालिका ने एक सराहनीय कदम उठाया है दिन सोमवार को समय करीब दोपहर 12 मुहल्ला पटेल नगर पुराने अस्पताल परिसर में 15वें वित्त आयोग से साढ़े उन्नीस लाख रुपये की लागत से निर्मित मॉडल शौचालय का विधिवत उद्घाटन किया गया इस आधुनिक शौचालय का निर्माण नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कराया गया है जिससे स्थानीय निवासियों मरीजों एवं राहगीरों को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा मिल सकेगी।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन व पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं ईओ मोनिका उमराव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शौचालय का लोकार्पण किया कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुई जिसके बाद जनप्रतिनिधियों ने मॉडल शौचालय की सुविधाओं का निरीक्षण भी किया

इस अवसर पर ठेकेदार आरआई सुनील यादव भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल अमित उपाध्याय ओ.पी. कुशवाहा सभासद रवि कुशवाहा बादाम कुशवाहा शादाब अंसारी गौरव तिवारी सीमा अहिरवार अनिल वर्मा मनीष नगरिया समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे सभी ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि ऐसे विकास कार्य आगे भी इसी तरह जारी रहेंगे और नगर पालिका द्वारा निर्मित यह मॉडल शौचालय न केवल स्वच्छ भारत मिशन को गति देगा बल्कि नगर के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता स्तर को भी मजबूत करेगा।

## एक सैकड़ा वाहनों के काफिले के साथ छिरिया टोल प्लाजा पर उर्विजा का जोरदार स्वागत

**- पुष्पवर्षा, फूलमालाएं और जलपान व्यवस्था ने कार्यक्रम को बनाया खास**



**जालौन**। भाजपा की पुनर्नियुक्त जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित का सोमवार को छिरिया टोल प्लाजा पर छिरिया सलेमपुर के प्रधान प्रतिनिधि आशीष तिवारी (आंशु तिवारी) ने भव्य स्वागत किया। जैसे ही उनका काफिला टोल प्लाजा पहुंचा उत्साहितकार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और जयघोष के साथ जोरदार अभिवादन किया। लगभग 80 चार पहिया वाहनों का काफिला स्वागत स्थल तक पहुंचा। इस दौरान दो जेसीबी मशीनों एवं एक हार्वेस्टर को आकर्षक तरीके से सजाकर स्वागत गेट के रूप में खड़ा किया गया, जिसने स्वागत समारोह को खास बना दिया। प्रधान प्रतिनिधि आशीष तिवारी द्वारा काफिले में चल रहे । कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से जिलाध्यक्ष पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह चरम पर दिखाई दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष उरई प्रतिनिधि विजय चौधरी, जिला पंचायत सदस्य सहाव पुष्पेन्द्र सिंह सेंगर, प्रलुव्य निरंजन,उपेन्द्र गुर्जर,अनुज तिवारी,रामजी त्रिपाठी नाहली ग्राम प्रधान, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मासिक पंचायत में किसानों ने समस्याओं को लेकर भरी हुंकार

**-एसडीएम को 6 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन**



**कालपी(जालौन)।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत प्रगतिशील कृषक गोविन्द सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें किसानों ने विभिन्न समस्याओं को उठा कर एसडीएम मनोज कुमार सिंह को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन को सौंपकर समस्या के निदान करने की मांग की।

मासिक पंचायत के उपरांत किसानों का प्रतिनिधिमंडल तहसील कालपी में पहुचा। किसान यूनियन यूनियन के तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह राजू मलथुआ के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया है कि कालपी तहसील क्षेत्र मेंयमुना नदी की बाढ़ से मटर,धान, ज्वार बाजरा की फसलें बर्बाद होने से प्रभावित किसानों की माली हालत खराब हो गई है। इसलिए प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए।बे मौसम बारिश से खरीफ व रवि कि फसले पूर्णत नष्ट हो गई हैं।प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए।

अन्ना गोवंशों व जानवरों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए। मासिक पंचायत में मंडल महामंत्री सुरेश सिंह चौहान, अनुराग पांडेय,महेश लमसर,सत्येन्द्र सिंह भदौरिया, ओम सिंह पूर्व प्रधान,देव करने सिंह, जयपाल सिंह,श्याम बाबू पाल, उदय सिंह इमलिया, लेख रामपाल शहादपुरा, जमराम कुशवाहा राजबहादुर लोहरगांव, सुरेंद्र पाल सिंह, देवकरण सिंह श्याम बाबू पाल, उदय सिंह इमलिया लेख रामपाल सहादपुरा, जकुशवाहा, राज बहादुर लोहारगांव, सुरेंद्र पाल सिंह, समेत किसान शामिल रहे

## रामपुरा सीएचसी में कागज़ों पर प्रसव मामले की जांच हुई पूरी,

**-गठित टीम ने जन्म प्रमाण पत्र को लेकर कई बिन्दुओ पर की पूछताछ**



उरई : कागज़ों पर प्रसव दर्ज होने की जांच करती टीम।

**रामपुरा(जालौन)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में कागज़ों पर प्रसव दर्ज होने व फर्ज़ी जन्म प्रमाण पत्र का मामला प्रकाश में आया था, जिसमे 7 अक्टूबर को एक जन्म प्रणाम पत्र जारी किया गया था, जिसमे जच्चा महिला के पति रोहित द्वारा फर्ज़ी बताया गया , और इसकी शिकायत रोहित हाल निवास जगम्मनपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सें की गई थी, इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच टीम ने दो दिनों में मामले की जांच करते हुए संबंधित पक्षों से गहनता से पूछताछ की जा रही थी । टीम में जिले से एसीएमओ , चिकित्सा अधीक्षक व एलएचवी शामिल थे प्राप्त जानकारी के अनुसार जगम्मनपुर निवासी रोहित ने आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी विनीता जिसके साथ रोहित का न्यायालय में उसका मुकदमा चल रहा है। शिकायत कर्ता रोहित के बताये अनुसार ज़ब वह 13 अक्टूबर को ज़ब रोहित पेसी करने के लिए कोर्ट गया तब उसे पता चला कि उसकी पत्नी विनीता ने सामुदायिक स्वस्थ केंद्र रामपुरा के कर्मचारीओ, आशा व अपनी बहन के साथ मिलकर 7 अक्टूबर को फर्ज़ी प्रसव दिखाकर एक जन्म प्रमाण पत्र जारी करबाया लिया जो न्यायलय में पेस किया गया है, यह जानकारी रोहित को प्राप्त होने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डी के भिटोरया सें शिकायत की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले को गंभीरता सें लेते हुए तीन सदस्यीय टीम का गठन कर मामले की जांच के लिए शनिवार को सामुदायिक स्वस्थ केंद्र रामपुरा भेजा, टीम में ए सी एम ओ ए पी बर्मा, माधौगढ. सें चिकित्सा अधीक्षक मनीष राजपूत व एल एच बी रानी जांच टीम शामिल रही।

जांच के दौरान पीड़ित बताकर सामने आए रोहित, हाल निवासी जगम्मनपुर, व अस्पताल स्टाफ से टीम द्वारा जन्म प्रमाण पत्र संबंधित पूछताछ कि गयी, दो दिनों तक चली पूछताछ में स्टाफव शिकायतकर्ता दोनों के बयान दर्ज किये। फ़िलहाल तीन सदस्य जांच टीम ने जानकारी दी है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास साक्ष प्रस्तुत किये जायगे. जिसके बाद आगे की कार्यबाही सुनिश्चित की जायगी।वही चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रदीप कुमार राजपूत ने बताया है कि शिकायतकर्ता रोहित सें ए सी एम ओ द्वारा लिखित प्रार्थना-पत्र देने को कहा गया, लेकिन रोहित कोई भी आवेदन उपलब्ध नहीं करा सका। प्रार्थना पत्र न देने से उसकी शिकायत संदेह के घेरे में आ रही है।

## डीएम के निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर अभियान को गति देने घर-घर पहुंचे अधिकारी'

**माता, बहने, बुजुर्ग सभी मतदाताओं से किया संवाद, पी.ए. सिस्टम से लोगों को बताया एस.आई.आर का महत्व'**



**ललितपुर**। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस.आई.आर. अभियान ने दोपहर 2 बजे तक 70.52 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली व अभियान को और गति देने के लिए जिले के आला अधिकारियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं को एस.आई.आर. फार्म भरकर बी.एल.ओ. के पास जमा कराने के लिए जागरुक किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव व अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने शहर के कई बूथों पर जाकर बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की और गली-गली भ्रमण कर मतदाताओं से संवाद किया व इस दौरान उन्होंने पी.ए सिस्टम के माध्यम से मतदाताओं से संवाद किया व फार्म भरकर जमा करने की अपील की एवं फार्म भरने में आ रही कठिनाईयों का समाधान कराते हुए फार्म मौके पर भी भरवाए व उन्होंने घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं से बात की, माता, बहने व बुजुर्गों को एसआईआर का महत्व समझाया और अपील की कि वह अपने साथ-साथ अपने पड़ोस के मतदाताओं को भी जागरुक करें। अधिकारियों ने पोलिंग बूथों पर एसआईआर कार्य की समीक्षा करते हुए बीएलओ को निर्देश दिये कि मृत, शिफ्टिड व डुप्लीकेट मतदाताओं का चिन्हांकन कर उन्हें अलग कर लें, इससे काम आसान हो जाएगा और प्रत्येक फार्म पर कारण लिखते हुए हस्ताक्षर कर जमा करवा दें एवं तहसील स्तर से उसका अपडेट भी लेते रहें व उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से भी आह्वान किया कि वह अपने स्तर से भी मतदाताओं को जागरुक करें। उच्चतर प्राथमिक विद्यालय चण्डीमाता मंदिर में 1000 में से 466 फार्म जमा बताए गए, नेशनल कॉन्वेट स्कूल में बूथ सं.-464 पर 1134 में से 960 फार्म भराये गए हैं, वहीं लिटिल फ्लॉवर स्कूल में 27 प्रतिशत प्रगति बतायी गई, जो सबसे कम है, इस पर अधिकारियों ने बीएलओ से कारण पूछते हुए अतिरिक्त कार्मिकों को तैनात किया और 3 दिवस में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र, कर निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## उन्नत भारत अभियान के तहत महाविद्यालय में एस.आई.आर. जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

चुनावी पारदर्शिता के लिए एस.आई.आर. आवश्यक - प्राचार्य




ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय में उन्नत भारत अभियान के तहत एस.आई.आर. जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि जो विद्यार्थी मतदाता है एवं अपने परिवार एवं आस पड़ोस के मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें व जिन मतदाताओं ने अभी तक एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है, वह अपने-अपने बूथ के बीएलओ से मिलकर एसआईआर फॉर्म को तत्काल भर दें ताकि मतदाता सूची से वंचित न रह पाए व कोई भी मतदाता जानकारी के अभाव में या लापरवाही के कारण एसआईआर फॉर्म भरने से वंचित न रह पाए। उन्नत भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी घर-घर जाकर आम जनमानस को को फॉर्म भरने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर हिमांशु पटैरिया, पवन, नैंसी व्यास, राजेश कुमार, पवन कुशवाहा, सोनू सहित महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में संचालन डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने किया एवं आभार डॉ. सुधाकर उपाध्याय ने व्यक्त किया।

# यातायात माह नवम्बर का समापन, हेलमेट वितरण और सड़क सुरक्षा पुस्तिका का विमोचन



चित्रकूटः जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए चलाए जा रहे ÷यातायात माह नवम्बर 2025÷ का समापन सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) शिवरामपुर में आयोजित समारोह के साथ किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आम लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर ÷आओ सीखें सड़क सुरक्षा÷ लघु पुस्तिका का विमोचन भी किया गया और लॉटरी के माध्यम से बिना हेलमेट पकड़े गए चालकों को 25 हेलमेट वितरित किए गए।

समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद, पीटीओ दीपी त्रिपाठी की उपस्थिति में बीना हेलमेट चालान किये गये चालकों को लॉटरी के माध्यम से 25 हेलमेट का वितरण किया गया। साथ ही यातायात जागरूकता अभियान में सहयोग प्रदान करने पर विकास सेवा संस्थान के संस्थापक डॉ प्रभाकर सिंह तथा समाजसेवी व सभासद शंकर यादव को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। जिसके तहत विभिन्न थानों और यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए पंपलेट, हैंडबिल, स्टिकर वितरण किए गए। साथ ही ठंड और कोहरे के कारण दृश्यता कम होने पर दुर्घटना रोकने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली और मालवाहक वाहनों पर निःशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए तथा राजमार्गों के किनारे खड़ी अवैध गाड़ियों को हटाया गया। इसके साथ ही नियम न मानने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा शहर में जाम की समस्या उत्पन्न करने वाले वाहनों को हटाकर चेतावनी दी गई।

बताया कि यातायात माह के दौरान कुल 8473 वाहनों पर प्रवर्तन कार्रवाई की गई। जिसमें बिना हेलमेट वाले 5703, बिना सीट बेल्ट वाले 492, मोबाइल का उपयोग करने वाले 51, नशे में वाहन चलाने वाले 89 और अन्य उल्लंघन करने वाले 2139 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। साथ ही इस अवधि में 59 वाहन सीज किए गए और 1 करोड़ 96 लाख 86 हजार 500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा जनपद पुलिस द्वारा सात नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से 28 विद्यालयों से 3074 विद्यार्थियों, 8427 नागरिकों और 792 ऑटो, टैक्सी व ई-रिक्शा चालकों को जागरूक किया गया।

इस मौके पर डायट प्रवक्ता नीलम यादव, अखिलेश कुमार पांडेय, राजेश कुमार उपाध्याय, डॉ गोरेलाल यादव, सौरभ चंद सविता, हेम सिंह, शिव प्रसाद, मोहित कुमार, शिक्षक, विद्यार्थी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खाटूश्याम की पैदल यात्रा निकाली

**बांदा।** बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल द्वारा पैदल निशान यात्रा निकाली जाती है।इस बार शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी मे विशाल शोभायात्रा निकाली गई।यात्रा में भारी संख्या में खाटू श्याम भक्तगण उपस्थित रहे।यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत किया व जलपान की व्यबस्था भक्तों द्वारा की गयी।खाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि यात्रा लगातार सालों से निकाली गयी।हिंदू समाज एकजुट करने का आवाहन किया गया।बताया कि सेवा मंडल भक्त बाबा को निशान च?ा कर अपनी अपनी मनोकामना को पूरी करते है।पदाधिकारी सुधीर तिवारीएराकेश गुप्ता एपप्पू शिवहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि कलयुग की मीरा कुमारी जिनका नाम आरती टॉक हैएजो बाबा को प्रतिदिन विगत 5 वर्षों से बाबा श्याम को निशान चढ़ाती हैं।उनकी मृत्यु कार एक्सीडेंट में निशान च?ाते समय हो गई।जिनकी श्रद्धांजलि मंदिर में दी गई।इस यात्रा में महिलाएंएबच्चे भी शामिल होते हैं।

## विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही के संबंध में निरीक्षण किया



**बांदा।** संतराम एमूल्यांकन अधिकारी एनियोजन विभाग एउत्तर प्रदेश शासन एवं श्री पंकज वर्मा नियोजन विभाग एउत्तर प्रदेश ने आज मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को योजना का लाभ प्राप्त होने के संबंध में जनपद बांदा की तहसील सदर के ग्राम लामा एवं पपरेंडा तथा तहसील पैलानी के ग्राम खपटीया कला का भ्रमण करते हुए योजना के लाभार्थियों से जानकारी प्राप्त कीस इससे पूर्व उन्होंने आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री कुमार धर्मेंद्र से मिलकर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के क्रियान्वयन में व संचालन के संबंध में जानकारी लीस उन्होंने योजना के लाभार्थियों से लाभान्वित किए जाने के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्हें किसान दुर्घटना कल्याण योजना में कोई परेशानी तो नहीं आई के संबंध में जनता से जानकारी ली सउन्होंने यह भी जानकारी प्राप्त की कि दुर्घटना के समय लेखपाल कानूनगो व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था एवं क्या कार्यवाही की गई के संबंध में जानकारी प्राप्त की निरीक्षण के समय मनोज कुमारए नायब तहसीलदार एवं सहायक भूलेख अधिकारी एश्री महेंद्र सिंह एलआईसी शंभू लाल राजस्व निरीक्षक एवं अन्य संबंधित ग्राम के लेखपाल उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### मौका मिलने पर ग्रामीण क्षेत्रों के पहलवान रोशन करते है क्षेत्र का नाम- विनीत द्विवेदी



मऊ, चित्रकूटः तहसील क्षेत्र के पूरब पताई गांव में सोमवार को दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। जिसका जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी ने पहलवानों का हाथ मिलाकर किया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि वर्षों से चली आ रही परंपरा को जीवित रखते हुए कुश्ती के प्राचीन स्वरूप को संरक्षित रखने का प्रयास सराहनीय है। दंगल लोगों को स्वास्थ्य के मेहनत करने का संदेश भी देता है। इससे क्षेत्र में नई प्रतिभाएं निकल कर क्षेत्र का नाम रोशन करती हैं। रामलीला कमेटी के मेला दंगल कमेटी के संरक्षक वरिष्ठ भाजपा नेता हरकेश बहादुर सिंह एवं रामलीला कमेटी के प्रबंधक कुंवर बृजेश सिंह एडवोकेट ने किया। दंगल में हुई रोमांचक कुश्तियों ने दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान कुश्ती में मनोज कौशांबी और तीरथ सिंह के बीच हुई रोमांचक कुश्ती में मनोज विजय हुए। क्रमशः अनिल महुआ गांव एवं बाबा के बीच हुई कुश्ती में अनिल महुआ गांव विजई हुए। विनोद टिटिहिरा और सत्यपाल कन्नौज के बीच हुई कुश्ती में विनोद विजई हुए। लक्ष्मण फ्तेहपुर और मुब्बन चायल में मुब्बन विजई, संजय हरियाणा और बीके राजस्थान के बीच हुई रोमांचक कुश्ती में संजय हरियाणा विजय हुए। राजेश पिपरौंद और जितेंद्र चायल में राजेश पिपरौंद विजय हुए। इस दौरान साहिल सिंह, संतोष, मूरत, अनुज, धर्मराज, दिलीप, पुनीत, राजू, बाबा बांदा आदि पहलवानों ने प्रतिभाग किया। दंगल में क्षेत्र के सैकड़ो लोग उपस्थित होकर रोमांचक कुश्तियों का आनंद लिया। इस दौरान मलखान सिंह, नरेश बहादुर सिंह, अमन सिंह एडवोकेट, सौरभ सिंह एडवोकेट, रवि सिंह एडवोकेट सहित ढेर सारी जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

### दबंग भूमाफ्यिा जमीन पर कर रहे अवैध कब्जा

चित्रकूटः प्रभावशाली भूमाफ्यिाओं द्वारा भरतकूप थाना क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर (ब) में दबंगई से जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ितों ने मामले में कार्यवाही की गुहार लगाई है।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि अकबरपुर गांव में गाटा संख्या 1214/1 की जमीन जुमला नंबर है। जिसका मुकदमा सदर एसडीएम के यहां चल रहा था। जिस पर लेखपाल को बंटवारे के आदेश एसडीएम द्वारा दिए गए थे, लेकिन उक्त गाटा संख्या मिला-जुला होने के चलते लेखपाल के द्वारा कुर्रा फांक नहीं किया गया जिसकी वजह से बटवारा नहीं हो सका जिसके चलते कुछ हिस्सेदारों ने बिना बंटवारे के भू माफ्यिाओं को भूमि बेचने का काम किया जा रहा है ध्यान सिंह पुत्र हरि चरण सिंह, रामबाबू सिंह पुत्र जयकरण सिंह, शिवमंगल सिंह पुत्र सुदामा सिंह और 8-10 लोग अज्ञात निवासी भरतकूप अकबरपुर आदि लोग भू माफ्यिा किस्म के लोग हैं। भू माफ्यिाओं द्वारा किए जा रहे भूमि पर निर्माण कार्य को मान्यता प्राप्त पत्रकार राजेंद्र सिंह सिसोदिया, पत्रकार कुंवर नारायण प्रताप सिंह सिसोदिया, नागेन्द्र सिंह, दीपक सिंह काम को रोकने का प्रयास किया तो प्रार्थी गणों को गाली-गलौज करने सहित जान से मारने की धमकी दी। जिसकी सूचना प्रार्थीगणों द्वारा संबंधित थाना भरतकूप को लिखित प्रार्थना पत्र देकर दी गई है।

## भारतीय सिन्धु सभा की संगठनात्मक बैठक संपन्न

**चित्रकूटः** भारतीय सिन्धु सभा द्वारा सोमवार को संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बांदा और चित्रकूट जिलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमें संगठन को सक्रिय करने और आगामी आयोजनों पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से आगामी 27 और 28 दिसंबर को कानपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ बनाने, कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाने तथा भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर बैठक में जिलाध्यक्ष राजीव लगानी, अशोक अगनानी, साईं अमरलाल, प्रेमचंद आहूजा, नरेश कुमार, मोतीराम लालवानी, राजीव लखमानी, भास्कर आसवानी, मुनिराज ज्ञानचंदानी, दीपक अंशवानी, गिरधारी चंदानी, गोविंद खत्री समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एड्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

बांदा.जन शिक्षण संस्थान द्वारा विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें अतिथि महिला अस्पताल की वन्दना तिवारी एवं चन्द्रेश गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक मो0सलीम अख्तर ने बताया कि 1दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है।इसका उद्देश्य लोगो को इस भयावह बीमारी के प्रति जागरूक करना है।यह असुरक्षित यौन सम्बंध बनाने व एचआईवी वाले व्यक्ति के सम्पर्क में आनेएइंजेक्शन या उपकरण को साझा करने से फैलता है।

वन्दना तिवारी ने बताया कि एचआईवी एक तरह का वायरस हैएजो इंग्लैंड से आया था।एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिसिएन्सी सिंड्रोम है।जो हमारे खून मे जाकर सफेद रक्त कोशिकाओं को नष्ट कर देता है।किसी भी देश में एड्स का इलाज मौजूद नही है।इस भयावह बीमारी से संक्रमित होने के बाद व्यक्ति एक के बाद एक अन्य बीमारियों के चपेट में आता है।जिला अस्पताल के चन्द्रेश गुप्ता ने बताया कि विश्व एड्स दिवस 1988 से विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मनाया जाता है।इसमें समानता एवं जागरूकता से एड्स पर काबू पाया जा सकता है।

यह वायरस शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है।जिसके चलते व्यक्ति एक के बाद एक बीमारी से ग्रसित होता जाता है।शुरूआती स्टेज में इसका इलाज करवा लिया जाए तो व्यक्ति काफी हद तक बच सकता है।लोगों को अधिक से अधिक संख्या मे जागरूक करने की आवश्यकता है।कार्यक्रम मे संस्थान के संजय पांडेयएलक्ष्मीकांत दीक्षितएमयंक सिंहएशिवांगी द्विवेदीएनीरज कुशवाहाएसीता तिवारीएकिरन यादव सहित 40 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया।

### सचिवएप्रधानएपशु चिकित्साधिकारी के खिलाफकार्यवाही के निर्देश

बांदा.मुख्य विकास अधिकारी ने बिसंडा ब्लॉक के घूरी गांव स्थित गौशाला का निरीक्षण किया।गौशाला की स्थिति बेहद खराब पाई गई।टीनशेड के नीचे कीच? जमा था और पूरे परिसर में साफसफाई नहीं मिली।गौशाला में मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि यहां लगभग 130 जानवर रखे गए हैं। इसके बावजूद चाराएपानी और देखभाल की व्यवस्थाओं में लापरवाही साफ दिखाई दी।कई स्थानों पर गंदगी और दुर्गंध के कारण व्यवस्था बदहाल नजर आई।स्थिति देखकर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताई।कहा कि ब?ी संख्या में पशु होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी अपनी भूमिका सही ढंग से नहीं निभा रहे हैं।मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर ही सचिवएपशु चिकित्साधिकारीएग्राम प्रधान के खिलाफकार्यवाही करने के निर्देश दिए।चेतावनी दी कि व्यवस्थित सफाईएपानी और चारा व्यवस्था तुरंत सुनिश्चित किया जाएएअन्यथा क?ी कार्रवाई की जाएगी।लोगों का कहना है कि गौशाला की अव्यवस्था की शिकायतें पहले भी उठती रही हैंएलेकिन अब मुख्य विकास अधिकारी के हस्तक्षेप से सुधार की उम्मीद बनी है।

## जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान वर्ष 2025.26 की प्रगति समीक्षा करते हुए बैंकों में लंबित आवेदनों के निस्तारण करने के निर्देश दिए- जे0रीभा

**बांदा।** जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति बैंकर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान वर्ष 2025.26 की प्रगति समीक्षा करते हुए बैंकों में लंबित आवेदनों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने एचडीएफसी बैंक एवं पीएनबी बैंक के प्रतिनिधि की उपस्थिति ना होने पर नाराजगी व्यक्त की सउन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए इंडियन बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के बैंकों में लंबित आवेदनों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत इंडियन बैंकए एवं स्टेट बैंक ऑफ़इंडिया तथा सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। एक जनपद एक उत्पाद योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्टेट बैंक ऑफ़इंडिया एवं पंजाब नेशनल बैंक तथा सेंट्रल बैंक ऑफ़इंडिया में लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड योजना तथा मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने आगामी 15 दिनों में गांव में कैंप लगाकर केसीसी कार्ड बनाए जाने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर एवं संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को दिये सआर्यावर्त बैंक एवं बैंक ऑफ़ बडौदाए सेंट्रल बैंक को निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत बैंको को सीसीएल किए जाने के संबंध में आर्यावर्त बैंकए इंडियन बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया । उन्होंने बैंकर्स को सीडी रेशियों बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।

## भगवान का अवतार इस धरती में दुष्टों का संहार करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है- पंडित रमन वाजपई

स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा। कस्बे में चल रहे भागवत ज्ञान सप्ताह कार्यक्रम में भागवताचार्य ने कृष्ण जन्म और वामन अवतार की कथा विस्तारपूर्वक कही। आप सभी को ज्ञात हो की

नरैनी कस्बे के रामलीला मैदान में चल रहे भागवत कथा में गोधूलीपुरम वृंदावन धाम से पधारे पंडित रमन वाजपई जी ने चतुर्थ दिवस कृष्ण जन्म और वामन अवतार की कथा मौके पर मौजूद श्रोताओं को विस्तार से सुनाई।बताया जब जब इस पृथ्वी पर अत्याचार बड़ा पाप हुआए तब तब प्रभु को धर्म की स्थापना के लिए इस धरती पर अवतार लेना पड़ा।बताया कि कंश के अत्याचार और दुराचार से कराह रही धरती वासियों को भगवान कृष्ण ने देवकी के आठवें संतान के रूप में जन्म लिया।भगवान के जन्म के समय मौके पर मौजूद महिलाओं के द्वारा अनेक मंगल गीतों का गायन किया गया।कथा ब्यास ने बताया कि भागवत मनोरंजन नहीं बल्कि मन का रंजन कराती है।

मनुष्य योनि में आकर हम सभी को धर्म के रास्ते का अनुसरण करना चाहिए।बताया कि कथा सुनना तभी सार्थक होगा जब हम लोग भागवत कथा में बताए गए मार्ग में चलकर परमार्थ का कार्य करे।बताया कि भगवान का अवतार भी धर्म की स्थापना के लिए हुआ था।अवतार लेकर इस धरती में दुष्टों का संहार किया।भगवान के जन्म के अवसर पर तमाम मंगलगीतों के गायन के साथ सुन्दर झांकी निकाली गई।महिलाओं ने नंदोत्सव के जन्म पर खूब नाची।माखन मिश्री फ्ल फूल मिष्ठान्न का वितरण किया गया।बता दे कि जगत कल्याण हेतु कथा परीक्षित रामकली पांडे पत्नी स्व शीतल प्रसाद पांडे के द्वारा भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन कस्बे के रामलीला मैदान में करवाया जा रहा है।

## ठगी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का भण्डाभोड, 3 गिरफ्तार




**बांदा।** उ0प्र0 शासन मां0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रही जीरों टॉलरेंस टू वर्ड फ्रॉडस्टर्स नीति क्रम में आज दिनांक 01ण्12ण्2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराजए सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा फर्जी कम्पनी चलाकर लोगो से झूठी पॉलिसी बताकर फर्जी लोन व कम्पनी से जुड़ने दुर्घटनध्हेल्थ बीमा अनिवार्य कराने हेतु रुपये लेकर फरार होने वाले 03 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 26ण्11ण्2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली आरती मिश्रा व 50 अन्य औरतों के समूह द्वारा बताया गया कि 03 लोगो द्वारा एक फर्जी समूह कम्पनी श्री रामनिधि फाइनेन्स खोलकर लोगों को 70 हजार रुपये का लोन देने की बात व प्रतिमाह 3500 रुपये किस्त देने की बात कही गई । साथ ही बताया गया कि लोन लेने से पूर्व हमारी कम्पनी से जुड़ने व दुर्घटनाध्हेल्थ बीमा कराने हेतु 3500 रुपये प्रति व्यक्ति लेकर फरार हो गए । इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को बड़ा बाईपास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ कि गई तो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग फर्जी कम्पनी श्री रामनिधि फाइनेन्स समूह जो कि बांदा जनपद के आरण्टीण्ओण् चौराहा के पास ऑफिस खोला गया था व अपना फर्जी नाम व फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग कर घटना को अंजाम दिए थे । साथ ही बताया कि लोगो से फर्जी लोन देने के बहाने से लोन देने से पहले कम्पनी से जुड़ना व दुर्घटनाध्हेल्थ बीमा कराने हेतु पहले ही 3500 रुपये जमा करने को कहते थे और जब पैसा आ जाता था तब रातों.रात कम्पनी आदि बंद कर स्थान बदल दिया करते थे और हमारे द्वारा पहले भी कई अन्य जनपदों में इस तरह की घटनाओ को अंजाम दिया गया है । अभियुक्तो के कब्जे से घटना में कारित 01 लाख 60 हजार 650 रुपये नकद बरामद हुये है । पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी जोड़कर अन्य जानकारी प्राप्त की जा रही है कि अभियुक्तों द्वारा और कहां. कहां इस प्रकार की घटनाओं को कारित किया गया व इसमें अन्य और कितने सदस्य शामिल है ।

01 लाख 60 हजार 650 नकद रुपयें बरामद ;फ्राड़ के पकड़े गए अभिक्त 1ण् विष्णु प्रकाश पुत्र जयनाथ निवासी ग्राम सुनरा थाना कोतवाली नगर जनपद महाराज गंज ।2ण् धीरेन्द्र पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम रुद्रापुर थाना कोतवाली नगर जनपद महाराज गंज ।3ण् सर्वेश पुत्र लालबाबू निवासी ग्राम हर्दी थाना निचलौल जनपद महाराजगंज के विरुद्ध मु0अ0सं0. 891ध्25 धारा 303;2द्धध्318;4द्ध बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317;2द्धध्316;5द्ध बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा में अभियोग दर्ज किया गया है पकड़ने वाली पुलिस टीम में बलराम सिंह थाना प्रभारी कोतवाली नगरआशुतोष त्रिपाठी चौकी प्रभारी मण्डी समिति उ0 नि0 श्री गजेन्द्र सिंह कां0 प्रशान्त कुमार का0 चन्दन सिंह कां0 अनुराग यादव कां0 सतीश कुमार शामिल रहे

## ग्राम सचिवों ने शांति रूप से प्रदर्शन किया




स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा। सचिवो ने सामूहिक रूप से ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों के थोपे जाने पर ब्लाक कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान सभी सचिवों ने प्रदेश व्यापी क्रमिक सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत काली पट्टी बांधकर कर की। आप सभी को ज्ञात हो

उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने संयुक्त रूप शासन को पूर्व में दिए गए पत्रों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेने से दोनों संवर्गो के लोगो ने केंद्रित नेतृत्व के आह्वान पर पंचायत सचिवों ने शांति पूर्वक आंदोलन की शुरुआत की। कार्य के प्रति सभी सचिवों में रोष व्याप्त है। पूरे प्रदेश में क्षेत्रीय ग्राम सचिव अपना मूल कार्य नियमित ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि उनके ऊपर गैर विभागीय कार्य जैसे फार्मर रजिस्ट्रीए एग्रो स्टैक सर्वेए गौशाला प्रबंधनए आयुष्मान हेल्थ कार्डए फैमिली आईडीए विभिन्न प्रकार के पेंशनों का सत्यापनए शिक्षा विभाग के ऑपरेशन कायाकल्प एवं बोर्ड परीक्षा में ड्यूटीए गायों के लिए भूसा का प्रबंधनए सोलर पैनल लगवाने का लक्ष्यए पराली प्रबंधन आदि को करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए शासन प्रशासन के अधिकारी अत्यधिक दबाव बना रहे हैं। जिससे कर्मचारी अस्वस्थ होने के साथ विभिन्न दुर्घटनाओं के भी शिकार हो रहे हैं। बताया कि 01 दिसंबर से 04 दिसंबर 2025 तक विकास खंडों में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे।इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र कुशवाहाएअशोक कुमार यादव मुकेश कुमार तिवारी सुशील कुमार द्विवेदी सुरेश पटेल सुरेश वर्मा प्रमोद कुमार अनुज कुमार ध्यानचंद कुशवाहा पूनम पांडे शशि प्रकाश पांडे सुशील द्विवेदी सचिन प्रताप अतुल अंजान मौर्य रविंद्र कुमार संतोष कुमार कुशवाहा महेश कुमार धीरेंद्र प्रताप सिंह विंध्यवासिनी सिंह आदि सभी सचिव मौजूद रहे।

## जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला आयोजित, 1059 लाभार्थियों ने ली स्वास्थ्य सेवाएं




**चित्रकूटः** मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला के तहत रविवार को जनपद के 28 ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और एक शहरी स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिनमें 467 पुरुषों, 419 महिलाओं व 173 बच्चों सहित कुल 1059 लोगों ने जांच एवं उपचार सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया। मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाना रहा।

स्वास्थ्य मेले में 40 चिकित्सकों और 98 पैरामेडिकल कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को विभिन्न रोगों से संबंधित परीक्षण और इलाज प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर में लोगों को संचारी रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, टीबी, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा जानकारी के लिए स्टॉल भी लगाए गए। जनपद स्तर से नामित नोडल अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले इस आरोग्य मेले में इलाज कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

## एपीके फाइल इन्वेस्टमेंट स्कैम के पीड़ितों को राहत, 2 लाख 59 हजार 775 रुपये साइबर सेल ने कराए वापस

चित्रकूटः बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने और आम नागरिकों को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य से जनपद की साइबर सेल टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एपीके फाइल इन्वेस्टमेंट स्कैम में ठगे गए सात व्यक्तियों के खातों में कुल 2 लाख 59 हजार 775 रुपये वापस कराए गए। साइबर ठगी के पीड़ितों ने धनराशि वापस पाने पर साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया है।

साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि व्हाट्सएप में आरटीओ चालान के नाम से भेजी गयी एपीके फाइल से सात पीड़ितों के साथ कुल 2 लाख 59 हजार 775 रुपये की ठगी की गयी थी। जिनके द्वारा ठगी की शिकायत साइबर सेल में की गयी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए उनकी टीम आरक्षी प्रशान्त कुमार व सर्वेश कुमार द्वारा सातों पीडितों के कुल 2 लाख 59 हजार 775 रुपये बरामद कर उनके खातों में वापस कराए गए। बताया कि वर्तमान में नागरिकों के जीवन में इंटरनेट, मेल एवं सोशल मीडिया ने बड़ी जगह बना ली है, ऐसे में दिनचर्या एवं ऑफिस के कार्यों में प्रतिदिन इसका उपयोग करने पर कुछ जालसाजों द्वारा अटैक कर आम नागरिकों के गूगल अकाउंट व जी-मेल आईडी हैक किये जा रहे हैं।

हैकर द्वारा जी-मेल आईडी हैक करने के बाद मोबाइल नंबर और रिकवरी ई-मेल आईडी चेंज कर देने से पीड़ित अपने अकाउंट का पासवर्ड रीसेट नहीं कर पाते। साथ ही हैकर द्वारा पीड़ित के गूगल ड्राइव पर सेव फोटो, वीडियो कॉन्टेक्ट्स आदि का दुरुपयोग किया जाता है तथा पीड़ित के गूगल अकाउंट को अन्यत्र वेबसाइट पर रजिस्टर कर अपराध कार्य करने में भी उपयोग में लाया जा सकता है। बताया कि इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए साइबर सेल द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि अनजान नंबरों से आए लिंक या एप्लीकेशन डाउनलोड न करें, ओटीपी या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें तथा संदिग्ध यूआरएल पर क्लिक करने से बचें। इसके साथ ही सभी ऑनलाइन खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन सक्रिय रखना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें।

**सरकारी नलकूप से केवल चोरी, पुलिस अनजान**

चकरनगरए इटावा। सहसों थाना के गांव भदौरियनपुरा निवासी किसान अनुज दुबे ने बताया कि 23 नवंबर को नलकूप संख्या 202 बीजी से केबल व कटाउट चोरी हो गए। किसान ने बताया कि उनके द्वारा विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से भी शिकायत की गई और आनलाइन भी शिकायत की गई है। प्रभारी निरीक्षक सहसों अलमा अहिरवार ने बताया कि इस संबंध में जानकारी नहीं हैए यदि चोरी हुई हैए तो थाने पर शिकायत करनी चाहिए थीए आनलाइन की मुझे जानकारी नहीं है।

# ओपन जिम का शुभारंभ बच्चों व बड़ों ने किया व्यायाम



-नागरिकों ने नगर निगम के प्रयास की सराहना की

स्वतंत्र भारत संवाददातारू

फिरोजाबाद। रैपुरा रोड स्थित सती आश्रम परिसर में नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा बनाए गए नए ओपन जिम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिम के खुलते ही बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी ने उत्साह के साथ विभिन्न उपकरणों पर व्यायाम किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए बसपा के तीन पार्षद वार्ड नंबर 3 की पार्षद रानी देवी तथा सरजीवन नगर वार्ड 5 की पार्षद माया देवी और विजय नगर वार्ड 2 के पार्षद देवेंद्र सिंह तथा महापौर कामिनी राठौर नगर निगम फिरोजाबाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोगों को निःशुल्क व्यायाम सुविधा उपलब्ध होगी। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम से अपील की है कि पार्क वाले एरिया में घास लगवाने और जिम के चारों तरफइंटरलॉकिंग लगवाई जाए इस अवसर पर डॉक्टर ज्ञान सिंह अशोक ठेकेदार रविंद्र सिंह डॉक्टर आर बी सिंह दिनेश कुमार बी डी देशमुख कौशलेंद्र अध्यापक महावीर सिंह कानून गो राकेश अध्यापक सरनाम सिंह ए डी ओ आदि लोग उपस्थित रहे ।

# धान को सुखाकर एवं साफसफाई करके ही क्रय केन्द्र पर लाये

**छिबरामऊ कन्नौज।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में खरीफविपणन वर्ष 2025.26 के अन्तर्गत समर्थन मूल्य पर धान क्रय की अवधि दिनांक 01ण11ण2025 से दिनांक 28ण02ण2026 तक है। जनपद में धान क्रय हेतु 27 ;खाद्य विभाग के 16ण् पी0सी0एफ0 के 10 व भारतीय खाद्य निगम का 01द्ध तहसील कन्नौज में 05ए तहसील तिर्वा में 06 एवं तहसील छिबरामऊ में 16 धान क्रय केन्द्र स्थापित कराये गये हैं। शासन द्वारा जनपद में और धान क्रय केन्द्रों को संचालित करने के निर्देश प्राप्त हुये है। जिलाधिकारी द्वारा 01 धान क्रय केन्द्र को विकास खण्ड हसेरन स्थानान्तरित कराया जा चुका है। खरीफ विपणन वर्ष 2025.26 में धान का समर्थन मूल्य कामन.2369 रुण् प्रति कुण् व धान ग्रेड ए.2389 रूण् प्रति कु ;अतिरिक्त रूण.20 उतराईए छनाई के मद मेंद्ध निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद का धान क्रय लक्ष्य 30000ण00 मी0टन है। जनपद में धान की उत्पादकता.39ण24 कु0 प्रति हेक्टेअर है। जनपद में 12 चावल मिलें स्थापित हैए जिनका भौतिक सत्यापन कराया जा चुका है तथा 07 मिलों का 22 केन्द्रों से सम्बद्धीकरण हो चुका है। जनपद में 992 किसानों द्वारा धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया जा चुका है तथा 631 किसानों के पंजीकरण का सत्यापन हो चुका है। सीमान्त कृषको की भूमि का सत्यापन लेखपाल द्वाराए लघु कृषक एवं अन्य कृषको के तीन हेक्टेअर तक की भूमि का तहसीलदारए तीन हेक्टेअर से ऊपर तथा पाँच हेक्टेअर तक की भूमि का उपजिलाधिकारी एवं पॉच हेक्टेअर से ऊपर की भूमि का सत्यापन अपर जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। चकबन्दी ग्रामों से सम्बन्धित भूमि के सत्यापन हेतु चकबन्दी लेखपालों द्वारा किया जायेगाए तदोपरान्त चकबन्दी अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जायेगा। जनपद में दिनांक 30ण11ण2025 तक कुल 220 किसानों से 1212ण98 मी0टन धान क्रय किया जा चुका है। जिनमें से 205 किसानों को रू0.268ण08 लाख का भुगतान हो चुका है। धान विक्रय करने वाले किसानों का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में पी0एफ0एफ0एस0 के माध्यम से 24 घण्टे में करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी ;वि0धा0द्ध द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक क्रय केन्द्र पर प्रतिदिन 300 कु0 से कम खरीद न हो तथा जनपद में धान खरीद की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संचालित की जाये। उन्होंने जनपद के किसान भाइयों से अनुरोध है कि वे अपने धान को सुखाकर एवं साफसफाई करके ही क्रय केन्द्र पर लायेए जिससे उनको धान विक्रय में असुविधा न हो। धान खरीद में किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9956199399 पर सम्पर्क कर सकते है।

# चिकित्सक ने युवक के ऊपर ?20000 रंगदारी मांगने का अभियोग दर्ज कराया

छिबरामऊ कन्नौज पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चिकित्सा के शरीर के अनुसार इंटरनेट पर कई दिनों से चिकित्सक को धमका रहा था युवक कोतवाली में किया गया अभियोग दर्ज

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ सुभाष चंद्र ने बताया कि वह एक हड्डी रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस डिग्री धार खाएं उनका नर्सिंग होम भी है उनकी पत्नी ग्राम सभा बैजू रामपुर की प्रधान है दिसंबर रोड निवासी मोहित यादव आए दिन उससे हुआ उनकी पत्नी प्रीति चंद्र से रंगदारी के तौर पर प्रति सप्ताह ?20000 की मांग करता है बिना किसी साक्ष के गवन का आप लगता है डॉक्टर के भाई रविकांत ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर की जिससे नाराज होकर रंजिश मानकर मोहित यादव ने पत्नी व परिवार के बारे में धमकी भरा पोस्ट इंटर में नेट मीडिया पर डाल दिया जिससे मैं अभद्र शब्दों का प्रयोग सात पीडिया तक याद रखना वह झूठे मुकदमे फसाने की धमकी दी गई चिकित्सक ने आरोप लगाया कि मोहित लगातार रंगदारी की मांग नर्सिंग होम में आकर धमकी दे रहा है जिससे उसका परिवार भयभीत है अभियोग दर्ज कर लिया गया है आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी उपरोक्त जानकारी कोतवाली प्रभारी विष्णु कांत तिवारी ने दी

# कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र मैं न्याय की गुहार लगाई

छिबरामऊ कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दक्षिणी खुडवा निवासी मुंगेलाल वर्मा पुत्र नेकराम वर्मा ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र मैं न्याय की गुहार लगाई ।

ग्राम दक्षिणी खुडवा निवासी मुंगेलाल वर्मा पुत्र नेकराम वर्मा ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र मैं कहां है कि बहबलपुर निवासी राजू यादव बावली पुत्र राम भरोसे ने आज जब वह घूरा डालने के लिए जा रहे थे तब राजू ने कहा कि बुरा नहीं डालना आज से यह जमीन मेरी है मुझे राजू बावली कहते हैं मेरे ऊपर कई दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं ज्यादा ज्यादा एक मुकदमा और बढ़ जाएगा तुम्हें जान से मार देंगे घटना का लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया गया।

# मक्का से भरा ट्रक रेलिंग तोड़कर रामगंगा पुल से लटक गया 5 किमी लंबा जाम

-ओवरटेक के चक्कर में बड़ा हादसा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद । राजेपुर थाना क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। लगातार लोगों को दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है।कभी कभी तो लोगों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ता है। लगातार हो रहे हादसे लोगों की जिंदगी को तबाह कर रहे हैं।



इटावाबरेली हाईवे पर स्थित रामगंगा पुल सोमवार को एक बार फिर हादसे का गवाह बना जब मक्का से भरा एक भरा।

ट्रक तेज़ी में ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे लटक गया। हादसे के तुरंत बाद पुल से करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

जानकारी के अनुसार जिले में ललितपुर से मक्का लादकर बरेली जा रहा ट्रक राजेपुर थाना क्षेत्र में रामगंगा पुल पर सामने से आ रही बस को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। तेज़ रफ़्तार और गलत अनुमान के कारण ट्रक बीच में लगे पत्थरों से टकरा गया। जोरदार टक्कर के बाद ट्रक रेलिंग तोड़कर लगभग दो फीट नीचे लटक गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राजेपुर पुलिस और राहगीरों की मदद से फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दुर्घटना की सूचना मिलते ही राजेपुर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रक को सुरक्षित करने तथा हाईवे पर लगे जाम को खुलवाने के प्रयास शुरू कर दिए।

पुलिस टीम लगातार ट्रैफिक को डायवर्ट कर जाम को नियंत्रित करने में जुटी रही।गौरतलब है कि सिर्फ12 दिन पहले 19 नवंबर को भी इसी पुल की रेलिंग तोड़कर गन्ना लदा ट्रक रामगंगा नदी में गिर गया था जिसे अभी तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। वह ट्रक बदायूं से गन्ना लेकर रूपापुर चीनी मिल जा रहा था।लगातार हो रही इन घटनाओं से पुल की सुरक्षा और भारी वाहनों की तेज़ रफ़्तार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बीएलओ एक-एक परिवार को चिन्हित कर फॉर्म कलेक्ट करें



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद । जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने विकास खंड ब?पुर की ग्राम पंचायत खानपुर में एस आई आर अंतर्गत बूथ संख्या 88 89 90 एवं 91 का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बीएलओ ने अवगत कराया कि बूथ संख्या 88 में 1229 वोटर के सापेक्ष 584 फॉर्म फीड हो चुके हैं बूथ 89 में 1194 वाटर के सापेक्ष 635 फॉर्म फीड हो चुके हैं बूथ संख्या 90 में 1191 वाटर के साथ एक 472 फॉर्म फीड हो चुके हैं बूथ संख्या 91 में 958 वाटर के सापेक्ष 475 फॉर्म फीड हो चुके हैं सुपरवाइजर ने अवगत कराया कि आज चारों बूथों में 105 फॉर्म फीड करने हेतु प्राप्त हुए हैं ।

जिला विकास अधिकारी श्री तिवारी ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि वह एक.एक परिवार को चिन्हित कर फॉर्म कलेक्ट करना सुनिश्चित करें एवं बार.बार मांगने पर भी फार्म न देने वाले लोगों की सूची बना ले। ग्राम प्रधान सुपरवाइजर ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सेवक पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मी मौके पर मौजूद मिले।

# पूर्व विधायक सुरेश सिंह यादव का निधन

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।मोहम्मदाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक सुरेश सिंह यादव का आज तड़के अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे करीब 84 वर्ष थे।यह जानकारी पूर्व विधायक सुरेश सिंह यादव के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव कौशलेंद्र सिंह यादव ने दी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार वर्ष 1989 में मोहम्मदाबाद निर्वाचन क्षेत्र से ग्राम भूड नगरिया निवासी शिक्षक सुरेश सिंह यादव जनता दल के टिकट पर विधायक चुने गए और पिछले कई वर्षों से शहर के मोहल्ला नेकपुर मे आवास बनवाकर परिवार समेत रह रहे थे।आज सोमवार तड़के करीब 4रू30 बजे पूर्व विधायक सुरेश सिंह यादव का उनके आवास पर अचानक हृदय गति रोकने से निधन हो गया। वयोवृद्ध पूर्व विधायक श्री यादव की निधन की खबर मिलते ही उनके समर्थकों एवं विभिन्न राजनीतिज्ञ दलों के नेताओं ने उनकेअंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर पहुंचकर अपनी अपनी शोक श्रृद्धाजंलियां अर्पित की।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शकुंतला ने अपनी पार्टी की ओर से गहरा दुख व्यक्त किया। इस दौरान एसडीएम सदर रजनीकांत पांण्डेय सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने पुष्प चक्र अर्पित किया। उनके आवास नेकपुर पर अंतिम दर्शनोपरांत स्वर्गीय पूर्व विधायक सुरेश सिंह यादव के पर्थिव;शवद्धकी अंतिम यात्रा गंगा पांचाल घाट के लिए रवाना हुई जहां आज अपराहन वाद उनके पुत्र ने परंपरागत विधि विधान से अपने पिता को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया।

# हादसा- रेलवे ट्रैक पर लेटने से 17 वर्षीय किशोरी का हाथ कटा



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। कमालगंज सोमवार को एक ऐसी घटना सामने आई जिसने वहां मौजूद लोगों को हिला कर रख दिया। रेलवे ट्रैक पर अचानक लेट गई 17 वर्षीय किशोरी प्रिया की हाथ की हथेली तेज रफ्तार एक्सप्रेस ट्रेन से कट गई है।

हादसा इतना अप्रत्याशित था कि ट्रेन चालक और राहगीर कुछ क्षणों तक समझ ही नहीं पाए कि आखिर यह हुआ क्या। गंभीर रूप से घायल प्रिया को आनन.फानन में अस्पताल पहुंचाया गया

यहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।थाना जहानगंज के ग्राम अहमदपुर देवरिया निवासी मुकेश कुमार जाटव की बेटी प्रिया अपने मौसा जयवीर की बेटी ऋति को छोड़ने गदनापुर गई थी। लौटते समय वह सरस्वती कोल्ड स्टोरेज के पीछे रेलवे लाइन पार कर रही थी। इसी दौरान कमालगंज की ओर से एक्सप्रेस ट्रेन को आते देख वह पहले ट्रैक के बीच खड़ी हो गई और फिर अचानक ट्रैक पर लेट गई। तेज रफ्तार ट्रेन के गुजरते ही उसके एक हाथ की हथेली कट गई।

लोको पायलट ने घटना देखकर ट्रेन रोक दी जबकि आसपास के लोगों ने गंभीर रूप से घायल प्रिया को तुरंत सीएचसी कमालगंज पहुंचाया। सड़क से गुजर रहे लोगों ने बताया कि उन्होंने प्रिया के अजीब व्यवहार को पहले भी देखा जिसकी वजह समझ पाना मुश्किल था।सूचना पर थाना कमालगंज प्रभारी राजीव कुमार अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने प्रिया से घर का नंबर लेकर परिजनों से संपर्क किया। परिवार ने बताया कि वह सिर्फमौसी की बेटी को छोड़ने गई थी और लौटते समय यह हादसा हो गया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल फ़र्रुखाबाद रेफर कर दिया।

# गीता जयंती पर स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाई गई

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद। गीता जयंती पर विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र.छात्राओं स्काउट गाइड एनसीसी कैडेट्स शिक्षक एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने शिरकत की



फतेहगढ़ के स्टेडियम में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी ने कहा कि जो जहां है जिस देश में है और जिस कार्य में है उसी को वह साधना मानकर करें उसी से उसका उद्धार होगा इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ डॉक्टर रजनी सरीन प्रधानाचार्य परिषद प्रदेश महामंत्री डॉ संदीप चतुर्वेदी प्रधानाचार्य परिषद जिलाध्यक्ष अनिल सिंह लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर अनुराग अग्रवाल यादवेंद्र सिंह परिहार प्रधानाचार्य रामदास डॉ विनीत चौहान दीपिका राजपूत नीतू मसीह आदि ने विचार व्यक्त किए राजकीय बालक इंटर कॉलेज महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज म्युनिसिपल इंटर कॉलेज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मदन मोहन कनोडिया इंटर कॉलेज एनकेपी इंटर कॉलेज बद्री विशाल डिग्री कॉलेज मेजर एसडी सिंह यूनिवर्सिटी आदि विद्यालयों के छात्र.छात्राओं ने मानव श्रृंखला निकाला।

## खबर एक नज़र

### हर्ष फायरिंग में युवक हुआ घायल

**ऊसराहारए इटावा।** बारात चढते समय सेना के जवान द्वारा की फायरिंग मे सामने खडे एक युवक को गोली लग गई गोली सीने के नीचे पेट को चीरते हुए रीढ की हड्डी मे फस गई गोली लगने के बाद बारात मे अफरा.तफरी मच गई सेना का जवान मौके से फरार हो गया बारात मे पहुचा जवान दूल्हे का मित्र था सूचना पर पुलिस ने रात मे ही आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है पिस्टल को बरामद कर लिया गया है रायफल किसकी थी इसका पता अभी नही चला है।

सरकार की लाख कोशिश और सख्त निर्देश के बाद भी हर्ष फायरिंग नही रूक पा रही है बीती रात बारात मे डांस के समय एक फौजी ने गोली चला दी जिससे घायल हुआ युवक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। रविवार को ऊसराहार मे रहने वाले किशनपाल बाथम के पुत्र सुमित की बारात ताखा के दर्शन गेस्ट हाउस मे गई थी लडकी के पिता रामशंकर बाथम ताखा के पास ही नंगला प्रथी के रहने वाले है उन्होने शादी ताखा मे इस गेस्टहाउस से की शाम को ऊसराहार से बारात पहुची बारात चढना शुरू हुआ तो बारात मे दूल्हे सुमित के दोस्त शेष कुमार भी पहुचे उनके साथ एक दोस्त और भी पहुचा जो अपने हाथ मे एक रायफल और पिस्टल लिए था बारात चढने के दौरान शेष कुमार जब भी फायरिंग करता तो वह साथी युवक से असलाह लेता था और फायर कर देता था रात ग्यारह बजे लगभग बारात चढते हुए गेस्टहाउस के पास पहुच गई द्वारचार की तैयारी चल रही थी दूल्हे को हंसकार से उतारने के लिए लडकी के मामा को बुलाया जा रहा था सडक पर बज रहे बैंड बाजे मे डांस चल रहा था इसी दौरान फौजी शेष कुमार हंसकार पर चढ गया और नोटो को फेंकने लगा हर्ष मे होसो हवास पर काबू न रखने वाले फौजी ने अचानक पिस्टल निकाली और फायर के लिए हाथ ऊपर भी नही कर पाया कि गोली चाला दी गोली हंसकार के नीचे सडक पर खडे सूर्यकात उर्फ पुष्कर 27 वर्ष निवासी नगरिया खनाबांध पुत्र अबधेश गुप्ता को लगी गोली लगते ही सूर्यकांत जमीन पर गिर पडा उसके साथी जब उसे उठाने लगे तो वह खून से लथपथ था गोली लगने की खबर फैलते ही बारात मे अफरा तफरी मच गई गोली चलाने वाला फौजी और उसका साथी मौके से गायब हो गए सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुच गई थानाध्यक्ष बलराज बांटी ने दूल्हे से पूछताछ की तो उसका नाम पता सामने आया रात मे ही थानाध्यक्ष दूल्हे सुमित को लेकर इटावा गए जंहा मंडी गेट के पास मकान से उसे पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया वही घायल सूर्यकांत को उसके परिजन इटावा लेकर पहुचे निजी अस्पताल मे बाहर ले जाने की सलाह पर उन्होंने सुमित को आगारा के पुष्पांजलि अस्पताल मे भर्ती किया है सूर्यकांत के पिता अबधेश ने बताया उनका बेटा बारात मे नीचे सडक पर खडा था फौजी ने सीधी गोली उसे मार दी गोली हार्ट को घायल करते हुए किडनी मे फसी है एसएसपी ब्रजेश कुमार ने बताया शेषकुमार यादव पुत्र तेजपाल यादव निवासी ग्राम बलीपुर थाना नंगला खंगर जनपद फिरोजाबाद हाल निवास जनता कालौनी सब्जी मंडी इटावा बीएसएफका जबान है उसे गिरफ्तार कर लिया गया है उससे लायसेंसी पिस्टल भी बरामद की गई है पिस्टल का लायसेंस जंमू कश्मीर से लिया गया था जवान द्वारा किए गए कृत्य की जानकारी उनके विभाग को भी भेजी जा रही है।

### लक?ी खोखे में लगी भीषण आग

भरथनाए इटावा कस्बा के इटावा रोड स्थित मुहल्ला कृष्णानगर बम्बा पुलिया पर बीती रात्रि करीब 3 बजे आसपास प?ोसियों में उस समय हाहाकार मच गयाए जब पास में रखे एक लक?ी के खोखा से धूं.धूंकर भीषण आग की लपटें उठने लगी। लक?ी के खोखा में ग्राम नगला खरगजीत निवासी किसान बलराम सिंह ;45 वर्षद्ध पुत्र बाजपेई यादव सब्जी बिक्री कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। सब्जी की दुकान में भीषण आग की लपटें देख प?ोसियों ने पुलिस को आग लगने की सूचना देकर अपने निजी संसाधन समरसेविल चलाकर पानी डालकर करीब एक घंटे में भीषण आग पर बमुश्किल काबू पाया।

घटना की सूचना पर अपने गांव से मौके पर पहुंचे खोखा स्वामी सब्जी विक्रेता बलराम सिंह ने एक नामजद युवक पर रंजिशन उसकी दुकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए बताया कि नामजद व्यक्ति पहले कई बार उसको दुकान बन्द करने के लिए धमका चुका था। उसी के द्वारा उसकी दुकान को आग के हवाले किया गया है। जिसके सम्बन्ध में उसने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। अग्नि पी?ित बलराम सिंह के अनुसार अग्निकांड में उसका 30 हजार रूपए कीमती लक?ी का खोखाए 10 हजार रूपए का लक?ी का टर्टरए प्लास्टिक की 15 किरेटए 20 हजार रूपए की सब्जियां आलूए टमाटरए गोभीए लहसुनए प्याजए पालकए अदरक आदि सब्जियां नष्ट हो गईं हैं। घटना की सूचना पर पुलिस और राजस्व विभाग टीम ने निरीक्षण कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### भाजपा अध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने एसआईआर गहन पुनरीक्षण

इटावा। जनपद में चल रहीं मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यालय पर एसआईआर जिला टोली व मॉनिटरिंग टीम की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर.बुंदेलखंड क्षेत्र से क्षेत्रीय महामंत्री व एसआईआर क्षेत्रीय संयोजक राम किशोर शाहू उपस्थित रहें।

एसआईआर क्षेत्रीय संयोजक राम किशोर शाहू ने भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के साथ सदर विधानसभा के इटावा द्वितीय मंडल अन्तर्गत नुमाइश चौराहा व प्रथम मंडल अन्तर्गत टिक्सी मंदिर पर लगें हेल्प डेस्क कैम्प में जाकर बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्रों को भरवाकर जमा करवाने का काम किया। क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को सशक्त और पारदर्शी बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि यह अभियान सिर्फ प्रशासनिक प्रक्रिया नहींए बल्कि पार्टी के संगठनात्मक दायित्व का भी हिस्सा है। कार्यक्रम में एसआईआर संयोजक कृपानारायण तिवारीए जिलामंत्री जितेंद्र गौ?ए रजत चौधरीए कोषाध्यक्ष संजीव भदौरियाए जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्यए जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ अलोक गुप्ताए मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगरए विवेक गुप्ताए सतेंद्र राजपूतए मुकेश यादवए अभिषेक मिश्राए बासु चौधरीए मोनू चौहानए जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्यए आई टी जिला प्रमुख शरद तिवारीए भाजयुमो जिलामंत्री अंकित सैनीए पूर्व जिलाउपाध्यक्ष जितेंद्र जैनए शिवम राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता व बीएलओ उपस्थित रहें।

**स्कोडा इंडिया ने 5 लाख गाड़ियों की बिक्री का माइलस्टोन हासिल किया**

**कानपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया भारत में अपनी ग्रोथ जारी रखे हुए है, भारत में अपनी एंट्री के बाद से 5 लाख यूनिट्स की बिक्री का लैंडमार्क पार कर लिया है। अपनी सिल्वर जुबली में ब्रैंड पहले ही कई मंथली, क्वार्टरली और एनुअल माइलस्टोन हासिल कर चुकी है और 2025 के आखिरी से पहले महीने में ब्रैंड ने देश में 5,491 यूनिट्स बेचीं, जो पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 90 प्रतिशत साल-दर-साल रिकॉर्ड ग्रोथ रहा। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा हमारा बढ़ता नेटवर्क, हमारी वैल्यू-ड्रिवन ओनरशिप ऑफरिंग और बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो मुख्य ड्राइविंग फोर्स रहे हैं, जिन्होंने हमारी 5 लाख लैंडमार्क सेल्स और हर महीने हमारी लगातार साल-दर-साल सेल्स ग्रोथ को बढ़ाया है। हम अपने प्रोडक्ट्स के साथ और अपने कस्टमर्स और अपने फैंस के करीब जाकर इस मोमेंटम को बनाए रखेंगे। स्कोडा ऑटो ने भारत में एक मजबूत सेडान लेगेसी के साथ खुद को स्थापित किया। 130 साल की ग्लोबल लेगेसी और भारत में 25 साल के इतिहास के साथ ऑक्टेविया ब्रैंड के लिए एक मजबूत लेगेसी रही है। अपनी 25वीं वर्षगाँठ पर ब्रैंड ने जो कई माइलस्टोन हासिल किए हैं, उनमें ऑक्टेविया रुपये की वापसी भी शामिल है, जो भारत की सबसे पसंदीदा गाड़ियों में से एक है। भारत को अलॉट की गई हर ऑक्टेविया यूनिट बुकिंग खुलने के 20 मिनट के अंदर बिक गई। कोडियाक जिसे पहली बार 2017 में भारत और दुनिया में पेश किया गया था।

### युवक ने खाया जहरए भर्ती

इकदिलए इटावा। किसी बात से छुब्ध होकर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गांव कांकरपुर के रहने वाले रूप सिंह 26 वर्षीय दीपक ने रविवार दोपहर बाद किसी बात छुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिग?ते देख परिजन लोग उसे बेहोशी की हालात में जिला अस्पताल ले गए।

# सरकार के समर्थन में आठवले मुखर, विपक्ष पर बरसे

## एसआईआर और आरक्षण के मसले पर रामदास आठवले ने विपक्ष पर लगाया देश को गुमराह करने का आरोप

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत के साथ ही वोट चोरी और एसआईआर के मसले पर भारी घमासान का माहौल दिखने और इस पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के कारण सदन की कार्रवाई बाधित होने के बीच सत्तारूढ़ एनडीए की घटक और भाजपा की सहयोगी आरपीआई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने विपक्ष को आड़े हाथों लेने में जरा भी कोताही नहीं बरती है। खास तौर से एसआईआर और आरक्षण जैसे मसलों पर विवाद खड़ा करने की कोशिशों पर बिफरते हुए आठवले ने सरकार की नीतियों का पुरजोर समर्थन किया है। आठवले के मुताबिक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर और आरक्षण के नाम पर गलत बयानबाजी करके जनता को गुमराह करने का काम सभी विपक्षी दल और खास तौर से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कर रहे हैं जिसे हर्गिज स्वीकार या बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने दोकूटूक शब्दों में विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा




है कि अपने राजनीतिक लाभ के लिए गलतबयानी करके सरकार को बदनाम करने से उन्हें बाज आना चाहिए क्योंकि देश इन मसलों की वास्तविक हकीकत को अच्छी तरह समझ रहा है। यही कारण है कि हालिया बिहार विधानसभा के चुनाव में मतदाताओं ने विपक्ष को सिरे से नकार दिया और एनडीए को फिर से सरकार बनाने के लिए प्रचंड जनादेश हासिल हुआ। आठवले ने केंद्र की मोदी सरकार के प्रति अपने समर्थन को अटूट करार देते हुए कहा है कि इस सरकार ने बीते ग्यारह सालों में देश को चहुंमुखी विकास की राह पर आगे बढ़ाया है जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। राजधानी दिल्ली स्थित न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित आरपीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए रामदास आठवले ने उक्त बातें कहीं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की नीति और नीयत के प्रति समूचे देश में लगातार बढ़ रहे विश्वास का उल्लेख करते हुए कहा कि विगत 11 वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने सभी वर्गों को न्याय देने का काम किया है। आठवले के अनुसार केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का ही परिणाम है कि पूरा देश अपने यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ बिहार विधानसभा चुनाव में बल्कि हर स्तर के चुनावों में एनडीए को लगातार मिल रही सफलता के लिए केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियों की बहुत बड़ी भूमिका है और खास तौर से किसान, मजदूर, दलित, अनुसूचित जाति व जनजाति के उत्थान के लिए चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रभाव पड़ा है। इस मौके पर आठवले ने आरपीआई को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने और देश भर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर दो करोड़ सक्रिय कार्यकर्ताओं का संगठन खड़ा करने का संकल्प व्यक्त करते हुए बताया कि आरपीआई को नागालैंड में हुए विधानसभा चुनाव में दो सीटें जीतने व मणिपुर राज्य में बेहतर प्रदर्शन के कारण पहले ही राज्य स्तरीय दल का दर्जा मिल चुका है। आठवले ने आश्वस्त किया कि आरपीआई अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वंचित वर्गों के न्याय के लिए अपना संघर्ष एवं समर्पण निरन्तर जारी रखेगी।

# वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 का छठवां दिन

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में चल रहे 69वें अखिल भारतीय रेलवे (पुरुष) वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 के छठवे दिन 01 दिसम्बर, 2025 को सेमीफाइनल मैच उत्तर रेलवे एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे के बीच खेले गये, जिसमें उत्तर ने एकतरफा मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी टीम दक्षिण पश्चिम रेलवे को पहले सेट में 25-21, दूसरे सेट में 25-23 तथा तीसरे सेट में 25-19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल का दूसरा मैच देर सायं तक पूर्व रेलवे एवं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के बीच खेला जा रहा था।

राष्ट्रीय स्तर की इस वालीबाल प्रतियोगिता को देखने हेतु भारी संख्या में वालीबाल प्रेमियों एवं खिलाड़ी सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



इस चैम्पियनशिप का फाइनल मैच 02 दिसम्बर, 2025 को अपराह्न 03.00 बजे उत्तर रेलवे एवं दूसरे सेमीफाइनल के विजेता टीमों के साथ खेला जायेगा तथा महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर विजेता एवं उपजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित करेंगे।

## जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के बच्चों ने स्काउट गाइड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जेएस जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्काउट गाइड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 19 वीं भारत स्काउट गाइड एवं डायमंड जुबली के कार्यक्रम में की मेजबानी इस वर्ष 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा दिया गया। अलग-अलग जिलों से आए भारत स्काउट गाइड में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और छात्र सम्मानित हुए और अपने जिले का नाम रोशन किया। यह कार्यक्रम 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया जिसका समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। जिले के मड़िहान क्षेत्र के जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के आठ छात्रों ने भारत स्काउट गाइड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। सभी बच्चे अपने स्कूल आने पर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर जगदीश सिंह पटेल एवं अध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक मिर्जापुर सोनभद्र के द्वारा बच्चों के भविष्य की कामना की।साथ ही उनका मनोबल बढ़ाया उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भावना से खेलना चाहिए। जिससे शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास होता है। विद्यालय के बच्चों के द्वारा इस प्रदर्शन से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अभिभावक भी इससे खुश नजर आए। इसके अलावा प्रधानाचार्य राम मिलन यादव ने बच्चों को उत्साह वर्धन के लिए माल्यार्पण किया और मिष्ठान खिलाकर खुशी व्यक्त की।

# गड़बड़ा शीतला धाम के शहरहवा मेला में डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने माथा टेका

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** विंध्य कैमूर के तलहटी में स्थित गड़बड़ा धाम के शहरवा मेला में सोमवार को डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने माँ शीतला के दरबार में मत्था टेकर दर्शन पूजन किया। गड़बड़ा धाम के बगल स्थित सेवटी नदी में स्नान करके पांच बजे भोर से हीं कतार में खडे हो गए। गड़बड़ा धाम के जयकारी से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। पांच बजे भोर से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला जो शाम तक चलता रहा। उल्लेखनीय है की गड़बड़ा शीतला धाम के दर्शन के लिए श्रद्धालु अपना डेरा जमा रखा था। दर्शन पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं ने जमकर गृह उपयोगी सामान की खरीदारी की हस्त्र निर्मित बांस की टोकरी एवं सौंदर्य प्रशाधन की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ डटी रही। मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई थीं जिसमें भूले भटके लोगो को उनके स्वजनों से मिलाया गया मेले में पॉकेट मारो उचक्को ने मध्य प्रदेश के हनुमना थाना क्षेत्र के सलाईया निवासी



विमता साकेत का मंगलसूत्र गले से खींच लिया। घटना की जानकारी होने पर तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय ने कंट्रोल रूम में लगे सीसी टीवी कैमरे का फुटेज दिखने का प्रयास किया गया किन्तु सीसी टीवी कैमरा न खुलने के कारण महिला श्रद्धालु को बिना मंगलसूत्र के बैरंग वापस जाना पड़ा। तहसीलदार लालगंज ने पीड़ित महिला से हलिया थाने में तहरीर देने का निर्देश दिया। वही सीसी टीवी कैमरा का फुटेज नहीं खुलने पर मंदिर ट्रस्ट के ज्ञान चंद्र शुक्ला व सुभाष चंद्र शुक्ला को बुलाकर सीसी टीवी कैमरा के फुटेज दिखाने के लिए कहा लेकिन ट्रस्ट के प्रबंधक द्वारा फुटेज नहीं दिखा पाने पर ट्रस्ट के प्रबंधक को तहसीलदार ने फटकार लगाई सुरक्षा व्यवस्था में मंदिर के निकास द्वार पर प्रभारी निरीक्षक लालगंज अभय कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ डटे रहे। मेले में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक गड़बडा राजेश कुमार मिश्रा,सहायक चकबंदी अधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 30 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 12565 में ट्रेन मैनेजर द्वारा घर से नाराज होकर जा रही 12 वर्ष की लड़की को लावारिस हालत में पाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 30 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 9 पर घर से नाराज होकर आयी 16 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 15079 में एक यात्री द्वारा 12 वर्ष के एक लड़के को लावारिस हालत में पाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 2 पर 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे, पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल चौकी हल्द्वानी को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 1 पर 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, हल्द्वानी को सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15010 में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे गोरखपुर पोस्ट पर जमा किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 30 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट औडिहार को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15014 में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे औडिहार पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोण्डा को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 75114 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे गोण्डा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के रिश्तेदार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 3 पर यात्री का छूटा एक ट्राली बैग मिला, जिसे सीवान पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के रिश्तेदार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त ट्राली बैग सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 15018 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट द्वारा यात्री का छूटा पिट्ठू बैग रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट वाराणसी सिटी पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त पिट्ठू बैग सुपुर्द किया गया।

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** विश्व एड्स दिवस पर मुसफ्फरगंज स्थित केबी कालेज में जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अलावा जागरूकता रैली निकाली गई। केबी कालेज से निकली रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस केबी कालेज पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में एनसीसी कैडेट और अन्य छात्रों ने एड्स व एचआईवी को लेकर जागरुकता तख्ती हाथ में लेकर चल रहे थे।

## वन दरोगा के मकान को चोरों ने खंगाला, 15 लाख की चोरी

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** चुनार में जीआरपी चौकी प्रभारी के बाद अब चोरों नेवन दरोगा के मकान को खंगाला है। बीती रात वन दरोगाके मकान सेचोरों ने 15 लाख रुपए का माल पर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन मेंजुट गई है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्रके उस्मानपुर मेंवन दरोगा अरुण कुमार तिवारी का आवास है। वेंपरिवार के साथ आजमगढ़ शादी समारोह मेंशामिल होनेगए थे।मकान मेंताला बंद था। रविवार की देर रात जब वन दरोगा अरुण वापस घर लौटे तो अंदर कमरों के तालेटूटे देख उनके होश उड़गए। बेटे के कमरे से बहू के आभूषण समेत नगदी गायब थे।उन्होंनेतत्काल मामलेकी सूचना पीआरवी को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। सोमवार की सुबह जब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी मिली तो मौके लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़ित दरोगा ने थाने में तहरीर दे दी है। बताया किनगदी समेत लगभग 15 लाख के आभूषण गायब हैं।

## किसान के दरवाजे पर रखा आठ बोरा धान चोरी

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के भीटी गांव में रविवार की रात चोरों ने एक किसान घर के बरामदे में रखा आठ बोरा धान चुरा ले गए। सुबह जब किसान की नींद खुली तो आठ बोरा धान गायब देख हैरान हो गया। उसने पहले परिवार के लोगों से जानकारी ली। जब किसी ने कुछ नहीं बताया। तब थाने पहुंच कर धान चोरी की तहरीर दे दी। क्षेत्र के भीटी गांव के किसान श्रीकांत ने बताया कि धान की मड़ाई करने के बाद 42 बोरा धान भरकर अपने घर के बरामदे में रखे हुए थे। रविवार की रात भोजन करनेके बाद सभी अपने कमरे में सो गए। इसी बीच चोरों ने बरामदे में रखा आठ बोरा धान लगभग चुरा ले गए। पीड़ित किसान को सोमवार को सुबह जब इसकी जानकारी हुई तो वह हैरान हो गया। किसान ने पहले परिवार के लोगों से इस संबंध में जानकारी ली। जब किसी ने कुछ भी नहीं बताया। तब वह थाने पहुंच कर धान चोरी की तहरीर दे दी। किसान का कहना हैकि इन दिनों नशेड़ी अब छोटी-छोटी चोरियों को भी अंजाम देने में लगेहै। पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है। वहीं चोरी के संबंध में राजगढ़ थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने अभिज्ञता जताई है।

## आभूषण की दुकान में दूसरी बार चोरी का असफल प्रयास, दुकानदार ने कार्रवाई की लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव निवासी आभूषण दुकानदार अतुल सोनी ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 25 नवंबर को घर  में स्थित मेरे प्रतिष्ठान अतुल ज्वेलर्स में चोरी हो गई थी। जिसकी सूचना थाने में दी गई चोरी का मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आजतक घटना का खुलासा नहीं कर सकी। बीती रात मेरे प्रतिष्ठान में पुनः अज्ञात चोरों द्वारा शटर तोड़कर चोरी की घटना का प्रयास किया गया जिससे मेरे परिवार और व्यापार को सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है जो अत्यंत चिंता का विषय है कि पहले शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे चोरों का मनोबल पुनः घटना कार्य करने के लिए बढ़ गया है।


**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार न्यायिक महोदय नर्वल कानपुर नगर
पुर्नस्थापन प्रार्थना पत्र सं०–सन् 2025
मूल वाद संख्या 1049 / 2023
सुनील पुत्र प्रेम नारायन तिवारी निवासी तिरमा तहसील नर्वल व जिला कानपुर नगर...वादी
बनाम–अशोक कुमार पुत्र लक्ष्मी नारायन निवासी ग्राम मिहौली पनहर जनपद औरैया...प्रतिवादी
धारा–34 उ०प्र०रा०सं० मौजा तिरमा, तह० नर्वल जिला कानपुर नगर।
आदेश दिनांक 12.02.2025
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 3 सपठित धारा–151 सी०पी०सी०
वादी ने आपके विरूद्ध धारा 34 उ. प्र. राजस्व संहिता बावत रेस्टोरेशन के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में वादोत्तर के लिए दिनांक 10.12.2025 को अगर जिस किसी को अपनी आपत्ति हो प्रेषित करें। अन्यथा वाद आपके विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 01.12.2025 को न्यायालय की मुद्रा व मोहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय तहसीलदार न्यायिक महोदय नर्वल कानपुर नगर

सी.आर.-1882/ K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय महोदय द्वितीय उन्नाव
मु.नं.–416 / 2025
दीप कमल झां **बनाम** अंशिता झां
धारा9 हि.वि.अधि.
दीप कमल झां पुत्र रघुनाथ झां निवासी बिन्दानगर, पोनीरोड, शुक्लागंज, थाना कोतवाली गंगाघाट जनपद उन्नाव.........वादी
बनाम–श्रीमती अंशिता झां पुत्री नवल किशोर झां पत्नी दीप कमल झां निवासिनी 115 / 375, आदर्शनगर मसवानपुर रावतपुर थाना कल्यानपुर, जनपद कानपुर नगर.....प्रतिवादिनी
चूकिं ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 05.02.2026 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 01.12.2025 ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-1882/ K-CN


## मुकदमा दर्ज होने के तीन माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के टटहाई रोड निवासी प्राची सोनी ने आरोप लगाया है कि उनके साथ और उनके पति गौरव सोनी उर्फ कृष्णा के साथ परिजनों द्वारा घर में लगातार दुर्व्यवहार किया जाता था। इसी प्रताड़ना के चलते उनके पति की संदिग्धावस्था में मृत्यु हो गई थी। थाना कोतवाली कटरा मिर्जापुर में महेश सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी, सुनीता सोनी पत्नी महेश सोनी, विजय सोनी उर्फ तनू सोनी के खिलाफथाना कटरा कोतवाली मुकेरी बजार मिर्जापुर में पुलिस ने 18 अगस्त 2025 को मुकदमा पंजीकृत किया था।


**सूचना**

मैने अपने पुत्र श्रीकान्त व पुत्रवधू दिव्या की बेजा हरकतो से तंगआकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उनके किसी भी कार्य व लेनदेन से मेरा कोई सरोकार ना होगा। राधेलाल पुत्र मूलचन्द्र नि. ग्रा. गंगागंज मजरा हाथीपुर पो. रूमा थाना महाराजपुर जि. कानपुर नगर।(33)

सी.आर.-1882/ K-33

**गोविन्दपुरी–अलीगढ़ जंक्शन फास्ट मेमू विशेष अनारक्षित रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 04189 / 04190 गोविन्दपुरी–अलीगढ़ जंक्शन फास्ट मेमू विशेष अनारक्षित रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:–

गाड़ी संख्या 04189/04190 गोविन्दपुरी-अलीगढ़ जं. फास्ट मेमू विशेष अनारक्षित रेलगाड़ी

| 04189 गोविन्दपुरी-अलीगढ़ जंक्शन | | | 04190 अलीगढ़ जंक्शन-गोविन्दपुरी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:20 | गोविन्दपुरी | 20:15 | ----- |
| 07:33 | 07:34 | पनकी धाम | 18:40 | 18:41 |
| 07:54 | 07:55 | रूरा | 18:10 | 18:11 |
| 08:14 | 08:15 | झींझक | 17:50 | 17:51 |
| 08:30 | 08:31 | फफूंद | 17:35 | 17:36 |
| 08:54 | 08:55 | भरथना | 17:10 | 17:12 |
| 09:10 | 09:12 | इटावा जंक्शन | 16:48 | 16:50 |
| 09:48 | 09:50 | शिकोहाबाद जंक्शन | 16:10 | 16:12 |
| 10:05 | 10:07 | फिरोजाबाद | 15:38 | 15:40 |
| 10:33 | 10:35 | टूण्डला जंक्शन | 15:15 | 15:17 |
| 10:55 | 10:57 | बरहन जंक्शन | 14:45 | 14:47 |
| 11:20 | 11:22 | हाथरस जंक्शन | 14:10 | 14:12 |
| 12:40 | ----- | अलीगढ़ जंक्शन | ----- | 13:40 |

• **गोविन्दपुरी से** - गाड़ी संख्या 04189 दिनांक 01.12.2025 से अगले आदेश तक (रविवार छोड़कर) • **अलीगढ़ जंक्शन से** - गाड़ी संख्या 04190 दिनांक 01.12.2025 से अगले आदेश तक (रविवार छोड़कर)

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 2316/25 (C)


# पूर्वोत्तर रेलवे पर मल्टीट्रैकिंग का कार्य तीव्र गति से जारी

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के अन्तर्गत मल्टी ट्रैकिंग का कार्य तेजी से चल

### मल्टीट्रैकिंग से लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समयपालन में सुधार

रहा है। इसी क्रम में छपरा ग्रामीण-बाराबंकी मुख्य रेल मार्ग पर तीसरी लाइन निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे पर अभी तक छपरा ग्रामीण-छपरा एवं कुसम्ही-डोमिनगढ़ रेल खण्डों में तीसरी लाइन कमीशन हो चुकी है। गोण्डा-बुढ़वल ( 61.72 किमी.) तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत गोण्डा कचहरी-घाघरा घाट ( 45.42 किमी.) तीसरी लाइन कमीशन हो चुकी है। इसके अगले चरण में घाघरा घाट-बुढ़वल तक तीसरी लाइन निर्माण, जिसमें घाघरा नदी पर महत्वपूर्ण पुल का निर्माण सम्मिलित है, पूर्ण कर लिया गया है। इस नव निर्मित तीसरी लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्व सर्किल 05 दिसम्बर, 2025 को निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात यह तीसरी लाइन कमीशन हो जायेगी। इससे लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा तथा जनआकांक्षाओं के अनुरूप अधिक गाड़ियों का संचलन किया जा सकेगा। गोण्डा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना को पूरा करने में कुल लागत 1117 करोड़ रूपये आयेगी। घाघरा घाट-चौकाघाट स्टेशनों के मध्य घाघरा नदी पर बना यह तीसरा महत्वपूर्ण पुल है। पहले पुल का कार्य वर्ष 1898 में घाघरा घाट-चौकाघाट मीटर गेज लाइन के निर्माण के साथ ही पूर्ण हुआ। इस पुल का नाम भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड एल्गिन के नाम पर एल्गिन ब्रिज पड़ा। इस पुल को 1981 में गोण्डा-बाराबंकी खण्ड के आमान परिवर्तन के दौरान बड़ी लाइन मानक के अनुरूप बनाया गया। दूसरे पुल का निर्माण घाघरा घाट-चौकाघाट खण्ड के दोहरीकरण के दौरान वर्ष 2012-13 में हुआ और इसकी ओपनिंग 14 अप्रैल, 2013 को हुई। तीसरा पुल कमीशनिंग के लिए तैयार है। इस पुल की लम्बाई 1037 मीटर है, जिसमें 17 स्पैन है। इस पुल का फाउंडेशन डबल लाइन के अनुरूप किया गया है, जिससे यहाँ चौथी लाइन निर्माण के समय चौथे पुल के लिए फाउंडेशन की आवश्यकता नही होगी, जिससे समय, संसाधन एवं धन की बचत होगी।

## औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05163/05164 औंड़िहार-सारनाथ-औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन 89 फेरों हेतु निम्नवत किया जायेगा।05163 औंड़िहार-सारनाथ डेमू विशेष गाड़ी 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन औंड़िहार से 12.35 बजे प्रस्थान कर सिधौना रामपुर हाल्ट से 12.43 बजे, रजवारी से 12.53 बजे तथा कादीपुर से 13.04 बजे छूटकर सारनाथ 13.20 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 05164 सारनाथ-औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन सारनाथ से 13.50 प्रस्थान कर कादीपुर से 14.02 बजे, रजवारी से 14.10 बजे तथा सिधौना रामपुर हाल्ट से 14.17 बजे छूटकर औंड़िहार 14.35 बजे पहुंचेगी।इस गाड़ी में 08 डेमू कोच लगाये जाते हैं।

## चार पहिया वाहन के चपेट में आने से बाइकसवार व्यक्ति हुआ घायल

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मार्ग लखनिया दरी मोड़ के पास पुलिया पर अचानक चार पहिया वाहन के चालक द्वारा गेट खोला गया जिससे बाइक सवार व्यक्ति बाबू गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता 56वर्ष गेट से टकराकर गिर पड़ा जिससे आई गंभीर चोटे वही सूचना मिलने के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस व वाहन स्वामी की मदद से अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

## शेख हसीना को एक और मामले में पांच साल की जेल

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को एक के बाद एक ताबड़तोड़ सजाएं सुनाई जा रही हैं। सोमवार को ढाका की विशेष अदालत ने प्लॉट घोटाले के एक मामले में शेख हसीना को 5 साल, उनकी छोटी बहन शेख रहाना को 7

### ■ बहन और भांजी को भी सजा

साल और ब्रिटेन की सांसद एवं उनकी भांजी ट्यूलिप सिद्दीकी को 2 साल कैद की सजा सुना दी। यह सजा हसीना परिवार के लिए एक और करारा झटका है, जिस पर पहले ही भ्रष्टाचार और मानवता के खिलाफ अपराधों में फांसी तक की सजा हो चुकी है। ढाका के विशेष न्यायाधीश-4 रबीउल आलम ने शेख हसीना को पुरबाचल इलाके में प्लॉट आवंटन धोखाधड़ी के मामले में यह सजा सुनाई। बांग्लादेश के दुराचार निरोधक



आयोग (एसीसी) ने जनवरी 2025 में शेख हसीना और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पुरबाचल में सरकारी प्लॉटों के कथित अवैध आवंटन के आरोप में कुल छह अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए थे। इससे पहले ढाका की एक अन्य अदालत ने शेख हसीना को तीन अलग-अलग प्लॉट धोखाधड़ी मामलों में 7-7 साल की सजा सुनाते हुए कुल 21 साल कैद की सजा सुनाई थी। इसी मामले में अदालत ने शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय को 5 साल कैद और 1 लाख टका जुर्माने की सजा सुनाई, जबकि उनकी बेटी साइमा वाजेद पुत्रुल को भी 5 साल कैद की सजा दी गई।

## चक्रवात दित्वाह : श्रीलंका में अब तक 334 मौतें

**कोलंबो।** श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते वहां के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (डीएमसी) के अनुसार, अब तक कम से कम 334 लोगों की मौत हो चुकी है और 370 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित जिला कैंडी है, जहां 88 मौतें और 150 लोग लापता हैं। इसके अलावा बादुला में 71, नुवारा एलिया में 68 और मटाले में 23 मौतें दर्ज की गई हैं। डीएमसी के मुताबिक, इस आपदा ने देश भर में 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोगों को प्रभावित किया है। इतना ही नहीं चक्रवात दित्वाह के कारण नदियों का जलस्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया, जिसके चलते पूरे शहर जलमग्न हो गए, बड़े पुल बह गए और कई महत्वपूर्ण इमारतें और सड़कें टूट गईं।

## 'संघर्ष रोकने का सुनहरा मौका खून-खराबा रोकना जरूरी'

**वॉशिंगटन।** तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष में स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। इसी बीच फ्लोरिडा

### ■ यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के बीच बोले ट्रंप

में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से जारी शांति वार्ताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने की अच्छी संभावना बन रही है। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि हालिया बातचीत सकारात्मक रही। ऐसे में इस युद्ध को खत्म करने के लिए यह एक अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि अब खून-खराबा



रोकना बहुत जरूरी हो गया है। टंप ने कहा कि बातचीत अच्छी चल रही है। हम चाहते हैं कि और लोग न मारे जाएं। यह मामला सीधे हमारे देश से जुड़ा नहीं, लेकिन अगर हम कई लोगों की जान बचा सकते हैं तो यह अच्छा होगा। उन्होंने दावा किया कि पिछले महीने युद्ध में 27,000 लोग मारे गए, और यह कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। ट्रंप ने इस बात पर भी जोर दिया कि यूक्रेन में भ्रष्टाचार की समस्या भी है, लेकिन फिर भी समझौते की संभावना मजबूत है। यूक्रेन की तरफ से यह बातचीत राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुसतेम उमेरोव की अगुवाई में हो रही है। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। यह बैठक उस समय हुई जब ज़ेलेंस्की के एक करीबी सहयोगी ने अपने घर पर छापे के बाद इस्तीफा दे दिया। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका उपयोगी तरीके से आगे बढ़ रहा है आने वाले दिनों में युद्ध को सम्मानजनक तरीके से खत्म करने के कदम तय किए जा सकते हैं।

## 'मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय, एक बेटे का नाम शेखर'

**वॉशिंगटन।** दिग्गज अरबपति और टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि उनकी पार्टनर शिवॉन

### ■ पॉडकास्ट में एलन मस्क का खुलासा

जिलिस आधी भारतीय हैं। निखिल कामत के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने ये भी बताया कि उनके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है। मस्क ने बताया कि ये नाम अमेरिकी भौतिकशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता सुब्रमण्यन चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है। पॉडकास्ट के दौरान



एलन मस्क ने कहा कि 'मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं, लेकिन मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय हैं। मेरे और उसके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है, जो चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है।' मस्क ने बताया कि उनकी पार्टनर शिवॉन जिलिस कनाडा में पली-बढ़ी हैं और जब वे एक छोटी बच्ची थीं, तब उन्हें गोद लिया गया था। शिवॉन जिलिस ने साल 2017 में मस्क की कंपनी न्यूरालिंक जॉइन की थी और वे फिलहाल कंपनी में डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस एंड स्पेशल प्रोजेक्ट्स के तौर पर काम कर रही हैं। शिवॉन ने येल यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और दर्शनशास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की है।

## मुनीर को सेना का सुप्रीम बनाने से बच रहे शहबाज!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुप्रीम यानी चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाने

### ■ सीडीएफ बनाने से पहले पाकिस्तानी पीएम बिना बताए लंदन निकले
### ■ दावा-जानबूझकर देरी कर रहे

की प्रोसेस अटक गई है। मुनीर को सीडीएफ बनाने के लिए 29 नवंबर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, लेकिन पीएम शहबाज शरीफ ने अब तक इसपर साइन नहीं किए हैं। इससे पहले ही शहबाज 26 नवंबर को



बहरीन चले गए थे, फिर 27 नवंबर को अनौपचारिक यात्रा पर लंदन रवाना हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़ें। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवंबर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुपर चीफ यानी सीडीएफ बनाया जाना था। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल जाती यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन जाते।

## एक नज़र

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** इंफाल में सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों समेत सात लोगों को जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कामजोंग जिले के फेकोह चौकी पर शुक्रवार को नियमित जांच के दौरान 57 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद किए जाने के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के अज्ञात उग्रवादी समूहों से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस के अनुसार, पीआरईपीएके (पीआरओ) के एक कार्यकर्ता को इंफाल पश्चिम जिले के खगेमपल्ली स्थित उसके आवास से रविवार को गिरफ्तार किया गया और वह चिकित्सकों, अस्पतालों, स्कूल वैन संघों, स्कूल, बेकरी, जिम तथा आम नागरिकों से जबरन वसूली करने में शामिल था। प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के दो सक्रिय सदस्यों को इम्फाल पूर्वी जिले के कांगला सिपाई और थौबल जिले के इंगोरोक से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तान में चार आतंकी ढेर, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक पुलिस जांच चौकी पर हमले के बाद हुई झड़प में कम से कम चार आतंकवादी और दो पुलिसकर्मी मारे गए। आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे मध्य कुर्रम जिले के चिनाराक क्षेत्र में एक पुलिस चौकी पर हमला किया, जिसके बाद हमलावरों और सुरक्षाकर्मियों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की, जिसमें चार आतंकवादी मारे गये तथा छह अन्य घायल हो गये। गोलीबारी में दो कांस्टेबल मारे गए, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

### हांगकांग त्रासदी : मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

**हांगकांग।** हांगकांग में पिछले हफ्ते लगी भीषण आग में कम से कम 146 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। इस बीच लोगों ने बड़ी संख्या में मदद आगे बढ़ाई है। ऐसे में अब तक करीब 900 मिलियन हांगकांग डॉलर (115 मिलियन यूएसडी) दान जमा हो चुका है। लेकिन जैसे-जैसे हादसे की जिम्मेदारी पर सवाल बढ़ रहे हैं, सरकार पर आलोचना रोकने के आरोप लग रहे हैं। आग से जले वांग फुक कोर्ट परिसर के बाहर बड़ी संख्या में लोग फूल, कार्ड और संदेश रखकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं स्थानीय निवासी कह रहे हैं यह समय एक-दूसरे की मदद का है।

### चीन में रिकॉर्ड 37 लाख लोगों ने दी सिविल सेवा की परीक्षा

**बीजिंग।** चीन में रविवार को 37 लाख से अधिक लोगों ने राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा दी। चीन में सिविल सेवा के लिए उम्र सीमा को 35 साल से अधिक बढ़ाने के बाद यह पहली राष्ट्रीय परीक्षा थी। यह रिकॉर्ड संख्या देश में बढ़ती बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों की मांग को दर्शाती है। राज्य संचालित समाचार एजेंसी ने बताया कि इस परीक्षा में औसतन प्रति सीट 98 आवेदक प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इन रिक्तियों में से लगभग 70 प्रतिशत कॉलेज के नए स्नातकों के लिए आरक्षित हैं।

### सीरिया में लोकतंत्र अभी दूर, पर सुधार अच्छा : एमनेस्टी

**दमिश्क।** गैर सरकारी वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल की महासचिव एग्नेस कैलामार्ड ने कहा है कि सीरिया में नई सरकार ने सुधारों और संक्रमणकालीन न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है, लेकिन लोकतंत्र की कमी अभी भी है। बशर असद की सरकार गिरने के एक साल बाद कैलामार्ड का कहना है कि कानूनी सुधार योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों का स्वागत होना सकारात्मक संकेत है।

### दहेज के लिए बहू को गला घोंट कर मार डाला

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के भोपा थाना क्षेत्र के कसोली गांव में दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने कथित तौर पर 28 वर्षीय विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीड़िता हिना को लंबे समय से दजेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। रविवार शाम को उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डी वाजपेयी ने पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के पति खुशनसीब, ससुर इंतजार, सास फरजाना और दो देवरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फरार हैं। वाजपेयी ने कहा कि आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम बनाई गई है।

## मलयेशिया के दूसरे बड़े राज्य सबा में हारे इब्राहिम

**कुआलालंपुर।** मलयेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को सबा राज्य चुनाव में बड़ा झटका लगा। यहां आए चुनावी नतीजों में उनके सहयोगी बुरी तरह हार गए। यह उनके लिए तीन वर्षों में सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा रही। देश के सबसे बड़े दूसरे और गरीब राज्य में अनवर की गठबंधन पार्टी पकातन हरापन (पीएच) ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ एक सीट जीती। इससे पहले उसके पास सबा में सात सीटें थीं। मलयेशिया विश्वविद्यालय में एक एसोसिएट प्रोफेसर ली कुओक तियुंग कहते हैं, सबा चुनाव के नतीजों से पता चलता है कि अनवर का गठबंधन बहुत बुरी तरह से हार गया।

## ट्रंप लंबे समय के लिए खत्म कर सकते हैं शरण देने की प्रणाली

**वॉशिंगटन।** बीते दिनों अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास हुए हमले के बाद ट्रंप प्रशासन ने जांच नियमों और सुरक्षा

### ■ अमेरिका में सख्त आव्रजन नीति लाने का भी इशारा

प्रक्रियाओं को और सख्त करने का फैसला किया है। इसके तहत अब ट्रंप की प्रशासन ने अमेरिका में आव्रजन (इमिग्रेशन) नीतियों को और कड़ा करने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वे शरण देने की प्रक्रिया को लंबे समय के लिए रोकना चाहते हैं। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कई ऐसे लोग देश में आ रहे हैं जिन्हें अमेरिका में नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी करने वाले अफगान नागरिक का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे लोग देश के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे लोगों को अमेरिका नहीं चाहते। इनमें से कई लोग ऐसे हैं जो अच्छे नहीं है। हमारे पास पहले से ही काफी समस्याएं हैं।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव : कई जिलों में मतदान टला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई ज़िलों में 25 से ज़्यादा नगर निगमों के चुनाव राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) द्वारा अस्वीकृत नामांकन पत्रों से संबंधित अपील प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताओं का पता चलने के बाद स्थगित कर दिए गए हैं। पहले 2 दिसंबर को होने वाले मतदान अब इन क्षेत्रों में 20 दिसंबर को होंगे। शेष सभी नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सुबह 7 : 30 बजे से शाम 5: 30 बजे तक जारी रहेगा। इन निकायों के परिणाम 3 दिसंबर को घोषित किए जाएँगे।

## भारत में इमरान की बहन के इंटरव्यू से खिसियाया पाक

### कहा, देश की बुराई करने पर शर्म आनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इमरान खान की बहन नोरीन खान नियाजी के भारतीय मीडिया को दिए इंटरव्यूज पर नाराजगी जताई है। तरार ने कहा कि नोरीन ने पाकिस्तान की छवि खराब की है, देश की बुराई करने वालों को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नोरीन ने भारत से जुड़े किसी मुद्दे जैसे कश्मीर या भारत में मुसलमानों की हालत पर कुछ नहीं कहा। तरार ने यह भी पूछा कि नोरीन ने भारतीय चैनल पर जाकर मोदी सरकार की बुराई क्यों नहीं की। नोरीन ने हाल ही में एकन्यूज एजेंसी से बात करते हुए पाकिस्तानी सेना चीफ आसिम मुनीर को तानाशाह बताया था। उन्होंने कहा था कि ट्रम्प ने हमारे देश के तानाशाह असीम मुनीर को अपना बहुत अच्छा दोस्त बताया था। असीम मुनीर अब बड़ी ताकत हैं। हालांकि पाकिस्तान में पहले भी तानाशाह आ चुके हैं और उनका अंजाम अच्छा नहीं हुआ।

## ऑस्ट्रियन इंफ्लूएंसर की हत्या, एक्स गिरफ्तार

**वियेना।** ऑस्ट्रिया की एक जानी मानी हस्ती पिछले काफी दिनों से लापता थी। परिजनों की शिकायत पर जब पुलिस ने छानबीन शुरू की, तो उसकी लाश स्लोवेनिया के जंगलों में सूटकेस के अंदर मिली। इस घटना से पूरे यूरोप में सनसनी फैल गई है। लाश की पहचान ऑस्ट्रिया की मशहूर इंफ्लूएंसर स्टेफनी पीपर के रूप में हुई है। 31 वर्षीय स्टेफनी की मौत से उनके फैंस को भी गहरा धक्का लगा है। इस हत्याकांड को स्टेफनी के पूर्व प्रेमी ने अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को एक पार्टी से घर लौटने के बाद स्टेफनी अचानक गायब हो गई थीं। 23 नवंबर की रात स्टेफनी ने अपनी एक दोस्त को मैसेज करते हुए बताया था कि वह सुरक्षित घर पहुंच चुकी हैं। इसके कुछ देर बाद ही स्टेफनी ने दूसरा मैसेज किया कि शायद उनके घर की सीढ़ियों में कोई छिपा है। स्टेफनी के पड़ोसियों ने बताया कि देर रात उनके घर से लड़ाई-झगड़े की आवाज आ रही थी। लोगों ने स्टेफनी के पूर्व प्रेमी को भी बिल्डिंग में देखा था। स्टेफनी के परिजन भी लाख कोशिशों के बाद उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे।

## भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंचा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का वर्तमान संकट इमरान खान बनाम सेना की लड़ाई से कहीं बड़ा है। अब सत्ता का दांव सिर्फ राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि सेना के संस्थागत प्रभुत्व, प्रांतों की क्षेत्रीय पहचान और अर्थव्यवस्था की बुनियादी जीवंतता से जुड़ चुका है। सैन्य रणनीति, जनसमर्थन का भूगोल और आर्थिक दिवालियापन एक दूसरे से टकराते हैं तो देश खतरनाक मायनों में पुनर्गठन के दौर में प्रवेश करता है। पाकिस्तान में भी यही हो रहा है। विद्रोह की सुलगती चिंगारी से वह भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंच चुका है।

पाकिस्तानी सेना की रणनीति का पूरा ढांचा इस बात पर केंद्रित है कि राष्ट्रीय नैरेटिव, विदेश नीति और आंतरिक सुरक्षा पर उसकी पकड़ बनी रहे। इमरान को सिर्फ सियासी चुनौती नहीं,

### ■ विद्रोह की सुलगती चिंगारी से अस्थिरता और आर्थिक दबाव बढ़ा

संस्थागत नियंत्रण के लिए खतरा माना जा रहा है। आंतरिक खुफिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि पहली बार प्रजातंत्र नहीं, सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जन-आंदोलन जैसी मानसिकता उभर रही है। सूचना नैरेटिव से लेकर मीडिया पर नियंत्रण, राजनीतिक नेतृत्व के पुनर्विन्यास की कोशिश और पीटीआई कैडर को संगठित विरोध से बिखरे विरोध की ओर धकेलने के सेना के दबाव से जनसमर्थन घटने के बजाय बढ़ रहा है। पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर ने नाम उजागर किए बिना कहा कि समस्या यह नहीं है कि इमरान लोकप्रिय हैं। समस्या यह है कि संस्थागत वैधता पहली बार लोकप्रिय वैधता से कमजोर महसूस की जा रही है। यह स्थिति सेना के लिए सामरिक खतरा है, न कि केवल राजनीतिक असुविधा। पुलिस-सेना की कार्रवाई के बावजूद पंजाब में पीटीआई के प्रति जनमत बरकरार है। खैबर पख्तूनख्वा में सेना और केंद्र के प्रति असंतोष ऐतिहासिक रूप से बढ़ रहा है। पीटीआई अब प्रांतीय पहचान के प्रतीक के रूप में बदल चुकी है। सिंध यानी कराची में इमरान के लिए भारी समर्थन, लेकिन ग्रामीण सिंध पीपीपी के पीछे परंपरागत रूप से मजबूती से खड़ा है। बलूचिस्तान का संकट अलग प्रकार का है। इमरान बनाम सेना की लड़ाई से ज्यादा बलूच अस्मिता बनाम इस्लामाबाद का टकराव प्रमुख है। साउथ एशिया पॉलिसी कंसोर्टियम का आकलन है कि केंद्र व सेना की शक्ति इस्लामाबाद रावलपिंडी कॉरिडोर में सिमटी हुई है, जबकि इमरान की लोकप्रियता भौगोलिक रूप से राष्ट्रव्यापी और जनसांख्यिक रूप से गहरी है।

## मेरी राह मेहनत व लगन से बनी है : शगुन पांडे



**मुंबई।** पॉपुलर शो 'सरू' इन दिनों दर्शकों के दिलों को जीत रहा है, खासकर सरू और वेद की खूबसूरत, और दिलचस्प लव स्टोरी की वजह से। लेकिन वेद बिरला की खामोश और दमदार मौजूदगी और गहरे जज़्बातों के पीछे एक और दिलचस्प कहानी चल रही है - उस एक्टर की, जिसने इस किरदार को इतने आत्मविश्वास और गहराई से निभाया है। शगुन पांडे बताते हैं कि ''वेद का सफर उनके करियर के सबसे चैलेंजिंग और खुद को बदल देने वाले दौरों में से एक रहा है। शगुन कहते हैं, ''लोगों को अक्सर लगता है कि टीवी एक्टर्स बस आते हैं और एक्टिंग करते हैं, लेकिन वेद को निभाने में मेरी पूरी लाइफस्टाइल बदल गई। 12 घंटे तक सेट पर रहने के बाद शूट से सीधा निकलकर दो घंटे के जिम सेशन में जाता हूं, क्योंकि इस काम की यही मांग है।'' एक्टर्स को लेकर लोगों में जो ग्लैमर वाली सोच रहती है, उसके उलट शगुन कहते हैं कि ''उनकी राह मेहनत, लगन और अनुशासन से बनी है, न कि किसी शॉर्टकट से। मैं कभी प्लान बी पर भरोसा नहीं करता। अनुशासन ही मेरी अलार्म घड़ी है - मेरा शरीर खुद बताता है कि कब उठकर काम करना है। लोग मुझे 'लकी' कहते हैं तो मैं मुस्कुरा देता हूं, क्योंकि वे मन में चल रही दुविधाओं, काम के लंबे घंटे और वो त्याग नहीं देखते।

## नए सफ़र को लेकर उत्साहित टीवी कलाकार!

साल 2025 एण्डटीवी के लिए नई एनर्जी और नए टैलेंट लेकर आया। एण्डटीवी चैनल के लोकप्रिय शोज़ में इस साल कई नए कलाकार जुड़े हैं। इनमें 'घरवाली पेड़वाली' में सावी के रूप में सीरत कपूर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में सोनू के रूप में संजय चौधरी और 'भाबीजी घर पर हैं' में मलखान के रूप में विपिन हीरो शामिल हैं। तीनों ही कलाकार अपने नए सफ़र को लेकर बेहद उत्साहित और आभारी हैं। 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रहीं सीरत कपूर कहती हैं, ''मैंने सोचा भी नहीं था कि 2025 मेरे लिए इतना बड़ा सरप्राइज़ लेकर आएगा। सावी का जीवंत किरदार निभाना मेरे लिए खुशी की बात है।'' इधर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में सोनू का किरदार निभा रहे संजय चौधरी ने कहा ''इस लोकप्रिय शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। मलाइका को लेकर उसकी दीवानगी कहानी में एक प्यारा और नया एंगल लाती है जिसे एक्स्प्लोर करने के लिए मैं उत्साहित हूं।'' उधर, 'भाबीजी घर



पर हैं' में मलखान का किरदार निभा रहे विपिन हीरो कहते हैं, '''भाबीजी घर पर हैं' से जुड़ना मेरे लिए दूसरी बड़ी शुरुआत जैसा है। मैं कोशिश करूंगा कि किरदार की असलियत को बनाए रखते हुए उसमें अपनी ताज़गी जोड़ सकूं।'' गौरतलब है कि एण्डटीवी पर 'हप्पू की उलटन पलटन' रात दस बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात साढ़े दस बजे सोमवार से शुक्रवार प्रसारित है। 'घरवाली पेड़वाली' शो का प्रसारण जल्द ही प्रारंभ होने वाला है।

## खालिदा जिया की हालत अब भी गंभीर

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की सेहत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि 80 वर्षीय जिया की स्वास्थ्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। खालिदा जिया को 23 नवंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें छाती में संक्रमण हुआ था, जिससे उनके हृदय और फेफड़ों पर असर पड़ा। चार दिन बाद उनकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के बिगड़ने के कारण उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में शिफ्ट किया गया। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़वी ने रविवार को बताया कि डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी स्थिति और बिगड़ी नहीं है, लेकिन बहुत सुधार भी नहीं हुआ।

बाजार दर्पण







